जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल, 2026

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री


## माननीय प्रधानमंत्री
## श्री नरेन्द्र मोदी जी
का
## हार्दिक आभार



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

# राजस्थान को दो बड़ी सौगात

## पचपदरा रिफाइनरी (एचआरआरएल)
## ₹79,459 करोड़



26% से अधिक पेट्रोकेमिकल उत्पाद
25,000 युवाओं को रोजगार

राजस्थान संवाद

## जयपुर मेट्रो फेज-2 - ₹13,037 करोड़

(प्रहलादपुरा से टोडी मोड़) 41 कि.मी. I 36 स्टेशन




टोडी मोड़ • हरमाड़ा घाटी • हरमाड़ा • वी के आई ए (रोड नं. 14) • वी के आई ए (रोड नं. 9) • वी के आई ए (रोड नं. 5) • विद्याधर नगर • विद्याधर नगर सेक्टर-2 • चौमूं पुलिया • अंबाबाड़ी • पानीपेच • कलेक्ट्रेट • खासा कोठी सर्किल (फेज़- 1) • खासा कोठी सर्किल (फेज़- 2) • गवर्नमेंट हॉस्टल • अशोक मार्ग • एस एम एस अस्पताल • नारायण सिंह सर्किल • रामबाग सर्किल • नेहरू पैलेस • गांधीनगर स्टेशन • गोपालपुरा • दुर्गापुरा • बी-2 बाईपास सर्किल • जयपुर एयरपोर्ट • सांगानेर • पिंजरापोल गौशाला • हल्दीघाटी गेट • कुंभा मार्ग • जेईसीसी • सीतापुरा • गोनेर मोड़ • बीलवा • बीलवा कलां • मानपुरा • प्रहलादपुरा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

## विचार बिन्दु

**सब इंद्रियों को वश में रखकर सर्वत्र समत्व का पालन करके जो दृढ़-अचल और अचिन्त्य, सर्वव्यापी, स्वर्णीय, अविनाशी स्वरुप की उपासना करते हैं, वे सब प्राणियों के हित में लगे हुए मुझे ही पाते हैं। –भगवान कृष्ण**

# पौधारोपण अभियान में प्रत्येक नागरिक को निभानी होगी जिम्मेदारी

राज्य में 2028 तक 50 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आगे बढ़ रहे हैं। हांलाकि विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से प्रदेश में पौधारोपण अभियान की शुरुआत होगी और जुलाई, अगस्त और सितबर माह में मानसून के दौरान व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान को अमली जामा पहनाया जाएगा। यह अच्छी बात है कि मानसून के दौरान 10 करोड़ पौधे लगाने के बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार अभी से मिशन मोड़ पर आ गई है और सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अप्रेल माह के शुरुआत में ही संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर सरकार की मंशा स्पष्ट कर दी है।

पौधारोपण अभियान दरअसल राज्य सरकार के हरियालों राजस्थान अभियान का हिस्सा है। पर्याव्वरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से बचाव के लिए पौधारोपण समय की मांग है। राज्य सरकार गत वर्ष भी पौधारोपण हरियालो राजस्थान संचालित किया गया था और सात करोड़ पौधारोपण के लक्ष्य की तुलना में 7 करोड़ 22 लाख पौधे लगाये गये। देखा जाए तो यह कार्यक्रम अकेले किसी एक विभाग का कार्यक्रम नहीं है। वन विभाग अवश्य इसका नोडल विभाग है पर पौधारोपण के इस अभियान को सफल बनाने में प्रदेश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व हो जाता है। इसके साथ ही वन, कृषि व संबंधित विभाग, स्कूल, पंचायत, खान, पीएचईडी सहित सभी विभागों का दायित्व हो जाता है कि अभियान की कामयाबी में अपनी भूमिका तय करें। अभियान की तैयारियां आरंभ कर दी गई है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अभियान के तहत राज्य के सभी जिलों में नमो नर्सरी तैयार करने को कहा है तो शहरों और गांव के आसपास की खाली जमीन, सड़क किनारे रेल्वे लाइन के किनारे–किनारे सहित परिसरों में नमो वन लगाने का संदेश दिया है। इसके साथ की आदिवासी जिलों में चंदन वन लगाने पर जोर दिया है। नमो नर्सरी में हाई टेक तकनीक के आधार पर गुणवत्तायुक्त पौधे तैयार किये जाएंगे। नमो नर्सरियों में ग्रीन हाउस, कोकोपीट और हाईटेक ट्रे आदि आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए पौध तैयार करने को कहा गया है। इसी तरह से पचांयत समिति स्तर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वड़े स्तर पर वृक्षारोपण करते हुए क्षेत्र में हरित जोन विकसित किये जाएंगे।

> **राज्य सरकार गत वर्ष भी पौधारोपण 'हरियालो राजस्थान' संचालित किया गया था और सात करोड़ पौधारोपण के लक्ष्य की तुलना में 7 करोड़ 22 लाख पौधे लगाये गये। देखा जाए तो यह कार्यक्रम अकेले किसी एक विभाग का कार्यक्रम नहीं है। वन विभाग अवश्य इसका नोडल विभाग है पर पौधारोपण के इस अभियान को सफल बनाने में प्रदेश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व हो जाता है। इसके साथ ही वन, कृषि व संबंधित विभाग, स्कूल, पंचायत, खान, पीएचईडी सहित सभी विभागों का दायित्व हो जाता है कि अभियान की कामयाबी में अपनी भूमिका तय करें।**

समूचे विश्व में जो पर्यावरण को लेकर जो हालात चल रहे हैं और जिस तरह से मौसम बदलाव ले रहा है और बेमौसम बरसात, बेमौसम सर्दी, बेमौसम गर्मी और ऋतु चक्र के जो हालात बदलते दिख रहे हैं उन हालातों में देश दुनिया का पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय होना जरुरी हो गया है। प्रकृति से खिलवाड़ करते हुए दुनिया समाज ने बहुत कुछ खो दिया है। विकास के नाम पर पेड़ो की अंधाधुध बली चढ़ाई जाती रही है। शहरीकरण के चलते गांवों के नष्ट होते जा रहे हैं। जंगल कम होते जा रहे हैं। इस सबसे जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभाव देखने में आ रहा है। हालात यह होते जा रहे हैं कि शहरों की गगनचुंबी इमारतों के चलते धूप सेवन दूर की बात होता जा रहा है। प्रकृति प्रदत्त स्वास्थ के लिए लाभकारी हवा पानी तक धूषित हो गए हैं। अत्यधिक सुविधाजनक होने से वायुमंडल की गर्मी बढ़ती ही जा रही है। घरों से एक हद तक कूलर तक का स्थान एसी लेने लगे है और गांव हो या कोई भी छोटा–बड़ा शहर या महानगर वायुमंडल पर नकारात्मक असर ड़ालने वाले उत्पाद आम हो गए हैं। शुद्ध हवा, शुद्ध पानी के लिए आज तरसने लगे हैं। ऐसे में संरक्षण की सामूहिक जिम्मेदारी हो जाती है। इसके लिए फेंसिंग, पौधे लगाने के लिए गड़डे तैयार करने के साथ ही अन्य तैयारियां पूरी करने के लिए पर्याप्त समय है और तीन माह के इस समय में संबंधित विभागों को इसकी तैयारी कर लेनी होगी।

हरियालो राजस्थान के तहत जहां 10 करोड़ पौधे लगाना एक बड़ा और महत्वाकांक्षी लक्ष्य हैं पर इस राज्य सरकार की ईच्छा शक्ति को देखते हुए इस लक्ष्य को अर्जित करना कोई मुश्किल भरा काम भी नहीं होगा। चूंकि जल, जंगल और पर्यावरण को बचाना समूचे मानव समाज की जिम्मेदारी है ऐसे में पौधारोपण के इस पुनित कार्य में प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका तय करनी होगी। सबसे अच्छी बात यह है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हरियालो राजस्थान अभियान को केवल पौधारोपण तक ही सीमित नहीं रखा है अपितु लगाये जाने वाले पौधे के संरक्षण की जिम्मेदारी भी तय की है। ऐसे में 2028 तक 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा होना ही है और इसका प्रकृति और पर्यावरण दोनों पर सकारात्मक प्रभाव आने वाले सालों में देखने को मिलेगा। सरकार के साथ ही गैरसरकारी संस्थाओं और प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को इस अभियान में अपनी भूमिका निभानी होगी।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल शुक्रवार 10 अप्रैल, 2026



पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2083, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र दिन 11:28 तक, शिव योग सायं 6:30 तक, बालव करण दिन 10:18 तक, चन्द्रमा सायं 6:04 से मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मीन, चन्द्रमा–धनु, मंगल–मीन, बुध–कुम्भ, गुरू–मिथुन, शुक्र–मेष, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह

आज शीतलाअष्टमी बूढ़ा बास्योड़ा, कालाष्टमी है। आज बुध मीन में रात्रि 11:13 से प्रवेश करेगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:46 तक, लाभ–अमृत 7:46 से 10:54 तक, शुभ 12:28 से 2:02 तक, चर 5:10 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:11, सूर्यास्त 6:45

**मेष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**वृष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। मित्रों/रिश्तेदारों से मतभेद हो सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

**मिथुन**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा, उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियां दूर होने लगेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कन्या**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक यात्रा संभव है। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में महत्वपूर्ण परामर्श मिलेगा।

**धनु**
व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।


**मकर**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कुंभ**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# होम्योपैथिक चिकित्सा प्रणाली में प्रचलित भ्रांतियां एवं वास्तविक तथ्य

## होम्योपैथी के जनक, भीष्म पितामह व पुरोधा हैनिमेन जी की 271वीं जयंती पर होम्योपैथी पर विशेष



प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना

10 अप्रेल विश्व हौम्योपैथिक दिवस के अवसर पर वरिष्ठ होम्योपैथ प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना जो कि वर्तमान में स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में वरिष्ठ आचार्य हैं, ने होम्योपैथिक चिकित्सा प्रणाली के मिथक, गलतफ़हमिया, भ्रांतियां, वहम्, संदेह तथा वास्तविक तथ्यों पर सविस्तार व सकारात्मक रूप से अवगत कराया तथा प्रकाश डाला।

होम्योपैथिक चिकित्सा प्रणाली के भीष्मपितामह, मील के पत्थर व जनक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सेमुअल हैनीमेन जी की 271वीं जयंती, सम्पूर्ण होम्योपैथिक जगत में विश्व होम्योपैथिक दिवस के रूप में मनायी जा रही है। ये एक सर्व कालिक, सुग्राही, जानीमानी व सम्पूर्ण तथा मशहुर चिकित्सा पद्धति है जो की आज के समय में किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं, जिसने पूरे विश्व में कोरोना काल की विषम व दुरूह परिस्थितियों में भी अपनी सफलता का डंका बजवाया, परचम फहराया व लोहा मनवाया है। यद्धपि होम्योपैथी एक स्थायी, सुरक्षित, सम्पूर्ण व पूर्णतया भरोसेमंद चिकित्सा पद्धति है व पूरे विश्व में लगभग 81 देशों के 50 करोड़ से ज्यादा लोग इस पर भरोसा करते हैं व इसे आम आदमी की चिकित्सा पद्धति कहा जाता है जो सहज, सरल व सस्ती होने के साथ–साथ जीवन दायिनी व संजीवनी भी है। सामान्यत: इसका कोई भी दुष्कर व विपरीत प्रभाव नहीं होता तथा रोगी द्वारा बताई गई बीमारी व लक्षणों के इतिहास व रोग को जान कर उसका सफलता पूर्वक इलाज किया जाता है जो कि, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गो, गर्भवती महिलाओं, शिशुओं व युवाओं पर कारगर है व शल्य चिकित्सा की कई गम्भीर बीमारियों में भी कारगर हैं। होम्योपैथी ऐसी बीमारीयों व लक्षणों का विशेष रूप से ईलाज करने में सहायक है जिनका मूल कारण अज्ञात होता है। होम्योपैथी किसी रोग का नहीं बल्कि सम्पूर्ण रोगी का ईलाज करती है।

मरीज के गुण, अवगुणों व लक्षणों को प्रधानता दी जाती है। होम्योपैथिक चिकित्सा प्रणाली ने सम्पूर्ण चिकित्सा के क्षेत्र में सफलतापूर्वक अपनी एक विशिष्ट, अलग व मजबूत पहचान बना ली है। ये पद्धति पूर्णत सत्यता पर आधारित है व बहुत अच्छे सफलता के अनुभव करवाती है तथा कुशल, प्रशिक्षित व पंजीकृत चिकित्सक से ईलाज करवाने पर मरीज को पूर्ण रूप से व जड़ से बीमारी से स्थायी छुटकारा मिल जाता है तथा आज भी सस्ती व हानि रहित होम्योपैथी चिकित्सा प्रणाली जरूरतमंदो, गरीबों व असहायों के लिए रामबाण व वरदान साबित हुई है। विगत लगभग 229 वर्षो से ये सर्वत्र सफलता पूर्वक आज के आधुनिक युग में अपना प्रचार–प्रसार कर रही है मगर इसके इतर आज भी इस पद्धति के लिए कई मिथक, भ्रांतियाँ, गलतफ़हमिया, संदेह व उपजे प्रश्नचिन्हों के बारे में विस्तार पूर्वक व तथ्यपरक तथा सच्चाई से रूबरू करवाया, जो इस प्रकार है :–

**1.भ्रान्ति :–** होम्योपैथिक चिकित्सा के मध्य में रोगी विशेष परिस्थितियों व आपातकाल में दूसरी पद्धतियों व उनकी औषधियों का सेवन नहीं कर सकता?

**तथ्य :–** विशेष परिस्थितियों व आपातकाल में मरीज दूसरी पद्धतियों को व उनकी औषधियों को अपना सकता है व तदुपरांत पुनः होम्योपैथिक चिकित्सा आरम्भ कर सकता है व कुछ विशेष किस्म के मरीजों में तो दो–तीन पैथी की दवाईयां एक साथ चल सकती हैं।

**2. भ्रान्ति:–** होम्योपैथी/होम्योपैथिक चिकित्सक पहले रोग बढ़ाते है व फिर ठीक करतें हैं?

**तथ्य:–** सामान्यतः हर केस में ऐसा नहीं होता, मरीज कई बार पुराने कई रोगों के साथ दूसरी विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों से परेशान होकर आता है, अतः कभी बीमारियों व विशेषकर त्वचा जनित बीमारीयों में रोग व लक्षण दब जातें हैं व सुसुप्त व छिपी हुई अवस्था में चले जाते हैं तो ईलाज के दौरान कई बार दबे हुए/छिपे हुए लक्षण पुनः अपने आप उभर आतें हैं, मगर उनके पूर्णतया निकल जाने के बाद व होम्योपैथिक इलाज से रोगी पूर्णतया ठीक हो जाता है।

**3. भ्रान्ति :–** होम्योपैथी में बहुत ज्यादा परहेज करना पड़ता है ?

**तथ्य :–** मुख्य परहेज इसमें बीमारी का व रोगानुसार बताया जाता है ना की विशेष व सम्पूर्ण चीजों का, होम्योपैथिक दवाईयां जीभ के द्वारा अवशोषित होती है इसलिए मुख्य परहेज सिर्फ ये है कि हर डोज/दवाई के सेवन के समय से 10 मिनट पूर्व व 10 मिनट पश्चात् मुँह व जीभ का साफ होना अत्यावश्यक है।

**4. भ्रान्ति:–** शर्करा/मधुमेह के मरीजों को होम्योपैथिक दवाईयां नही लेनी चाहिये?

**तथ्य:–** इन छोटी–छोटी गोलियों में शक्कर की मात्रा, काफी कम व अल्पतम के बराबर होती है फलस्वरूप कोई नुकसान नहीं होता फिर भी विशेष परिस्थितियों में ऐसे मरीजों को दवाई तरल अवस्था/ मात्र द्रव को पानी में मिलाकर दिया जाता है।

**5. भ्रान्ति:–** होम्योपैथिक दवाईयां शराब/एल्कोहल से बनायी जाती है?

**तथ्य:–** दवाईयां उदासीन, निष्क्रिय व अक्रियाशील एल्कोहल की अल्पमात्रा से बनायी जाती हैं व शक्तिकृत की जाती हैं जिसमें एल्कोहल का प्रभाव खत्म हो जाता है जो कि पूर्णतया हानि रहित होता है।

**6. भ्रान्ति:–** होम्योपैथी सिर्फ मरीज व चिकित्सक के भरोसे व विश्वास पर कार्य करती हैं इसका कोई वैज्ञानिक आधार या प्रमाणीकरण नहीं है?

**तथ्य:–** यह पूर्णरूपेण भ्रामक व असत्य है क्योंकि ये ही एक मात्र पद्धति है जिसमें सभी होम्योपैथिक दवाईयों का प्रयोग व परीक्षण, स्वस्थ मनुष्यों पर करके उनसे प्राप्त लक्षणों को इस चिकित्सा का आधार बनाया जाता है व परीक्षण हर आयु व वर्ग के नर व नारी पर किया जाता है, ना कि जानवरों या पशु पक्षियों पर।

**7. भ्रान्ति :–** होम्योपैथिक चिकित्सक, देसी दवाई देने वाले, नीम हकीम व अप्रिशिक्षित होते हैं ?

**तथ्य :–** इस क्षेत्र में लगभग 280 से अधिक मान्यता प्राप्त कॉलेज संचालित हैं जिसमें क्रमशः भारत के स्नातक (बी.एच.एम.एस.ए5.5 वर्षीय पाठ्यक्रम) एवं स्नातकोत्तर (3 वर्षीय पी.जी./एम.डी.पाठ्यक्रम) व पीएच.डी. पाठ्यक्रम भी सफलतापूर्वक चल रहें है तथा देश में लगभग साड़े तीन लाख से ज्यादा प्रशिक्षित व सुशिक्षित होम्योपैथिक पंजीकृत चिकित्सक कटिबद्धता से कार्य कर रहें है तथा राज्यों व केन्द्र में सभी राजकीय चिकित्साल्यों में इन्हीं चिकित्सकों द्वारा मरीजों का सफलतापूर्वक ईलाज किया जाता है।

**8. भ्रान्ति:–** ये देसी दवाईयां होती है?

**तथ्य:–** ये पूर्णतया प्रमाणिक दवाईयां होती है जो स्वस्थ्य मनुष्यों पर प्रमाणिक है व उन पर प्रूव/सिद्ध की जाती हैं व दवाईयों का प्रमाणीकरण होने के पश्चात ही उन्हें प्रयोग में लाया जाता है।

**9. भ्रान्ति :–** दवाई बहुत धीमें व देरी से असर करती है ?

**तथ्य :–** ऐसा नहीं है सभी लक्षणों की यदि सही पहचान कर ली जाये तो गोली, गोली की तरह काम करती है व इसमें मरीजों से प्राप्त लक्षणों के आधार पर दवायी दी जाती है बस लक्षण की सही पहचान व दवाई का सही चयन होना चाहिए।

**10. भ्रान्ति:–** होम्योपैथिक दवाईया बहुत धीरे–धीरे काम/असर करती हैं?

**तथ्य:–** ऐसा कदापि नहीं है। क्योंकि ज्यातर बीमारीयों में रोगी होम्योपैथिक चिकित्सक के पास पुरानी/असाध्य व कई बीमारीयों में लंबे इतिहास के साथ उपचार के लिए आता है, अतएव उसके इलाज में काफी अधिक समय लगता है व कई बीमारीयों में तो दूसरी पैथी की दवाईयों के दुष्प्रभाव को भी हटाना पड़ता है अतः समय लगना स्वभाविक है। कई त्वरित/शीघ्र बीमारियों जैसे– खांसी, सर्दी, जुकाम, बुखार, एलर्जी, पेटदर्द, सिरदर्द, पित्ती, त्वचा जनित बीमारियों में तुरंत, त्वरित व शीघ्र असर दिखता है।

**11.भ्रान्ति:–** सभी होम्योपैथिक दवाईयां मीठी, सफेद व एक समान होती है?

**तथ्य:–** बिल्कुल नहीं, गोलियां, तरल अवस्था व और भी दूसरी अवस्थाओं में मिलती हैं जो कि कुछ में देखने में समान हो सकती हैं मगर इस पद्धति में प्रत्येक रोगी के लिए उसकी दवाई का चयन उसके रोग के आधार पर ना होकर उसके लक्षणों, स्वभाव व व्यक्तित्व के आधार पर किया जाता है। हर मरीज का व्यक्तित्व अलग होता है अतः समान रोग निदान होने पर भी हर एक रोगी की दवाई भिन्न–भिन्न होती हैं अतः किसी भी एक रोगी की दवाई दूसरे रोगी को बिना होम्योपैथिक चिकित्सक के व चिकित्सकीय परामर्श के बिना नहीं लेनी चाहिये।


**12. भ्रान्ति:–** मरीज का इलाज काफी लम्बा चलता है?

**तथ्य:–**मरीज व केस यदि काफी पुराना हो व कई पद्धतियों के दुष्प्रभाव से गुजर कर मरीज आया है व कई बीमारियां यदि एक साथ हों तो कुछ मरीजों व विशेष परिस्थितियों में ऐसा होना संभव है।

**13. भ्रान्ति :–** होम्योपैथिक दवाईयां चमत्कारिक व जादुई होती है तथा हरेक रोग को ठीक कर सकती है ?

**तथ्य :–** यह तथ्य सही नहीं हैं सभी दुसरी पद्धति की तरह इसकी भी अपनी सीमाएं हैं। जब किसी बीमारी में मरीज होम्योपैथिक दवाई से ठीक नहीं होता तब उसे ऐसी विशेष परिस्थिति व बीमारी में दूसरी चिकित्सा पद्धति का भी सहारा लेना पड़ सकता है।

**14. भ्रान्ति :–** रोगी को होम्योपैथिक दवाई ज्यादा मात्रा में व बार–बार लेनी पड़ती है ?



होम्योपैथी के जनक सेमुअल क्रिश्चियन फ्रेडरिक हैनीमेन

**तथ्य :–** सर्वथा गलत है, रोगी को पूर्णतया स्वस्थ होने के लिए बीमारी के अनुसार, पंजीकृत, सुशिक्षित व प्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा अनुकूल मात्रा में व जरूरत के हिसाब से आवश्यक दवाईयाँ दी जाती हैं।

**15. भ्रान्ति:–** गंभीर व अतिगंभीर रोगो का इलाज नहीं है?

**तथ्य:–** ट्रोमा–सर्जरी, एक्सीडेंट व अपातकालीन परीस्थितियों के संदर्भ में कोई दूसरी पद्धति हो सकता है ज्यादा कारगर हो मगर गंभीर बीमारीयों के ईलाज में होम्योपैथी भी काफी अच्छा असर दिखाती है। यह त्वचा, फेंफड़े, जोड़ो, पथरी, अस्थमा व ऑटो इम्यून डिसऑर्डर जैसी बीमारीयां तथा इन जैसी कई अन्य बीमारीयों में भी काफी उपयोगी व सफल सिद्ध हुई है।

**16. भ्रान्ति :–** होम्योपैथी की हिन्दी व अंग्रेजी की दवाईयों की किताब पढ़कर के मरीज का ईलाज किया जा सकता है ?

**तथ्य :–** यह सर्वथा झूठ व गैर कानूनी है, होम्योपैथी का सम्पूर्ण कोर्स अंग्रेजी भाषा माध्यम द्वारा ही उत्तीर्ण किया जाता है, इसके लिए प्रशिक्षित, उपाधिधारी व परीषद् तथा मंडल द्वारा पंजीकृत चिकित्सक होना जरूरी है।

**17. भ्रान्ति :–** यह छोटी–छोटी मीठी सफेद साबुदाने जैसी गोलियां है तथा कुछ भी असर नहीं करती है ?

**तथ्य :–**ये गोलियां निष्क्रिय व निष्क्रियाशील एल्कोहल द्वारा बनायी जाती है फलस्वरूप ये एक त्वरित चालक व क्रियाशील वाहक की तरह काम करती हैं। इन सफेद गोलियों को लेने से दवाई जीभ के नीचे अवशोषित होकर शरीर में पहुँचती है तथा शीघ्रातीशीघ्र अपना कार्य शुरू कर देती है। व इन गोलियों को इसी निष्क्रिय एल्कोहल द्वारा आवश्यकतानुसार शक्तिकृत / शक्तिवर्धक किया जाता है।

**–प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना,**
**आचार्य, वरिष्ठ होम्योपैथ,**
**स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेन्टर, जयपुर।**

# नवकार महामंत्र समाज में शांति, समृद्धि एवं सुरक्षा का संदेश देता है : राज्यपाल बागड़े

**■ विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर जनसमूह ने नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया**




**राज्यपाल बागड़े ने भीलवाड़ा में आयोजित विश्व नवकार महामंत्र दिवस समारोह को संबोधित किया।**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। नवकार महामंत्र किसी एक व्यक्ति विशेष की स्तुति नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में रची–बसी आत्मशुद्धि, आस्था एवं साधना का प्रतीक है। यह मानव को भीतर से सशक्त बनाकर उसे उच्चतर जीवन मूल्यों की ओर अग्रसर करता है। यह विचार राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने गुरुवार को जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा मेडिसिटी ग्राउण्ड, भीलवाड़ा में आयोजित विश्व नवकार महामंत्र दिवस समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

इस दौरान राज्यपाल बागड़े ने कहा कि नवकार महामंत्र विश्व के प्राचीनतम एवं पावन मंत्रों में से एक है, जो अहिंसा, अपरिग्रह एवं अनेकांतवाद जैसे सिद्धांतों पर आधारित है। यह मंत्र न केवल आध्यात्मिक उन्नित का मार्ग प्रशस्त करता है, बल्कि समाज में शांति, समृद्धि एवं सुरक्षा का भी संदेश देता है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में इसकी प्रासंगिकता और भी अधिक बढ़ गई है। राज्यपाल बागड़े ने जैन धर्म की महान परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि तीर्थंकरों ने क्रोध, मोह एवं द्वेष जैसे आंतरिक शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर आत्मज्ञान एवं मोक्ष का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने आव्हान किया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में इन विकारों का त्याग कर आत्मोन्नित की दिशा में अग्रसर हो। कार्यक्रम में मंच पर गौतम दक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग, सांसद दामोदर अग्रवाल, अशोक कोठारी विधायक, वाईस चेयरमैन जीतो अपेक्स महावीर सिंह चौधरी, चेयरमैन जीतो भीलवाड़ा मीठालाल सिंघवी भीलवाड़ा, संरक्षक जीतो भीलवाड़ा त्रिलोक चन्द छाबड़ा मौजूद रहे।

कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री गौतम दक ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व के विभिन्न हिस्सों में चल रहे संघर्ष एवं युद्ध मानवता के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। ऐसे परिदृश्य में भगवान महावीर द्वारा दिया गया जियो और जीने दो का संदेश अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि अहिंसा ही विश्व शांति का एकमात्र मार्ग है और इसे हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि भारत की समृद्ध संस्कृति अहिंसा, सद्भावना एवं विश्व कल्याण के मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराओं में निहित संदेश–धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो–मानवता के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

विधायक अशोक कोठारी ने अपने संबोधन में जैन दर्शन के अनुमोदना सिद्धांत की व्याख्या बताई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह द्वारा नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया गया। समारोह में माण्डलगढ़ विधायक गोपाल लाल, सहाड़ा विधायक लादुलाल पितलिया, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी, जैन समाज के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कृषि विभाग ने मानी भारी तबाही, बरसात और ओलावृष्टि से उजड़ा किसान

**झुंझुनूं,** (निसं)। अचानक बदले मौसम ने जिले के नवलगढ़ और गुढ़ागौड़जी इलाके में ऐसी कहर बरपाया कि अन्नदाता की उम्मीदें चंद मिनटों में बिखर गई। तेज अंधड़, आसमान चीरती बिजली और उसके बाद हुई भीषण ओलावृष्टि ने खेतों को तबाही के मंजर में बदल दिया, जहां कल तक फसलें लहलहा रही थी, वहां सफेद ओलों की मोटी परत और टूटी–बिखरी फसलें नजर आ रही हैं।

नवलगढ़ क्षेत्र के देवीपुरा बणी, खिरोड़, टोंकछिलरी, मोहनबाड़ी, बारवा और अंबेडकर नगर गांवों में कुदरत का सबसे ज्यादा कहर टूटा। वहीं गुढ़ागौड़जी, पोसाणा, खीवांसर, बजावा और छऊ गांव भी ओलावृष्टि से अछूते नहीं रहे। ग्रामीणों के अनुसार, ओलों का आकार बेर से भी बड़ा था। कुछ ही देर में खेत सफेद चादर से ढक गए और खड़ी फसलें जमीन पर बिछ गई। प्रारंभिक आकलन में सामने आया है कि कई गांवों में 30 प्रतिशत से लेकर 70 प्रतिशत तक फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। ओलों की मार से प्याज और मिर्च की फसल जमीन में धंस गई, पौधे टूटकर खत्म हो गए। गेहूं और जौ की खड़ी फसलें तेज हवा और ओलों से गिर गईं, जबकि कटी फसलें पानी में भीगकर सड़ने की कगार पर हैं। हरी सब्जियों के पौधों के सिर्फ डंठल बचे हैं, उत्पादन लगभग खत्म हो गया है।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजेंद्र लांबा के अनुसार बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने रबी की फसलों को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। विशेष रूप से गेहूं, चना और जौ की फसलें प्रभावित हुई हैं। कटी फसलों के दाने काले पड़ने की आशंका है, जिससे उनकी गुणवत्ता और बाजार मूल्य दोनों गिरेंगे।

देवीपुरा के किसान जोधराम फागणा की आंखों में आंसू हैं। वे कहते हैं कि यह सिर्फ फसल नहीं, हमारे साल भर के सपने थे। कोई बेटी की शादी की तैयारी कर रहा था, तो कोई बैंक का कर्ज चुकाने की उम्मीद लगाए बैठा था। अब समझ नहीं आ रहा घर कैसे चलेगा।

ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत विशेष गिरदावरी करवाने और वास्तविक नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा देने की मांग की है। किसानों का कहना है कि समय पर राहत नहीं मिली तो आर्थिक संकट और गहरा जाएगा।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



A Best Seller Dead Or Alive

Marie once confided to a friend, "I have loved sincerely, but no one ever returned my love. That is the real horror of my life"

Wars Over Nutmeg

When everyone loses: Sachs's brutal verdict on West Asia

# कांग्रेस महिला आरक्षण विधेयक पर ''परमैप्शन वार'' नहीं हारना चाहती भाजपा से

## इसीलिए शुक्रवार को सी.डब्ल्यु.सी. की बैठक बुलाई है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 अप्रैल। कांग्रेस कार्यसमिति कल दोपहर 3 बजे बैठक करेगी, जिसमें महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा होगी और विधेयक के समर्थन को दर्ज किया जाएगा, लेकिन कुछ शर्तों और सुधारों के साथ।

सरकार के पास बहुमत नहीं है, लेकिन यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि वह महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रति गंभीर हैं। वहीं, विपक्ष इसका विरोध कर रहा है और विधेयक को रोकने के लिए रोडब्लॉक्स बना रहा है।

कांग्रेस ने यह मुद्दा उठाया है कि दक्षिण भारत के राज्यों के साथ भेदभाव होगा, क्योंकि सीमांकन 2011 की जनगणना के अनुसार होगा, जिससे उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य बहुत लाभ में रहेंगे, जबकि छोटे राज्य और दक्षिण के राज्य नुकसान में।

स्थिति ऐसी हो जाएगी कि केन्द्र में सरकार के गठन में दक्षिण के राज्यों की भूमिका लगभग नगण्य हो जाएगी,

- बैठक का मुख्य एजेण्डा है, महिला आरक्षण विधेयक, जो संसद के तीन दिवसीय विशेष सत्र में पेश करेगी भाजपा सरकार
- कांग्रेस का मानना है, हालांकि भाजपा सरकार जानती है कि पर्याप्त संख्या बल न होने के कारण, सरकार का यह विधेयक पारित नहीं हो सकेगा, पर भाजपा को प्रचारित करने का मौका मिल जायेगा कि विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस यह महिला विधेयक पारित कराने के पक्ष में नहीं है और व्यर्थ में बाधाएं उत्पन्न कर रही है।
- इस ''परसैप्शन'' (बोध) को प्रचारित होने से रोकने के प्रयास में, कांग्रेस भी विधेयक का समर्थन करेगी।
- यह संसद का विशेष सत्र बंगाल व तमिलनाडु के चुनाव से कुछ पहले ही आहूत किया गया है, अतः कांग्रेस के लिये और भी जरुरी हो गया है, चुनाव में पार्टी की कोई गलत छवि न पहुंचे।
- कांग्रेस परिसीमन पर भी अपना सोच पहुंचाना चाहती है कि इस नए परिसीमन से दक्षिण भारत को भारी राजनीतिक नुकसान होगा, तथा उत्तर भारत ही निश्चित करेगा, देश का राजनीतिक एजेण्डा।

क्योंकि उत्तर भारत का प्रभाव यह तय करेगा कि केन्द्र में कौन सरकार बनाएगा।

कांग्रेस द्वारा उठाया गया दूसरा मुद्दा आरक्षण (कोटा) का है। इसके तहत, वे ओबीसी आरक्षण की मांग भी कर रहे हैं, जो पहले कुछ राजनीतिक पार्टियों, जैसे जनता दल, की मांग थी और कांग्रेस ने जिसका विरोध किया था।

कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल इस धारणा सम्बन्धी युद्ध में पीछे नहीं रहना चाहते, क्योंकि यह विशेष तीन दिवसीय सत्र पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों के बहुत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पोकरण में 10 चिंकारा हिरणों का शिकार

पोकरण, 9 अप्रेल (निसं)। पोकरण क्षेत्र के लोहारकी, रामदेवरा इलाके में 10 चिंकारा हिरणों के शिकार का मामला सामने आने के बाद वन्यजीव प्रेमियों में भारी रोष देखने को मिला। बताया जा रहा है कि शिकारियों ने एक साथ 10 चिंकारा हिरणों का शिकार किया है।

घटना के बाद वन विभाग की ओर से समय पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज पर्यावरणप्रेमी और

- दस दिन में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन की चेतावनी।

वन्यजीवप्रेमी सड़कों पर उतर आए। आक्रोशित लोगों ने पोकरण वन विभाग कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व वन्यजीव प्रेमी धर्मेन्द्र पूनिया ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने वन विभाग अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। साथ ही, अधिकारियों को 10 दिन का अल्टीमेटम देते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी और उन्हें कड़ी सजा दिलाने की मांग की गई।

# युद्ध में अपनी बिचौलिए की भूमिका से अति प्रसन्न है पाकिस्तान

## इस्लामाबाद को पूरी तरह सजाया गया है, दो दिन की छुट्टी घोषित की गई है तथा सुरक्षा का पुख्ता इन्तजाम किया गया है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 अप्रैल। दशकों बाद पाकिस्तान फिर से महत्वपूर्ण महसूस कर रहा है। इस्लामाबाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति और ईरान के राष्ट्रपति के आगामी दौरे के लिए अपनी सुरक्षा प्रोटोकॉल को बढ़ाने के हर उपाय कर रहा है। पाकिस्तान ने अमेरिकी-ईरान बैठक से पहले सार्वजनिक छुट्टियों की घोषणा की है।

पाकिस्तान ने आश्वासन दिया है कि वह आगंतुक गणमान्य व्यक्तियों को सम्पूर्ण सुरक्षा कवच देगा। अचानक वैश्विक मंच पर उभरने के साथ, पाकिस्तान विश्व में अपनी मौजूदगी का जोर शोर से अहसास करवा रहा है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वांस एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे, जिसमें डॉनल्ड ट्रंप के सहयोगी स्टीव विटकॉफ़ और ट्रंप के दामाद जैरेड कुश्नर शामिल हैं। ईरानी टीम का नेतृत्व उनके राष्ट्रपति पेझेशकियन करेंगे। हालांकि, ईरान पहले ही कह चुका था कि वह विटकॉफ़ या कुश्नर के साथ कोई बातचीत नहीं

- पर, पाकिस्तान द्वारा कराई गई ''सीज़फायर'' अभी से लड़खड़ाती हुई सी नज़र आ रही है।
- बात तो यह है कि अमेरिका द्वारा बहुप्रचारित घोषणा कि, ''स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़'' से जहाजों का निर्बाध आवागमन चालु हो जायेगा, कागज़ी घोषणा से आगे नहीं बढ़ी है।
- साथ ही अभी से मतभेद उत्पन्न हो गये हैं कि लेबनान व हिज्बुल्लाह ऑपरेशन, वर्तमान ''सीज़फायर'' समझौते में शामिल हैं या नहीं। पाकिस्तान ने सार्वजनिक रुप से कहा कि ये दोनों समझौते का अंग हैं पर, ट्रंप इस बात से साफ इन्कार कर रहे हैं।
- दोनों पक्ष, ईरान व अमेरिका चाहते हैं कि शांति स्थायी हो सके। पर इज़रायल द्वारा लेबनान की राजधानी बेरुत पर भारी बमबारी के बाद ईरान ने भी सऊदी अरब व अमेरिका के अन्य मित्र देशों पर बमबारी शुरु कर दी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# शुक्रवार को नीतीश राज्यसभा सदस्य के रुप में शपथ लेंगे

## पर, वे कुछ समय बिहार के मु.मंत्री भी बने रहेंगे, अतः उनकी तुलना उड़ीसा के मु.मंत्री गिरधर गमांग से होना स्वाभाविक ही है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 अप्रैल। यह अकारण नहीं है कि नीतीश कुमार को बिहार का गिरिधर गमांग कहा जा रहा है। शुक्रवार को जब वे राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे, तो वे गमांग की तरह ही उस दुर्लभ क्लब में शामिल होंगे, जहां कोई नेता एक ही समय में सांसद और मुख्यमंत्री दोनों पदों पर रहा हो।

गमांग का दोहरा कार्यकाल एक और अधिक सनसनीखेज वजह के लिए जाना जाता है। वे 1998 में उस समय तक ओडिशा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले चुके थे, जब लोकसभा में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव रखा गया था। गमांग ने इस प्रस्ताव पर वोट डाला था, क्योंकि तब तक वे सांसद थे। वाजपेयी सरकार एक वोट से गिर गई थी, जिसमें गमांग के वोट ने निर्णायक भूमिका निभाई थी।

- गमांग, 1998 में उड़ीसा के मु.मंत्री बने थे, पर तभी प्र.मंत्री वाजपेयी की सरकार का लोकसभा में विश्वास मत प्राप्त करना अनिवार्य हो गया था। गमांग उड़ीसा से विश्वास मत पर वोट देने दिल्ली आये थे, क्योंकि तब तक उन्होंने अपने सांसद के रुप में लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया था, वाजपेयी जी की सरकार, एक मत से विश्वास प्राप्त करने से वंचित रह गई थी। ऐसी चर्चा थी कि इसमें गमांग के वोट की महत्वपूर्ण भूमिका थी।
- लगभग यह ही स्थिति नीतीश कुमार की है, वे राज्यसभा के सदस्य की शपथ तो लेने वाले हैं, पर अभी बिहार के मु.मंत्री पद पर भी स्थापित हैं।

कुमार से अपेक्षा नहीं है कि वे ऐसा करेंगे। शपथ लेने के बाद, उनके शीर्ष भाजपा नेताओं नरेन्द्र मोदी और अमित शाह सहित, अन्य नेताओं से मिलने की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'होर्मुज़ से एक दिन में सिर्फ 15 जहाज ही निकल सकेंगे'

तेहरान, 09 अप्रैल। अमेरिका-ईरान युद्ध विराम के बीच स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज़ से जहाजों की आवाजाही को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। रूस की सरकारी न्यूज़ एजेंसी तासकी ताज़ा रिपोर्ट में बताया गया है कि अब ईरान एक दिन में होर्मुज से सिर्फ 15 जहाजों

- रूस की सरकारी न्यूज़ एजेंसी तास की ताज़ा रिपोर्ट में ईरान द्वारा कड़ी शर्तें लगाने की बात सामने आई है।

को गुजरने की मंजूरी देगा। ईरान के इस फैसले से भारत में एलपीजी और कच्चे तेज की सप्लाई पर असर पड़ सकता है। सीमित आवाजाही के ईरान के इस फैसले ने अब वैश्विक ट्रांसपोर्टरों की चिंता भी बढ़ा दी है।

देश में एलीपी, क्रूड ऑयल और रसायन प्रोडेक्ट की सप्लाई को लेकर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या राघव चड्ढा नई पार्टी बनाने जा रहे हैं?

## राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया पर अपनी ही एक पोस्ट पर नई पार्टी बनाने के सुझाव पर ''दिलचस्प विचार'' की टिप्पणी कर अटकलों का बाज़ार गर्मा दिया

- सुकुमार साह -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 9 अप्रैल। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता राघव चड्ढा की एक रहस्यमयी टिप्पणी ने राजनीतिक अटकलों की लहर पैदा कर दी है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या कभी पार्टी के प्रमुख चेहरे रहे चड्ढा संगठन में अपनी घटती हुई भूमिका के संकेतों के बीच नई राजनीतिक पहल करने पर विचार कर रहे हैं।

यह चर्चा तब शुरू हुई जब चड्ढा ने सोशल मीडिया पर आए एक सुझाव, कि उन्हें अपनी पार्टी बनानी चाहिए, का जवाब दिया और ''दिलचस्प विचार'' यह टिप्पणी भले ही सामान्य लग रही हो, लेकिन इसे राजनीतिक पुनर्संरचना के संकेत के रूप में देखा गया है, विशेषकर आप के भीतर हाल की घटनाओं को देखते हुए जो यह संकेत देती हैं कि राज्यसभा सांसद की भूमिका कम हो गई है।

- राज्यसभा में आप पार्टी के उपनेता के पद से राघव चड्ढा को हटाने से यह साफ हो गया है कि पार्टी में राघव चड्ढा का कद कम हो गया है।
- यही नहीं हालिया महीनों में राघव ने भी पार्टी के कार्यों से दूरी बना ली थी, इससे आतंरिक मतभेदों की चर्चा भी तेज हो गई थी।
- विशेषज्ञों का कहना है कि नई पार्टी बनाने के सुझाव को ''दिलचस्प विचार'' करार देना एक सोचा समझा प्रयास है चर्चाओं में बने रहने का।

चड्ढा को राज्यसभा में आप के उपनेता के पद से हटाए जाने ने यह धारणा मजबूत कर दी है कि पार्टी में उनका प्रभाव कम हुआ है। कभी पार्टी के सबसे मुखर और हाई प्रोफाइल नेताओं में से एक माने जाने वाले चड्ढा, ने हाल के महीनों में अपेक्षाकृत कम सार्वजनिक उपस्थिति दर्शाई, खासकर दिल्ली के बाहर पार्टी के विस्तार के मामले में। आंतरिक मतभेदों और पार्टी के भीतर भूमिकाओं के पुनर्गठन की खबरों ने उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर अटकलों को और बढ़ा दिया है।

राघव चड्ढा के अपने संदेश ने भी जिज्ञासा बढ़ाई है। हाल ही में एक बयान में उन्होंने खुद के लिए कहा ''मौन हूं पर हारा नहीं हूं,'' जिसे राजनीतिक विश्लेषकों ने न केवल असंतोष का संकेत बल्कि प्रासंगिक बने रहने की इच्छा के रूप में पढ़ा है। जबकि उन्होंने कोई औपचारिक घोषणा नहीं की है, शब्दों का चयन इस धारणा को और मजबूत करता है कि उनके और पार्टी नेतृत्व के बीच सब कुछ ठीक नहीं है।

हालांकि, ऐसी कोई ठोस जानकारी नहीं है कि चड्ढा नई राजनीतिक पार्टी लॉन्च करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। जो लोग स्थिति से परिचित हैं, उनका कहना है कि यह टिप्पणी ज्यादा निर्णायक घोषणा की बजाय मन की थाह लेने की कोशिश ज्यादा हो सकती है। यह एक तरह से विकल्प खुले रखने का तरीका है, किसी विशेष रास्ते के लिए प्रतिबद्ध हुए बिना। राजनीति की अस्थिर दुनिया में, ऐसी अस्पष्टता अक्सर रणनीतिक उपकरण के रूप में काम करती है, जिससे नेता विकल्प आज़मा सकते हैं, वो भी मौजूदा रास्तों को बंद किए बिना।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'छठी क्लास से तीसरी भाषा की पढ़ाई अनिवार्य'

नई दिल्ली, 09 अप्रैल। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए, कक्षा 6 से तीसरी भाषा की पढ़ाई अनिवार्य कर दी है। यह व्यवस्था शैक्षिणक सत्र 2026-27 से लागू होगी और स्कूलों को इसे सात दिनों के

- सीबीएसई ने शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए यह घोषणा की और स्कूलों को 7 दिन में इसे लागू करने का निर्देश दिया।

भीतर लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। बोर्ड के निर्देशों के अनुसार, जिन स्कूलों ने अभी तक तीसरी भाषा की पढ़ाई शुरू नहीं की है, उन्हें तुरंत स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पुस्तकों और संसाधनों की मदद से इसकी शुरुआत करनी होगी। साथ ही स्कूलों को यह भी तय कर जानकारी देनी होगी कि उन्होंने तीसरी भाषा के रूप में कौन-सी भाषा चुनी है।

# 'ट्रंप ने दबाव डाला था पाकिस्तान पर, ईरान के साथ अस्थायी सीज़फायर कराने का'

## फायनैंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया तथा पाकिस्तान के स्वतंत्र कूटनीतिक रुख पर संदेह जताया

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 9 अप्रैल। पाकिस्तान ने खुद को शांति स्थापित कराने वाला देश दिखाने की कोशिश भले ही की हो, ''फायनेंशियल टाइम्स'' की एक रिपोर्ट के अनुसार, वाइट हाउस ने ही इस्लामाबाद पर ईरान के साथ अस्थायी युद्धिवराम कराने के लिए दबाव डाला था।

यह रिपोर्ट पाकिस्तान की स्वतंत्र कूटनीतिक स्थिति पर गंभीर सवाल उठाती है और सुझाव देती है कि इस्लामाबाद कोई तटस्थ मध्यस्थ नहीं था, बल्कि अमेरिकी दबाव के लिए एक सुविधाजनक माध्यम था, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने इस्लामिक रिपब्लिक (ईरान) के खिलाफ धमकियां बढ़ाईं और दावा किया कि तेहरान शांति के लिए ''भीख मांग रहा था''।

रिपोर्ट में, घटनाओं से परिचित लोगों के हवाले से कहा गया है कि हफ्तों से ट्रम्प प्रशासन इस्लामाबाद पर दबाव डाल रहा था, ताकि ईरानियों को लड़ाई में विराम के लिए राजी किया जा सके, जिससे महत्वपूर्ण होर्मुज़ स्ट्रेट फिर से खुल सके।

रिपोर्ट में कहा गया है, पाकिस्तान की अहम भूमिका, एक मुस्लिम बहुल पड़ोसी और मध्यस्थ के रूप में, इसे तेहरान तक पहुँचाने की थी।

इस्लामाबाद के बैक-चैनल प्रयास, जो पाकिस्तान के रक्षा प्रमुख आसिम मुनीर के नेतृत्व किए गए थे, मंगलवार रात को अमेरिका, इज़राइल और ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्धिवराम पर सहमति बनने के रूप में सामने आये।

यह घटनाक्रम ट्रंप की इस धमकी के बाद का है कि यदि तेहरान उसकी शर्तें पूरी नहीं करता तो वे ईरान की ''पूरी सभ्यता'' को नष्ट कर देंगे। लेकिन शांति वार्ता से परिचित लोगों के अनुसार, ट्रम्प तेल की बढ़ती कीमतों को लेकर चिंतित और ईरानी शासन की मजबूती देखकर हैरान थे।

- रिपोर्ट के अनुसार ट्रंप प्रशासन कई दिनों से पाकिस्तान पर दबाव डाल रहा था कि व ईरान को युद्ध विराम के लिए राज़ी करे ताकि होर्मुज़ स्ट्रेट खुल सके।
- इसका एक उद्देश्य यह भी था कि मुस्लिम पड़ोसी देश और मध्यस्थ के रुप में पाकिस्तान की भूमिका को तेहरान के समक्ष मजबूती से पेश किया जा सके।
- इसीलिए ट्रंप ने ईरान को पूर्ण रुप से नष्ट करने की धमकी दी फिर कुछ ही घंटे बाद पाकिस्तान ने युद्ध विराम की अपील की और इसे ट्रंप ने तुरंत मान लिया, यह सब कुछ पूर्णतया प्रायोजित ''ड्रामा'' सा लगता है।
- विशेषज्ञों की माने तो ट्रंप की चिंता तेल की बढ़ती कीमतों को लेकर है, साथ ही अमेरिकी सेना के कमांडर भी अब युद्ध नहीं चाहते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिकी कमांडर इन चीफ ''युद्धिवराम के लिए उत्सुक'' थे, 21 मार्च को ईरान के पावर प्लांट्स को ''ध्वस्त'' करने की पहली धमकी के समय से ही।

''फायनेंशियल टाइम्स'' की रिपोर्ट के अनुसार, वॉशिंगटन और इस्लामाबाद का मानना था कि तेहरान द्वारा अमेरिका समर्थित प्रस्ताव को स्वीकार करने की संभावना उस स्थिति में ज्यादा थी, यदि इसे एक ऐसे मुस्लिम बहुल पड़ोसी राज्य द्वारा पहुँचाया जाए,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बारामती उपचुनाव से कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी हटाया

मुंबई, 09 अप्रैल। महाराष्ट्र के बारामती विधान सभा उपचुनाव से कांग्रेस ने आज गुरुवार को अपने उम्मीदवार का नाम वापस ले लिया। नामांकन वापस लेने के अंतिम दिन यह घोषणा की गई, जिससे अब इस चुनाव के निर्विरोध होने की संभावना बन गई है। हालांकि अभी कई निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

- बताया जाता है कि राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस के फोन के बाद कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने इस बारे में घोषणा कर दी।

खास बात यह रही कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के नेताओं के बार-बार अनुरोध के बावजूद निर्णय न लेने वाले कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने मुख्यमंत्री देवेंद्र

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK

## संक्षिप्त

### वनकर्मियों से मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**निवाई ( निस )।** पुलिस ने राजकार्य में बाधा व वनकर्मियों के साथ मारपीट करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों से ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। थानाधिकारी घासीराम ने बताया कि राजकार्य में बाधा व वनकर्मियों के साथ मारपीट करने के मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव के निर्देशन में डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा के सुपर विजन में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक अप्रेल को आरोपी बाबू लाल व रमेश दोनों पुत्र रामकिशोर मीना निवासी श्योसिंहपुरा सीदडा वनकर्मियों के साथ मारपीट कर अवैध पत्थर से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को छुड़ा ले गए थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है। पुलिस टीम में थानाधिकारी घासीराम, सहायक उप निरीक्षक बाबू लाल व जीतपाल, कानिस्टेबल शंकर लाल, राजेश व गजेन्द्रप्रताप सिंह शामिल थे। पुलिस शेष फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

### कांग्रेस में संगठन बढ़ाओ की जिम्मेदारियां सौंपी

**दौसा ( निसं. ) ।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामजीलाल ओड ने संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत पदाधिकारियों को ब्लॉक स्तर जिम्मेदारियां सौंपी है। जिला प्रवक्ता मुकेश राणा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत जिला अध्यक्ष रामजीलाल ओड ने शिवराम मीणा को दौसा, शेषअवतार शर्मा को सिकराय, ओ.पी. बैरवा को सिकराय, विष्णु सिंह कुशवाह को लवान व नांगल राजावतान, हंसराज गुर्जर को मंडावर, हीरालाल सैनी को महवा, बनवारी लाल मीणा को लालसोट, उमाशंकर बनियाना को बांदीकुई , श्याम सुंदर मिश्रा को बांदीकुई तथा रामचरण रलावता को चाँदसेन ब्लॉक की जिम्मेवारी सौपी गई है।

### सुमित्रा घोसी महामंत्री मनोनीत

**दौसा ( निसं. ) ।** सर्व समाज महिला विकास समिति जिला दौसा की ज़िला अध्यक्ष उर्मिला जोशी ने अपनी जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए, सुमित्रा घोसी को महामंत्री मनोनीत किया है। जिला अध्यक्ष उर्मिला जोशी ने बताया कि जिला कार्यकारिणी में कार्यकारी अध्यक्ष निर्मला जोशी, उपाध्यक्ष करूणा गौतम, उर्मिला गुप्ता, शशी जोशी, पदमा तीवाडी, उर्मिला शर्मा, नम्रता शर्मा, जिला महामंत्री संदीपा शर्मा, रेखा साहु, सुमित्रा घोसी, जिला मंत्री सीमा कंवर, कलावती गुप्ता, मंजु लता जाटव और संतोष कंवर संगीता जी लाटाको मनोनीत किया गया है। उन्होंने बताया कि दौसा तहसील अध्यक्ष पद पर विनिता लामी, लालसोट तहसील अध्यक्ष सावित्री सोनी, बांदीकुई तहसील अध्यक्ष पारूल विजय, महवा तहसील अध्यक्ष सकुन्तला व्यास, लवाण तहसील अध्यक्ष सन्तोष जैन, दौसा शहर अध्यक्ष पद पर स्वास्तिका शर्मा तथा लालसोट शहर अध्यक्ष पद पर सोनाली उपाध्याय को मनोनीत किया गया है। इधर जिला कार्यकारिणी का विस्तार किये जाने पर जिला अध्यक्ष उर्मिला जोशी का आभार व्यक्त किया है।

### स्थापना दिवस पर 10 अप्रैल को मेला

**दौसा ( निस )।** दौसा जिला स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 10 अप्रैल को जिला मुख्यालय पर मेला, रंगोली एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदी चंद गंगवाल ने बताया कि जिला स्थापना दिवस कार्यक्रमों के तहत 10 अप्रैल को प्रात: 8 बजे जिला परिषद, जिला कलक्ट्रेट, नेहरू गार्डन, टाउन हॉल एवं श्री आरके जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दौसा में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसके पश्चात प्रात: 10.30 बजे लालसोट रोड स्थित नेहरू गार्डन में मेले का उद्घाटन किया जाएगा तथा रस्साकस्सी एवं चम्मच दौड़ जैसी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। स्थापना दिवस का मुख्य आकर्षण 10 अप्रैल को कैप्टन छुट्टनलाल मीणा टाउन हॉल में आयोजित होने वाला भव्य कार्यक्रम रहेगा। जिला प्रशासन ने समस्त जिलेवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन कार्यक्रमों में भाग लेकर स्थापना दिवस समारोह को सफल एवं यादगार बनाएं।

# बच्चों में पोषण को जन आंदोलन बनाए-सीईओ

**टोंक ( निस )।** भारत सरकार के निर्देशानुसार अष्टम पोषण पखवाड़ा 9 से 23 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। महिला एंव बाल विकास विभाग द्वारा मनाये जा रहे पोषण पखवाड़े की मुख्य थीम ' जीवन के प्रथम 6 वर्षो में अधिकतम मतिष्क विकास'' है। इसी को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट टोंक से गांधी पार्क तक पोषण प्रभात रैली का आयोजन किया गया है। रैली को सीईओ परशुराम धानका एवं आईसीडीएस की उप निदेशक सरोज मीना ने हरी झण्डी दिखाई।

■ बच्चों के स्वस्थ्य शारीरिक एवं मस्तिष्क विकास को लेकर 1 से 6 वर्ष की आयु तक उचित पोषण दिया जाना जरुरी है



कलेक्ट्रेट टोंक से गांधी पार्क तक पोषण प्रभात रैली का आयोजन किया गया है ।

इस अवसर पर सीईओ ने कहा कि बच्चों में पोषण को जन आंदोलन बनाते हुए परिवार और समुदाय में जागरुक्ता पैदा करने की आवश्यकता है। बच्चों के स्वस्थ्य शारीरिक एवं मस्तिष्क विकास को लेकर 1 से 6 वर्ष की आयु तक उचित पोषण दिया जाना जरुरी है। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्ती भूमिका है। मातृ एवं शिशु पोषण, मस्तिष्क विकास के लिए प्रोत्साहन, खेल आधारित शिक्षा, स्क्रिन टाइम कम करने में माता पिता और समुदाय की भूमिका एवं सक्षम आंगनबाड़ियों के लिए समुदायिक समर्थन विषयों पर इस पखवाड़े में कार्य किया जायेगा। इस दौरान टोंक शहर की बाल विकास परियोजना अधिकारी, महिला पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रही।

## 'आमजन की समस्याओं पर खानापूर्ति बर्दाश्त'

**किशनगढ़ बास।** पंचायत समिति किशनगढ बास के काले खां बाग वीसी सभागार में गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया। इस जनसुनवाई में जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने स्वयं उपस्थित रहकर लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान कुल 43 परिवाद प्राप्त हुए, जिससे में जन्म प्रमाण पत्र पर तस्दीक से संबंधित परिवाद का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष परिवादों में विभिन्न विभागों से जुड़े मामले सामने आए, जिनमें पंचायती राज विभाग के 8, रसद विभाग के 8, नगर पालिका के 4, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 6, विद्युत विभाग के 5, रिडकौर के 2, बीड़ा भिवाड़ी का 1, राजस्व विभाग के 4 तथा पेंशन से संबंधित 2 प्रकरण शामिल रहे । जिला कलेक्टर ने सभी लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि ब्लॉक स्तर पर आने वाली प्रत्येक समस्या का प्राथमिकता से समाधान किया जाए ।

## ग्रामीण शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम

**दौसा** (निसं.) । ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को सुदृढ करने और सरकारी विद्यालयों में अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय माध्यमिक) अशोक शर्मा ने ग्राम बौरौदा, रामपुरा, बहरावंडा, सूरजपुरा सहित आसपास के कई गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों से सरकारी विद्यालयों का नामांकन वृद्धि के लिए सहयोग करने की अपील की। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक अशोक शर्मा ने गांव-गांव और घर-घर जाकर अभिभावकों से मुलाकात की और बच्चों की शिक्षा को लेकर उनकी सोच, समस्याओं एवं अपेक्षाओं को समझने का प्रयास किया। उन्होंने अभिभावकों को समझाया कि वर्तमान समय में सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर निरंतर बेहतर हो रहा है और यहां योग्य एवं प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति तथा अन्य कई कल्याणकारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर बच्चे अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। अभिभावकों से संवाद करते हुए उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि सरकारी विद्यालय केवल शिक्षा का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह बच्चों के सर्वांगीण विकास का केंद्र हैं। इस दौरान अशोक शर्मा ने विद्यालयों का निरीक्षण भी किया और वहां की व्यवस्थाओं, शैक्षिणक गतिविधियों तथा अधोसंरचना का जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय स्टाफ को निर्देशित किया कि वे विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रभावी रुप से कार्य करें ।

## प्रोत्साहन के लिये आई स्टार्ट प्रोजेक्ट स्थापित

**कोटपूतली( निस )।** सूचना प्रौद्यौगिकी और संचार विभाग के जिला इन्क्यूबेशन सैन्टर राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में आई स्टार्ट प्रोजेक्ट के तहत युवाओं एवं विद्यार्थियों को स्टार्टअप के क्षेत्र में निरंतर प्रोत्साहित करने के लिये स्थापित किया गया है। इसके अन्तर्गत लंच पेड के माध्यम से स्टार्टअप को मेंटरशिप, इन्क्यूबेशन स्पेस, नेटवर्किंग, तकनीकी अवसर, मार्गदर्शन एवं बिजनेस डेवलपमेंट सपोर्ट उपलब्ध कराया जाता हैं। जिससे वे अपने स्टार्टअप को प्रभावी रूप से विकसित कर सकें। आई स्टार्ट प्रोजक्ट के तहत समय-समय पर जागरूकता सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को स्टार्ट अप एवं उद्यिमता के प्रति प्रेरित किया जा सकें। इस योजना के माध्यम से नवाचार आधारित विचारों को पंजीकृत कर उन्हें विशेषज्ञ मार्गदर्शनएवं वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

# फुलेरा जंक्शन पर अमृत भारत योजना के कार्यों में देरी से यात्री परेशान

**फुलेरा ( निस )।** फुलेरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर पिछले तीन वर्षों से अमृत भारत योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की धीमी प्रगति से आम यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत ने जयपुर मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर को ज्ञापन भेजकर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने बताया कि स्टेशन के प्रमुख प्लेटफॉर्म नंबर 1 सहित प्लेटफॉर्म नंबर 4 व 5 पर अब तक शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई गई है। वर्तमान में पूरे स्टेशन पर केवल प्लेटफॉर्म नंबर 2 (जयपुर साइड) पर एक ही शौचालय संचालित है, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को विशेष रूप से कङ्गिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर लगाए गए कोच

■ मूलभूत सुविधाओं का अभाव

इंडिकेटर बॉक्स भी यात्रियों के लिए उपयोगी साबित नहीं हो पा रहे हैं। हाल ही में निरीक्षण के दौरान इन्हें चालू किया गया था, लेकिन बाद में पुन: बंद कर दिया गया। इससे यात्रियों को कोच की सही स्थिति की जानकारी नहीं मिल पाती, जिससे ट्रेन में चढ़ ने के दौरान अव्यवस्था और फ्फुलेरा जंक्शन पर अमृत भारत योजना के कार्यों में देरी से यात्री परेशान, मूलभूत सुविधाओं का अभाव

फुलेरा। फुलेरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर पिछले तीन वर्षों से अमृत भारत योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की धीमी प्रगति से आम यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत ने जयपुर मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर को ज्ञापन भेजकर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने की मांग की है।

संघ के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने बताया कि स्टेशन के प्रमुख प्लेटफॉर्म नंबर 1 सहित प्लेटफॉर्म नंबर 4 व 5 पर अब तक शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई गई है। वर्तमान में पूरे स्टेशन पर केवल प्लेटफॉर्म नंबर 2 (जयपुर साइड) पर एक ही शौचालय संचालित है, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को विशेष रूप से कङ्गिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर लगाए गए कोच इंडिकेटर बॉक्स भी यात्रियों के लिए उपयोगी साबित नहीं हो पा रहे हैं। हाल ही में निरीक्षण के दौरान इन्हें चालू किया गया था, लेकिन बाद में पुन: बंद कर दिया गया। इससे यात्रियों को कोच की सही स्थिति की जानकारी नहीं मिल पाती, जिससे ट्रेन में चढ़ ने के दौरान अव्यवस्था और परेशानी बढ़ जाती है।

पेयजल व्यवस्था भी यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। प्लेटफॉर्म पर लगे नलों में पानी तेज गति से आता है, जिससे पानी पीते समय यात्रियों के कपड़े भीग जाते हैं। साथ ही पानी की गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं है। कई बार अधिकारियों को नल बदलने के लिए अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने सभी दैनिक रेलयात्रियों की ओर से मांग की हैअमृत भारत योजना के तहत चल रहे कार्यों को शीघ्र पूरा कर स्टेशन पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि आम यात्रियों को राहत मिल सके।

## सार-समाचार

### 12 अप्रैल को विप्रोत्सव कार्यक्रम को लेकर पोस्टर का विमोचन

**फुलेरा ( निस )।** जोबनेर रोड स्थित परशुराम भवन विप्र वाटिका में गुरुवार को शाम एक बैङ्गक शाखा अध्यक्ष राजू दाधीच की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैङ्गक में आगामी 12 अप्रैल को सांभर लेक में आयोजित होने वाले विप्रो-उत्सव कार्यक्रम को लेकर पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से उपस्थित समाजजनों को पीले चावल बांटे गए। कार्यक्रम का संचालन विप्र महासभा महामंत्री शैलेंद्र शर्मा व उपाध्यक्ष मुकेश पारीक द्वारा किया गया। इस अवसर पर सांभर विप्र समाज से हरिदास शर्मा, रघुनंदन शर्मा, बसंत शर्मा, दामोदर प्रसाद शर्मा, रूपनारायण शर्मा, सांवरमल शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। वहीं फुलेरा मित्र महासभा के उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, दीनदयाल शर्मा, मुरारी लाल शर्मा, कमलेश शर्मा सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कार्यक्रम को सफल बनाने का आ ान किया। इसके साथ ही विप्र महासभा युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद पर सुमित शर्मा को मनोनीत किया गया। बैङ्गक में उपस्थित समाजजनों का माला एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर विक्रम महासभा के सभापति यादराम जोशी, रामविलास शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, निर्मल शर्मा सुरेश सारस्वत, त्रिलोक शर्मा, राजेश गौड, बजरंगलाल जोशी सहित अनेक प्रबंध मौजूद रहे।

### खेल सप्ताह के दौरान बंदियों में उत्साह

**दौसा ( निसं. )।** श्यालावास स्थित विशिष्ट केंद्रीय कारागार में विश्व स्वास्थ्य दिवस से अम्बेडकर जयंती तक आयोजित खेल सप्ताह के दौरान बंदियों में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। बंदियों को विभिन्न टीमों में विभाजित कर अलग-अलग खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिससे उनमें शारीरिक स्फूर्ति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है। खेल सप्ताह का शुभारंभ सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस की पूर्व संध्या पर राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायाधिपति जी.आर. मूलचंदानी के कर कमलों से वॉलीबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन के साथ हुआ। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बंदियों की चार टीमों का गठन किया गया, जिनके बीच लीग मैच, सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले आयोजित किए गए। बुधवार शाम खेले गए फाइनल मुकाबले में सी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बी टीम को पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम में अनिल (कप्तान), शंकर, नदीम, मनीष, प्रदीप, अंकित और अजय शामिल रहे, जबकि उपविजेता बी टीम में राज मीणा (कप्तान), नितेश, दिलीप, दिलराज, मनीष, आवेश और महेंद्र ने भाग लिया। प्रतियोगिता में संजीव फ़ौजी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर जेल अधीक्षक पारस जांगिड, जेलर रामचंद्र, डॉ. अमित सैनी, प्लाटून कमांडर मनेश कुमार, मुख्य प्रहरी ओम प्रकाश शर्मा सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। खेल सप्ताह के अंतर्गत कल शुक्रवार को दौसा स्थापना दिवस के अवसर पर बंदियों के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।

### टॉपर विद्यार्थियों का अभिनंदन

**सांभरझील, ( निसं )।** गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु: गुरुर्देवो महेश्वर:। गुरु: साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नम:।। गुरु मंत्र के भाव की सार्थकता को सिद्ध कर दिखाया यहां की पीएम श्री दरबार उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने जिन्होंने शिक्षक को परमात्मा तुल्य समझ कर उनके बताए आदर्श और सिद्धांतों पर अमल कर छिपी दृढ़ इच्छा शक्ति भी अपने भीतर सिद्ध कर। कक्षा दसवीं व 12वीं के एग्जाम में सर्वश्रेष्ठ अंक अर्जित कर यह भी साबित कर दिया क्षेत्र में सरकारी स्कूल का वर्चस्व कम नहीं हुआ है। विद्यालय प्रांगण में आज एक उमंग व उत्साह का एक शानदार माहौल इन ऊर्जावान छात्रों के साथ महसूस करने का सौभाग्य मिला। विद्यालय प्रशासन ने इन विद्यार्थियों को राजस्थानी परंपरा के अनुसार पगडी व पुष्पहार पहनाकर उनके उत्साह को दोगुना ही नहीं किया बल्कि उन तमाम विद्यार्थियों के भीतर भी एक जोश भर दिया। अनुशासन और बहुत ही बेहतरीन व्यवस्था के साथ स्कूल के प्रिंसिपल टीकमचंद मालाकार के सानिध्य में वे शिक्षक भी मौजूद रहे जो इस स्कूल का एक है अहम हिस्सा है। विद्यार्थियों के साथ जब स्कूल प्रशासन की तरफ से उनके माता-पिता, दादा-दादी का भी सम्मान किया गया तो भाव वि ल हो गए और स्कूल प्रशासन को भी इस सफलता का श्रेय दिया जुलूस के दौरान प्रवेशोत्सव पम्पलेट वितरित किए। कड़ी मेहनत और लगन के बल पर सांभर का मान बढ़ाया उनमें प्रमुख रूप से कबीर गाँधी (95 ), वत्सल जारवाल (93.83 ), तनुश्री जाँगिड़ (93 ), कनिष्का माथुर (93 ), मोहित सैनी (90.50 ), भूपेंद्र (90 ) प्रतिभावान विद्यार्थियों की सूची में अपना नाम दर्ज करवाने में सफल हुए।

### रात्रि चौपाल का शेड्यूल जारी

**पावट ( निस )।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, कोटपूतली बहरोड़ अपर्णा गुप्ता द्वारा अप्रैल 2026 के लिए रात्रि चौपाल, रात्रि विश्राम एवं निरीक्षण कार्यक्रम का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसके तहत जिले के विभिन्न उपखंड क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष कैम्प आयोजित किए जाएंगे। जारी आदेश के अनुसार पहला रात्रि चौपाल कार्यक्रम आज पंचायत समिति सभागार पावटा में आयोजित होगा। इसी दिन उपखंड एवं तहसील कार्यालय पावटा का निरीक्षण भी किया जाएगा। इसके अलावा 17 अप्रैल को पंचायत समिति सभागार बानसूर में रात्रि चौपाल आयोजित होगी तथा उपखंड एवं तहसील कार्यालय बानसूर का निरीक्षण किया जाएगा। वहीं 24 अप्रैल को पंचायत समिति सभागार विराटनगर में रात्रि चौपाल के साथ उपखंड एवं तहसील कार्यालय विराटनगर का निरीक्षण प्रस्तावित है। जिला प्रशासन ने निर्देश जारी करते हुए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, उपखंड अधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्धारित तिथियों पर संबंधित स्थानों पर सायं 6:00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं के निस्तारण की रिपोर्ट के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा। गौरतलब है कि इससे पूर्व 10 अप्रैल को पावटा में आयोजित रात्रि चौपाल के लिए ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को भी सायं 5 बजे उपस्थित रहने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इन रात्रि चौपाल कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को अपनी समस्याएं सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिलेगा तथा मौके पर ही त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

### सौंपा ज्ञापन

**भरतपुर ( निस )।** जिला कांठोस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा के निर्देशानुसार जिले के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिले में फसल खराबी को लेकर जिला कलेक्टर के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर घनश्याम शर्मा को एक ज्ञापन सोपा। ज्ञापन से पूर्व उक्त मुद्दे को लेकर उपस्थित पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कांठोस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने कहा कि बिगत दिनों में भरतपुर जिले में भारी मात्रा में बारिश होने तथा कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी होने की वजह से जिले के किसानों की फसल बिल्कुल चौपट हो चुकी है।

# 7 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोटपूतली ( निस )।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष शेरसिंह चौहान व प्रदेश महामंत्री गोपाल मीणा के आ ान पर जिलाध्यक्ष जयदर्थ यादव के नेतृत्व में शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश की भौगोलिक विषम परिस्थितियों को नजरअंदाज कर छात्रों के ग्रीष्मावकाश व संस्था प्रधान अधिकृत अवकाश में की गई कटौती के विरोध एवं विभिन्न तात्कालिक शिक्षक समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता को मुख्यमंत्री के नाम 07 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष जयदर्थ यादव ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा जारी शिविरा पंचांग में 01 जुलाई के स्थान पर इस सत्र में 21 जून से स्कूल खोलने तथा छात्रों व शिक्षकों के ग्रीष्मावकाश एवं संस्था प्रधान अधिकृत अवकाश में की गई कटौती के विरोध में राज्यव्यापी आंदोलन का ऐलान किया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियों की अनदेखी करते हुये 01 अप्रैल से नया शैक्षिणक सत्र प्रारंभ कर छुट्टियों में कटौती की है।

यदि सरकार गंभीरता से सरकारी विद्यालयों में वरिष्ठ अध्यापक, व्याख्याता एवं प्राचार्यों के रिक्त पदों को भरने तथा शिक्षकों की पदौन्नित और जर्जर स्कूल भवनों के सुधार पर ध्यान दिया जाता तो विद्यालय में नामांकन वृद्धि के साथ-साथ विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा का वातावरण मिल सकता था। वर्तमान में स्थिति यह है कि 04 वर्ष पूर्व क्रमोन्नत उच्च माध्यमिक एवं महात्मा गांधी विद्यालयों में आज भी व्याख्याताओं एवं शिक्षकों के पद रिक्त पड़े हैं। पदौन्नत प्रधानाचार्य एक वर्ष से पदस्थापन की प्रतीक्षा में है, आज तक ट्रांसफर पॉलिसी लागू नहीं की गई है। 08 साल से तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण नहीं किए गए हैं, विद्यालयों में रिक्त पद भरने के बजाय शिक्षा विभाग शिक्षकों को गैर-शैक्षिणक कार्यों में लगाकर शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है।

ऐसे में छुट्टियों में कटौती एवं सत्र परिवर्तन की नीति पूरी तरह अव्यावहारिक है। जिससे शिक्षक वर्ग में भारी आक्रोश व्याप्त है। संघ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर सिंह यादव ने कहा कि राजस्थान जैसे विषम जलवायु वाले प्रदेश में 21 जून से विद्यालय खोलना छात्रों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। जून माह की भीषण गर्मी में 45 से 50 डिग्री सेल्सियस तापमान और तेज लू के थपेड़ों के बीच विद्यार्थियों को विद्यालय बुलाना अत्यंत आत्मघाती कारक साबित हो सकता है। संगङ्गन ने यह भी मांग रखी कि यदि सरकार 21 जून से विद्यालय संचालन पर अड़ी रहती है तो सरकार को नन्हे-मुन्ने छात्रों को भीषण गर्मी और लू से बचाने के व्यापक प्रबंध करने चाहिये। विद्यालयों में गर्मी से बचाव के संसाधन उपलब्ध करवाने चाहिये।

साथ ही शिक्षकों को प्रत्येक कैलेंडर वर्ष में घटाये गए अवकाश के परिणाम स्वरूप न्यूनतम 30 पीएल अवकाश प्रदान किये जायें। संघ के जिला संरक्षक प्रो. जगराम गुर्जर ने बताया कि ग्रीष्मावकाश में कटौती एवं संस्था प्रधान अधिकृत अवकाश के आदेश को वापस लेने सहित विभिन्न ज्वलंत मांगों को लेकर 08 अप्रैल को शिक्षकों ने जिला मुख्यालय पर भारी संख्या में उपस्थित होकर सरकार के अव्यवहारिक आदेशों का भारी विरोध प्रदर्शन कर राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपा है।

जिला उपाध्यक्ष महिपाल सराधना ने बताया कि प्रमुख मांगों में पारदर्शी तबादला नीति लागू करना, तबादलों पर लगी रोक हटाना, तृतीय श्रेणी शिक्षकों सहित सभी संवर्ग के स्थानांतरण प्रारंभ करना, 06 वर्षों से लंबित पदोन्नितयां करना, विद्यालयों में रिक्त पदों को शीघ्र भरना, जर्जर स्कूल भवनों के निर्माण व मरम्मत हेतु शीघ्र पर्याप्त बजट आवंटित करना तथा वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट अनिवार्यता से मुक्त करने हेतु केंद्र सरकार से कानून बनवाने जैसी महत्वपूर्ण मांगें शामिल हैं।

## जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**फुलेरा ( निस )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सत्र न्यायाधीश) माधवी दिनकर के मार्गदर्शन में गुरुवार को फुलेरा-सांभरलेक क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस क्रम में तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्र.1) अरविन्द कुमार जांगिड़ द्वारा सेङ्ग हरिकिशन सोमानी आदर्श विद्या मंदिर, सांभर लेक में, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट जयश्री लमोरिया द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, काचरोदा में तथा न्यायाधिकारी ङ्खाम न्यायालय भानुप्रिया सेहरा द्वारा पीएम श्री सेङ्ग सूरजमल अङ्गवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, फुलेरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में विधिक साक्षरता बढ़ ाना तथा उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनाना रहा। इस दौरान विद्यार्थियों को ऑनलाइन साइबर सुरक्षा, उससे जुड़े जोखिमों, बचाव उपायों और कानूनी प्रावधानों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। सचिव तालुका विधिक सेवा समिति, सांभर लेक रणजीत सिंह राङ्गौड़ एवं लीगल एड असिस्टेंट चांदमल सांभरिया ने बताया कि विद्यालयों में कोर्ट वाली दीदी के नाम से बाल-अनुकूल शिकायत/सुझाव पेटी स्थापित की गई है।

# कलेक्टर ने फुटबाल के किक मारा, प्रतियोगिता शुरु

**दौसा ( निसं. ) ।** दौसा जिला स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत गुरुवार को भवानी स्पोर्ट्स क्लब मैदान में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। यह मुकाबला भवानी क्लब एवं मान क्लब के बीच खेला गया, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शानदार खेल प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा एवं अन्य अतिथियों द्वारा दोनों टीमों के परिचय

■ खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

■ दौसा जिला स्थापना दिवस समारोह

एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके पश्चात जिला कलक्टर ने फुटबॉल को किक मारकर मैच की औपचारिक शुरुआत की। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए रोमांचक प्रतिस्पर्धा प्रस्तुत की, जिसका उपस्थित दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। आयोजन स्थल पर खेल प्रेमियों की अच्छी खासी भीड़ रही और सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिला कलक्टर ने कहा कि पंच गौरव के अंतर्गत एक जिला एक खेल



जिला कलेक्टर सौम्या झा ने फुटबॉल के किक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

पहल के तहत दौसा जिले में फुटबॉल को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो अपने आप में रुचिकर एवं विशिष्ट खेल है। उन्होंने आमजन से अपील की कि जिला स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित आगामी कार्यक्रमों में भी अधिक से अधिक सहभागिता निभाएं। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदी चंद गंगवाल ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करना तथा जिला स्थापना दिवस को उत्साहपूर्वक मनाना है। आयोजन के सफल संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों एवं आयोजकों द्वारा समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला, उपखंड अधिकारी संजू मीणा, जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश मीणा, जिला खेल अधिकारी मनोज शर्मा, क्लब अध्यक्ष राजेश डगलाव, ओमप्रकाश बापीवाल, क्लब महासचिव अमरेश जाकड़ सहित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी, शारीरिक शिक्षक, क्लब पदाधिकारी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

# पेट्रोलियम पाइप लाइन से करोड़ों रुपए का क्रूड ऑयल चुराने वाले गिरोह का खरीददार गिरफ्तार

**आरोपी राजीव सिंघल गाजियाबाद में श्री गणपति ऑयल ट्रेडर्स का संचालक है, पिछले 15 वर्षों से इस गोरखधंधे में लिप्त था**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने पेट्रोलियम पाइपलाइन से क्रूड ऑयल चोरी करने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस संगठित चोरी के मामले में एसओजी ने कार्रवाई करते हुए चोरी के तेल के मुख्य खरीददार राजीव सिंघल को जयपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी गाजियाबाद में श्री गणपति ऑयल ट्रेडर्स का संचालक है और पिछले 15 वर्षों से इस काले कारोबार में शामिल है।



आरोपी राजीव सिंघल

- **आरोपियों ने शाहजहांपुर में खेत किराए पर लेकर उसके चारों ओर 10 फीट ऊंची दीवार बनाई और भूमिगत चैम्बर बनाकर 360 फीट लंबी सुरंग तैयार की**
- **जांच में सामने आया कि गिरोह ने मात्र 2 महीने के भीतर करीब 36 टैंकर यानी 9.58 लाख लीटर कच्चा तेल पार कर दिया। चुराए हुए तेल की अनुमानित कीमत 6.70 करोड़ रु. आंकी गई है ।**

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि आरोपियों ने शाहजहांपुर क्षेत्र में एक खेत किराए पर लेकर उसके चारों ओर 10 फीट ऊंची दीवार खड़ी कर दी थी। खेत के अंदर कमरे और भूमिगत चैम्बर बनाकर पाइपलाइन तक पहुंचने के लिए लगभग 360 फीट लंबी सुरंग खोदी गई। गिरोह ने निगरानी के लिए वहां कैमरे और इंटरनेट कनेक्शन भी लगा रखे थे।

जांच में सामने आया कि गिरोह ने मात्र दो महीने (नवंबर 2024 से जनवरी 2025) के भीतर करीब 36 टैंकर यानी 9.58 लाख लीटर कच्चा तेल पार कर दिया। गिरफ्तार आरोपी राजीव सिंघल इस चोरी के तेल को मात्र 30-35 रुपये प्रति लीटर में खरीदता था, जबकि बाजार में इसकी कीमत लगभग 70 रुपये प्रति लीटर है। चोरी किए गए कुल तेल की अनुमानित कीमत करीब 6.70 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस प्रकरण में फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश दिनेश राठी को भी दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अलावा गिरोह के अन्य सदस्य महावीर, सुदीप जिंदल, अशोक कुमार चौहान और विजय पाल सिंह को हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के विभिन्न इलाकों से दबोचा गया है। मुख्य सरगना सहित अब तक कुल 8 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। पकड़े गए मुख्य खरीददार राजीव सिंगल को कोर्ट में पेश कर 15 अप्रैल 2026 तक पुलिस रिमांड पर लिया है। एसओजी टीम अब गिरोह के नेटवर्क और अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

# आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा लगाते चार गिरफ्तार



-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जवाहर सर्किल थाना पुलिस और जिला विशेष ईस्ट की स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए चार सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त ऑल पैनल एक्चैज एप के जरिए ग्राहकों को जोड़कर लाइन मैच का सट्टा खिलवाते है।

डीसीपी ईस्ट रंजीता शर्मा ने बताया कि सूचना मिली थी कि जवाहर सर्किल स्थित गोकुल धाम अपार्टमेंट - 2 में एक फ्लैट में दिल्ली कैपिटल्स वर्सेज गुजरात टाइटंस मैच का ऑन लाइन सट्टे का व्यवसाय किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर किशन मीणा (32), खालिद (24), कुशाल थदानी (30) और दिनेश (30) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ऑनलाइन सट्टे के काम में लिए जाने वाले उपकरण 1 लैपटॉप, 1 आईपैड, 2 एंड्रॉयड मोबाइल, 2 कीपैड फोन, 1

- **मोबाइल एप के जरिए ग्राहकों को जोड़कर देते थे मैच का भाव**
- **पुलिस ने मौके से जब्त की लाखों रुपए के हिसाब की पर्चियां**

कैलकुलेटर और 2 लाख रुपए से ज्यादा का ऑनलाइन हिसाब जब्त किया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार सटोरिए ऑल पैनल एक्सचेंज एप के जरिए ग्राहकों को जोड़कर लाइव मैच के भाव उपलब्ध कराते थे। ग्राहक अपनी पसंद की टीम और स्कोर पर रकम लगाते थे। हार-जीत के बाद आरोपी फोन और कैश के जरिए हिसाब निपटाते थे। इसके लिए अलग से एक व्यक्ति को सिर्फ ऑनलाइन हिसाब-किताब संभालने के लिए बैठाया गया था।

# लोन इंश्योरेंस का क्लेम नहीं देने पर बीमा कंपनी पर हर्जाना

**जयपुर** (कासं)। जिला उपभोक्ता आयोग क्रम- 4 ने लोन को सुरक्षित करने के लिए बीमा देने और इस दौरान ऋणी की मौत के मामले में बीमा कंपनी नीवा बूपा को आदेश दिए हैं कि वह लोन की बकाया राशि 48.12 लाख व 11.46 लाख रुपए बैंक को तीन माह में अदा करे। वहीं आयोग ने बैंक को कहा है कि वह परिवादी से किसी तरह की पेनल्टी वसूल नहीं करे। इसके साथ ही आयोग ने बीमा कंपनी पर क्लेम नहीं देने पर पचास हजार रुपए का हर्जाना भी लगाया है। आयोग अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा और सदस्य पूजा मित्तल व नीलम शर्मा ने यह आदेश मिंटू शर्मा की ओर से दायर परिवाद पर सुनवाई करते हुए दिए। परिवाद में कहा गया कि उसके पति ने बैंक से अपनी संपत्ति पर 12 लाख रुपए का लोन लिया था। वहीं बाद में बेटे के कैंसर के इलाज के लिए रुपए की जरूरत होने पर पचास लाख रुपए का और लोन ले लिया। इस दौरान लोन राशि को सुरक्षित करने के लिए बैंक ने दोनों लोन खातों पर परिवादी का बीमा कर

- **जिला उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी नीवा बूपा को आदेश दिए हैं कि लोन की बकाया राशि 48.12 लाख व 11.46 लाख रु. बैंक को 3 माह में चुकाएं।**

दिया। जिसकी अवधि नवंबर, 2021 से नवंबर, 2026 तक थी। परिवाद में कहा गया कि मार्च, 2023 में उसके बेटे की मौत होने के बाद 18 अगस्त, 2023 को उसके पति की भी मौत हो गई। परिवाद में कहा गया कि लोन देते समय बैंक की ओर से कहा गया था कि उसके पति की मौत होने की स्थिति में बीमा कंपनी से लोन राशि कवर कर ली जाएगी। इस पर परिवादी ने बीमा कंपनी से संपर्क किया, लेकिन बीमा कंपनी ने कई दस्तावेज मांगने के बाद आखिर में उसका क्लेम खारिज कर दिया।

# बी.एस.टी.सी. परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाने वाले गिरोह का मुख्य गुर्गा शंभूलाल गिरफ्तार

**एस.ओ.जी. ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सेंधमारी करने वाले गिरोह का खुलासा किया**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सेंधमारी करने वाले एक और संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। एसओजी ने बीएसटीसी परीक्षा 2019 और 2020 में मूल अभ्यर्थियों के स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठाकर पास कराने वाले गिरोह के मुख्य सदस्य शंभूलाल वडेरा को गिरफ्तार कर लिया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं, बीकानेर द्वारा आयोजित इन परीक्षाओं में अनियमितताओं की शिकायत मिलने पर एसओजी ने गहन अनुसंधान शुरू किया था। इस मामले में उदयपुर ग्रामीण क्षेत्र के 12 मूल अभ्यर्थियों को पहले ही गिरफ्तार कर



गिरफ्तार आरोपी शंभुलाल

न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

जांच के दौरान एसओजी ने बीकानेर विभाग से परीक्षा के मूल दस्तावेज प्राप्त किए। जब इन दस्तावेजों पर किए गए हस्ताक्षरों और लिखावट का विधि विज्ञान प्रयोगशाला में परीक्षण करवाया गया, तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। रिपोर्ट

- **आरोपी शंभुलाल ने वर्ष 2019 व 2020 की परीक्षाओं में की थी धांधली**
- **इस मामले में उदयपुर ग्रामीण क्षेत्र के 12 मूल अभ्यर्थियों को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।**

में स्पष्ट हुआ कि परीक्षा में उपस्थित होने वाले व्यक्तियों के हस्ताक्षर मूल अभ्यर्थियों से मेल नहीं खाते, जिससे यह प्रमाणित हो गया कि परीक्षा डमी अभ्यर्थियों ने दी थी। गिरफ्तार आरोपी शंभूलाल वडेरा, निवासी फलासिया (उदयपुर), गिरोह का सक्रिय सदस्य है। वह ग्रामीण क्षेत्रों के भोले-भाले अभ्यर्थियों से संपर्क कर उन्हें परीक्षा पास कराने का झांसा देता था। इसके बदले वह उनसे मोटी रकम और दस्तावेज वसूलता था। शंभूलाल ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह आरोपी अशोक विश्नोई के साथ मिलकर ऑनलाइन आवेदन भरता था और परीक्षा के समय असली अभ्यर्थी की जगह डमी परीक्षार्थी को बैठाने का प्रबंध करता था।

एसओजी ने आरोपी शंभूलाल को को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे 13 अप्रैल 2026 तक पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है। रिमांड के दौरान एसओजी गिरोह के अन्य सदस्यों और डमी अभ्यर्थियों के नेटवर्क के बारे में पूछताछ करेगी।

## सार-समाचार

### पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में 7 टीमें शामिल



**जयपुर** । विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के मार्गदर्शन मे तृतीय अंतर जिला रेंज स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन चांदपोल जयपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता मे कुल 07 टीमों-उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, मेट्रो, यातायात एवं पुलिस लाइन-ने भाग लिया। प्रतियोगिता में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, आर्म्स रेसलिंग, बास्केटबॉल एवं योगा खेल आयोजित हुए, जिसमें कुल 112 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (यातायात एवं प्रशासन) योगेश दाधीच, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) राजेश कांवट, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पार्थ शर्मा एवं लखन मीणा सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलाम महाविद्यालय के भवन का शुभारंभ



**जयपुर** । ए.पी.जे. अब्दुल कलाम राजकीय कन्या महाविद्यालय गंगापोल के नव-निर्मित भवन का शुभारंभ हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने किया। उन्होंने फीता काटकर भवन में प्रवेश कराया। इसके पश्चात सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत पारीक ने की, जबकि संचालन चेतन सहल द्वारा किया गया। विधायक बालमुकुंदाचार्य ने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ खेल-कूद में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल गतिविधियाँ अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन से प्रेरणा लेने तथा उनके आदर्शों को अपनाने का आव्हान किया। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण, टेबल टेनिस, कैरम बोर्ड एवं शतरंज जैसी इनडोर खेल सुविधाओं की व्यवस्था तथा खेल सामग्री उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही पुस्तकालय के सुदृढ़ीकरण, कंप्यूटर लैब की स्थापना तथा कैंटीन प्रारंभ करने की भी सहमति प्रदान की।

### आरएए इंडिया की कार्यकारिणी घोषित

**जयपुर** । आरजे एंड एंकर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएए इंडिया) द्वारा नई कार्यकारिणी के सम्मान में समारोह का आयोजन कूकस स्थित विरासत हेरिटेज रेस्टोरेंट में किया। फाउंडर्स मनु.के.मीना और दीपक गौतम ने बताया कि इस अवसर पर देश के विभिन्न शहरों से रेडियो जॉकी, एंकर, इवेंट मैनेजर एवं ट्रैवल इंडस्ट्री से जुड़े प्रोफेशनल्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं तथा आपसी नेटवर्किंग और सहयोग को सशक्त बनाने पर जोर दिया। नई कार्यकारिणी में एंकर अजीत सिंह, अध्यक्ष; डेविड एवं शिप्रा शर्मा, उपाध्यक्ष; पल ओबेरॉय, महासचिव; कौशल सोनी, कोषाध्यक्ष; कुनाल धवर एवं रचित गुप्ता, संयुक्त सचिव; चेतन छाबड़िया, सांस्कृतिक प्रमुख रहे। इसके साथ ही आरएए इंडिया ने विभिन्न राज्यों के लिए अपने स्टेट एंबेसडर की भी घोषणा की जिसमें राजस्थान में कबीर सिंह; दिल्ली एन सी आर में साहिल बजाज; उत्तर प्रदेश में आरजे सुगंधा कपूर; पश्चिम बंगाल में सम्रागी खंडेलवाल और छत्तीसगढ़ में रानी साहू को चुना गया।

### आदिनाथ प्रश्नोत्तरी के परिमाण जारी

**जयपुर** । अखिल भारतीय जैन बैंकर्स जयपुर द्वारा आदिनाथ जन्म कल्याणक अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी के परिणाम घोषित कर दिए गए है। संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर डॉ. निशा जैन अंबाला कैंट, डी.सी.जैन गुड़गांव, विमल जैन अलवर ने एवं द्वितीय स्थान सुरेश कुमार जैन मंगलम आनंदा, साधना जैन गुड़गांव, रितिका जैन गुड़गांव एवं नवलकिशोर शांतिनगर जयपुर ने प्राप्त किया है। अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर के अध्यक्ष भाग चन्द जैन मित्रपुरा ने बताया कि देश की विभिन्न स्थानों यथा ग्वालियर, गाजियाबाद, बाराबंकी, उदयपुर, पांडिचेरी, बड़ौत, बोरसदा, गुरुग्राम, कोटा, दिल्ली, रेवाड़ी, रामगंज मंडी, देहरादून, जलपाईगुड़ी, फरीदाबाद, सनावद, बुढ़ाना, नागपुर, इंदौर, सवाईमाधोपुर, मनाली व जयपुर के प्रतिभागी जुड़े।

# घर के बाहर बैठी बुजुर्ग महिला को बेकाबू वैन ने कुचला, मौत

**जयपुर ( कासं )**। महेश नगर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में घर के बाहर बैठी बुजुर्ग महिला को एक तेज रफ्तार वैन ने कुचल दिया। जानकारी के अनुसार हादसे में महिला को करीब 15 फीट तक घसीटते हुए ले जाया गया। जिससे उसकी मौके पर ही गंभीर हालत हो गई और बाद में अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इस हादसे के बाद चालक वैन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और वैन को जब्त कर लिया, जिसके आधार पर पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है। इस मामले की जांच पड़ताल सड़क दुर्घटना थाना दक्षिण पुलिस की ओर से की जा रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम जयपुरिया अस्पताल में करवाकर गुरुवार को परिजनों को सौंप दिया गया।

जांच अधिकारी एएसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि यह घटना चौधरी कॉलोनी करतारपुरा की है। वहीं मृतका की पहचान कलावती गुर्जर (63) के रूप में हुई है। जो अस्थमा की मरीज थीं। सांस लेने में दिक्कत होने पर वे घर के बाहर बैठी थीं और पास में खड़े लोगों से बातचीत कर रही थीं। इसी दौरान गली में कुछ दूरी पर खड़ी एक वैन को चालक ने स्टार्ट किया और लापरवाही से चलाते हुए महिला की ओर बढ़ा दिया। वैन ने महिला को टक्कर मारते हुए उन्हें नीचे गिरा दिया और करीब 15 फीट तक घसीटते हुए निकल गई। पास में खड़े दो लोग समय रहते

- **आरोपी वैन चालक ने टक्कर के बाद वृद्धा को 15 फीट तक घसीटा**
- **वारदात के बाद वैन छोड़कर फरार हुआ आरोपी, पुलिस उसकी तलाश में जुटी**

पीछे हट गए, जिससे उनकी जान बच गई।

इस हादसे के बाद चालक वैन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग तुरंत घरों से बाहर आ गए। गंभीर रूप से घायल महिला को तुरंत एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और वैन को जब्त कर लिया। इस घटना के मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। जांच अधिकारी एएसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि मृतका के पति हनुमान सहाय का करीब एक माह पहले ही बीमारी के चलते निधन हो चुका था। उनके तीन बेटे हैं। इस हादसे के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार चालक की तलाश के प्रयास जारी हैं।

# भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य करें : मदन दिलावर

**जयपुर** । मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि जल स्वावलंबन अभियान का मूल उद्देश्य समझना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भूजल स्तर में लगातार हो रही गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके कारणों का विश्लेषण कर प्रभावी समाधान ढूंढना होगा। उन्होंने जल दोहन को नियंत्रित करने तथा अधिक से अधिक जल पुनर्भरण (वॉटर रिचार्ज) के उपाय अपनाने के कार्य करने के निर्देश दिए। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के अंतर्गत कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) को बढ़ावा देने के संबंध में कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

दिलावर ने कहा कि जल स्तर बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर पौधारोपण, चारागाह विकास, तालाबों एवं एनीकेट (छोटे बांध) का निर्माण, विलुप्त नदियों का पुर्नजीवित तथा अन्य जल स्त्रोतों का सृजन आवश्यक है।

दिलावर ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में गौ वंश के संरक्षण को लेकर कार्य योजना बनाने पर भी चर्चा कर निर्देश दिए। उन्होंने कार्यशाला में पोलीथीन का इस्तेमाल नहीं करने का संकल्प भी दिलाया। पंचायत राज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान एक व्यापक एवं महत्वपूर्ण योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य बहते हुए जल को रोककर उसका संरक्षण करना है। उन्होंने सिरोही जिले में धरातल जल स्तर में आई उल्लेखनीय वृद्धि का उदाहरण देते हुए वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई।

कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को पंत कृषि भवन,



जयपुर के सभा कक्ष में किया गया। इसमें पंचायती राज विभाग के शासन सचिव एवं आयुक्त डॉ. जोगाराम ने सीएसआर के कार्यों एवं सरकार द्वारा जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग की निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव कल्पना अग्रवाल ने भी विभागीय योजनाओं की प्रगति व आगामी कार्ययोजना बताई।

कार्यशाला के दौरान 1 दिसंबर 2025 को आयोजित सीएसआर कॉन्फ्रेंस की समीक्षा की गई, जिसमें लगभग 140 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्धताएं प्राप्त हुई थीं। इन कार्यों की प्रगति का आकलन करते हुए सीएसआर के तहत किए जा रहे कार्यों के प्रावधान, कार्य योजना, वित्तीय स्वीकृति एवं विस्तृत परियोजनाओं पर गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं के साथ एमओयू भी संपन्न किए गए तथा विकास कार्यों को लेकर कई महत्वपूर्ण समझौते किए गए और विकास कार्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

# पचपदरा रिफाइनरी और जयपुर मेट्रो फेज-2 से राजस्थान का होगा कायाकल्प : सतीश पूनिया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा तथा गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गुरूवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने भजनलाल सरकार के 2 वर्षों के विकास कार्यों पर खुलकर बातचीत की। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा राजस्थान को दी गई दो बड़ी सौगातों पचपदरा रिफाइनरी तथा जयपुर मेट्रो फेज-2 की विस्तार से जानकारी साझा की।

सतीश पूनिया ने कहा कि केंद्र सरकार की कैबिनेट ने राजस्थान के लिए दो बड़ी सौगातें दी हैं। पहली सौगात पचपदरा रिफाइनरी, जिसकी संशोधित लागत 79459 करोड़ रुपये को मंजूरी मिली है, इसका उद्‌घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 अप्रैल को करेंगे। यह परियोजना पश्चिमी राजस्थान का कायाकल्प करेगी और लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी। कांग्रेस की लटकाओ-भटकाओ, केवल घोषणा और शिलान्यास वाली कार्य संस्कृति के कारण परियोजना में भारी विलंब हुआ, जिससे लागत बढ़ गई, लेकिन भाजपा सरकार ने इस परियोजना



**हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा तथा गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गुरूवार को जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की।**

में 40000 करोड़ रुपये राजस्थान के लिए बचाए। यदि कांग्रेस के कारण देरी न हुई होती तो इस संकट के समय राजस्थान को इसका लाभ मिलता।

जयपुर मेट्रो फेज-2 के संबंध में सतीश पूनिया ने बताया कि यह 41 किलोमीटर लंबी परियोजना है, जो कांग्रेस शासनकाल के फेज-1 जो मात्र 11 किलोमीटर थी की तुलना में चार गुना बड़ी है। यह सीतापुरा से वीकेआई को जोड़ेगी। इसकी कुल लागत 13037 करोड़ रुपये है, जिसमें केंद्र सरकार का बराबर का सहयोग प्राप्त होगा। कांग्रेस काल में फेज-1 केवल चुनावी लाभ के लिए शुरू किया गया और उसका पूरा भार राज्य पर डाला गया, जबकि तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से कोई सहयोग नहीं मिला।

उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि 95000 करोड़ रुपये की रामजल सेतु लिंक परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। कांग्रेस शासन में केंद्र और राज्य दोनों जगह कांग्रेस सरकार होने के बावजूद इस पर कोई काम नहीं हुआ । मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस सरकार के

- **भजनलाल के भागीरथ प्रयासों से राजस्थान में हुई जल उपलब्धता सुनिश्चित : बैरवा**

दौरान कोई प्रगति नहीं हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हाल ही में इसकी प्रगति की समीक्षा की। नवनेरा बैराज एवं ईश्वरदा बांध का कार्य पूर्ण हो चुका है। रामगढ़ बैराज, फीडर निर्माण एवं अन्य कार्यों हेतु 9416.70 करोड़ रुपये के कार्य शुरू किए गए । इससे पूर्वी राजस्थान के 17 जिलों को लाभ मिलेगा, 4 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी तथा 3 करोड़ आबादी को फायदा पहुंचेगा।


यमुना जल समझौते के तहत 35000 करोड़ रुपये का एमओयू किया गया और डीपीआर का कार्य तेजी से चल रहा है। चार दशक तक कांग्रेस ने केवल चुनावी लाभ लिया, लेकिन इस क्षेत्र में पानी की एक बूंद भी लाने का कोई प्रयास नहीं हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भागीरथ बनकर इस संकल्प को पूरा किया। जल जीवन मिशन के तहत मात्र दो वर्षों में 15 लाख ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया गया, इस पर 11440 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

उन्होंने कहा कि, ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। 1.93 लाख करोड़ से 42438 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन हेतु एमओयू किए गए। पीएम कुसुम योजना में राजस्थान देश में अग्रणी राज्य है तथा सौर ऊर्जा उत्पादन में भी राजस्थान पहले स्थान पर है। सड़क विकास, शहरी एवं ग्रामीण विकास तथा आवास निर्माण के क्षेत्र में पिछले 2 वर्षों में अभूतपूर्व कार्य हुए । पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 2.14 लाख आवास पूर्ण किए गए । स्वच्छ भारत मिशन में 2.91 लाख व्यक्तिगत शौचालय तथा 5027 सामुदायिक शौचालयों का निर्माण हुआ। पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 76 लाख किसानों को 12410 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए, इसमें प्रतिवर्ष 9000 रुपये सीधे किसानों को बैंक खातों में दिए गए। मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दिल्ली से राजस्थान के लिए नई परियोजनाएं लाते हैं, जबकि अशोक गहलोत रिचार्ज डलवाने जाते थे।

## अरविंद शर्मा संभालेंगे अतिरिक्त कुलसचिव का कार्यभार



**जयपुर** । राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर में प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण एवं कार्यकुशलता को अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अरविंद कुमार शर्मा को अतिरिक्त कुलसचिव का कार्यभार सौंपा गया है। वे वर्तमान में विश्वविद्यालय में उप कुलसचिव के पद पर कार्यरत हैं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी आदेशानुसार शर्मा यह दायित्व तत्काल प्रभाव से ग्रहण करेंगे। यह व्यवस्था एक वर्ष अथवा आगामी आदेश तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगी। उल्लेखनीय है कि अरविंद कुमार शर्मा को विश्वविद्यालय प्रशासन के विभिन्न महत्वपूर्ण अनुभागों-शोध, योजना-परियोजना, संस्थापन, सामान्य प्रशासन तथा लेखा-वित्त-में कार्य करने का व्यापक अनुभव प्राप्त है। उनके इस बहुआयामी अनुभव से विश्वविद्यालय की प्रशासनिक कार्यप्रणाली में और दक्षता, पारदर्शिता एवं गतिशीलता आने की अपेक्षा की जा रही है।




## International Kids Yoga Day: Promoting Healthy Minds And Active Bodies

International Kids Yoga Day highlights the importance of introducing yoga to children at an early age to support their physical and mental well-being. Celebrated to encourage healthy lifestyles among young minds, the day promotes simple yoga practices that improve flexibility, concentration and emotional balance. Schools, parents and wellness organisations often organise yoga sessions and fun activities to help children learn basic poses in an engaging way. Regular yoga practice can also help kids manage stress, build confidence and develop mindfulness. The occasion serves as a reminder that nurturing healthy habits in childhood can contribute to a balanced and active life.

#NUTMEG

# Wars Over Nutmeg

### The Brutal History Of Massacres and Bloodshed in the Spice Trade





Nutmeg, a fragrant and valuable spice, has been prized for centuries for its flavour and supposed medicinal properties. Today, it might just be a humble kitchen staple, but its history is anything but mild. The quest to control the nutmeg trade led to some of the most brutal massacres and acts of violence in history, highlighting the deadly consequences of European colonial ambitions and the ruthless spice trade.

**The Banda Islands: The Nutmeg Heartland**

The Banda Islands, a small archipelago in present-day Indonesia, were the only source of true nutmeg until the 18th century. This made the islands extraordinarily valuable, attracting the attention of powerful European colonial powers, primarily the Portuguese, Dutch, and British.

**The Banda Massacre: Dutch Colonial Brutality**

One of the darkest chapters in the history of nutmeg trade is the Banda Massacre of 1621. The Dutch East India Company (VOC), determined to monopolize the nutmeg trade, launched a brutal campaign against the indigenous Bandanese people.

When the Bandanese resisted Dutch demands to surrender their nutmeg crops and submit to Dutch rule, the VOC responded with overwhelming military force. Led by Governor Jan Pieterszoon Coen, Dutch forces invaded the islands, slaughtering thousands of local inhabitants. Historical estimates suggest that up to 15,000 Bandanese people were killed, either in battle or through executions.

The massacre didn't stop at killing. The Dutch systematically enslaved surviving locals and repopulated the islands with imported slaves and Dutch settlers to maintain control over nutmeg production. This brutal event effectively ended indigenous resistance and established Dutch dominance over the nutmeg trade for centuries.

**The Nutmeg Wars and Colonial Competition**

The Banda Massacre was part of a larger pattern of violent conflicts over nutmeg and other spices during the height of European colonial expansion. Nutmeg's value was immense, it was considered a luxury item in Europe, used to flavour food, preserve meat, and even as a medicinal remedy.

European powers frequently resorted to military force and brutal tactics to control the spice routes, leading to numerous violent clashes, forced labour, and exploitation of indigenous populations throughout Southeast Asia.

**The Human Cost of Spices**

While today, nutmeg may seem innocuous, its history serves as a stark reminder of how the global appetite for luxury and profit fueled colonial violence. The spice trade helped build vast empires but also caused immense suffering, displacement, and loss of life.

The Bandanese massacre stands as one of the most tragic examples of this dark history, where a small island's inhabitants paid a devastating price for the world's demand for a simple spice.

Nutmeg's legacy is layered with flavours of both culinary delight and colonial brutality. The spice that once symbolized wealth and power was at the center of some of the most ruthless acts of violence in history. Understanding this history helps us appreciate the human cost behind the spices that shaped global trade and modern society.



# A Best Seller Dead Or Alive

Her funeral at the church of the Madeleine drew crowds. Charles Dickens attended and later wrote that Paris mourned 'as though Marie was Jeanne d'Arc or some other national heroine, so profound was the general sadness.' Within weeks, all her belongings were auctioned off, furniture, jewels, books, even her pet parrot. Fashionable Paris turned out, not to bid, but to gawk. And Alexandre Dumas fils, consumed by guilt for avoiding her in her final weeks, locked himself away and wrote a novel in seven days. He called it La Dame aux Camélias, 'The Lady of the Camellias.' He changed her name to Marguerite Gautier and rewrote their story the way he wished it had been: tragic, romantic, redemptive. In his version, she gives up everything for love. She dies nobly, beautifully, redeemed by suffering. The book became a bestseller.

#THE COURTESAN

● Kshema Jatuhkarna

She was sold by her father at 13, dead by 23, but in between, she became the woman who made Paris kneel. Her name was Marie Duplessis. But that wasn't the name she was born with. She was born Alphonsine Rose Plessis on January 15, 1824, in a tiny village in Normandy, France. Her father was a violent alcoholic. Her mother, the last surviving member of an impoverished noble family, fled when Alphonsine was still small, seeking work as a maid in Paris. She died when Alphonsine was six.

Alphonsine was alone with a father who didn't want her. At 12, she was raped by a farmhand. The family she'd been living with blamed her and sent her back to her father. At 13, her father sold her to a man in his 70s named Plantier, who lived in the middle of nowhere. She escaped. Multiple times. She'd run to nearby villages, find work in laundries or shops, anything to survive. But her father kept finding her, kept dragging her back, kept trying to sell her labour, or her body, to whoever would pay.

At 15, she made it to Paris. She was an orphan now, hungry, wearing rags, sleeping wherever she could find space. A theater director later remembered seeing her on the Pont-Neuf, staring longingly at a fried potato stall. He bought her a cornet of fries out of pity. Less than a year later, he saw that same starving girl on the arm of a nobleman at the Ranelagh Gardens. Alphonsine had transformed herself into Marie Duplessis. She chose 'Marie' after the Virgin Mary, a deliberate irony, perhaps, for a girl who'd been robbed of her innocence before she understood what innocence was. She added 'Du' to her surname to sound aristocratic.

> She understood something fundamental: if the world had decided that she had no value except her beauty, she would make that beauty cost more than anyone could afford, and then make them pay anyway. By 16, she'd learned what other pretty girls in her position learned: prominent men would give her money, apartments, jewels, horses, anything, for her company.

She taught herself to read, learned to speak French without her Norman accent, studied newspapers every morning so that she could discuss current events with wealthy men. She understood something fundamental: if the world had decided that she had no value except her beauty, she would make that beauty cost more than anyone could afford, and then make them pay anyway. By 16, she'd learned what other pretty girls in her position learned: prominent men would give her money, apartments, jewels, horses, anything, for her company.

She stopped working in dress shops for pennies and became a courtesan. But Marie wasn't like other courtesans. She was elegant. Graceful. Witty. She hosted a literary salon in her apartment where politicians, writers, and artists gathered, not just to bed her, but to talk with her. Honoré de Balzac attended. She had a box seat reserved for opening night at every major theater. She collected art. She owned 200 books. She wore camellias-white when she was available, red when she wasn't. It became her signature. The flower had no scent, which was perfect for a woman whose life was about being seen, not known.

Franz Liszt, the first international music superstar, a man who caused 'Lisztomania' across Europe, fell in love with her. He wanted to take her to Constantinople. He promised to return for her. He never did. Alexandre Dumas fils, son of the famous novelist, fell in love with her too. They had an 11-month affair starting in September 1844. He was young, broke, and wildly jealous of the men who could actually afford to keep her. By August 1845, she'd had enough. He never forgave her. He never forgot her. But Marie kept moving.

She married Count Édouard de Perregaux in England in 1846, a marriage of convenience that wasn't legally recognized in France, which suited her fine. She wanted access to his money and his name without giving up her freedom. Because here's what people miss about Marie Duplessis: she spent lavishly, yes. She gambled. She wore the finest clothes, rode imported English horses, lived in luxury apartments filled with Louis XV furniture and silk hangings. But she also gave. Generously. She helped other prostitutes. She donated to charities.

When she died, the women she'd helped showed up to her funeral, weeping. Not because she'd been kind in some abstract, patronizing way, but because she'd understood. She'd been where they were. And she'd pulled them up when she could. Marie lived as if she knew her time was short. Maybe, she did. Tuberculosis, the 'romantic disease' of the era, the illness that made you cough blood and waste away beautifully, was already killing her. In 1847, she was spending more time at health spas than in Paris, desperately trying to buy herself more time. It didn't work. On February 3, 1847, Marie Duplessis died in her apartment on the Boulevard de la Madeleine. She was 23 years old. The bailiffs were already ransacking her luxury apartment to pay off her debts as she took her last breath.

Her funeral at the church of the Madeleine drew crowds. Charles Dickens attended and later wrote that Paris mourned 'as though Marie was Jeanne d'Arc or some other national heroine, so profound was the general sadness.' Within weeks, all her belongings were auctioned off, furniture, jewels, books, even her pet parrot. Fashionable Paris turned out, not to bid, but to gawk.

And Alexandre Dumas fils, consumed by guilt for avoiding her in her final weeks, locked himself away and wrote a novel in seven days. He called it La Dame aux Camélias, 'The Lady of the Camellias.' He changed her name to Marguerite Gautier and rewrote their story the way he wished it had been: tragic, romantic, redemptive. In his version, she gives up everything for love. She dies nobly, beautifully, redeemed by suffering. The book became a bestseller.

> Then, in 1853, Giuseppe Verdi saw the play and was so moved that he composed one of the most famous operas in history: La Traviata (The Fallen Woman). The novel has never been out of print. The opera is still performed worldwide. There have been three ballets, over a dozen films and countless adaptations.

Then a play. Then, in 1853, Giuseppe Verdi saw the play and was so moved that he composed one of the most famous operas in history: La Traviata (The Fallen Woman). The novel has never been out of print. The opera is still performed worldwide. There have been three ballets, over a dozen films (most famously Camille with Greta Garbo), and countless adaptations. Marie Duplessis became immortal, but as someone else's creation.

Here's what Dumas never wrote: Marie didn't die heartbroken and abandoned. Count Perrégaux rushed to her bedside in her final days. He paid for her funeral. He followed her coffin to Montmartre Cemetery, openly weeping. Here's what he never wrote: Marie once confided to a friend, "I have loved sincerely, but no one ever returned my love. That is the real horror of my life." Here's what he never wrote: Marie wasn't meek. She wasn't passive. She didn't spend her life waiting to be saved by a man's love. She survived by refusing to be owned. She took a world that gave her poverty, violence, rape, and abandonment, and turned it into a fleeting but extraordinary reign over the very men who claimed to control her. She made them compete for her. She made them pay. She made them remember her. And when tuberculosis finally claimed her, Paris wept, not for the fictional saint Dumas would create, but for the real woman who'd refused to apologize for surviving the only way she could.

She was buried honestly, under her real name: Alphonsine Plessis. Her grave is still in Montmartre Cemetery, often covered with camellias left by strangers who know her only through fiction. But the real Marie, the one who clawed her way out of poverty and abuse, who built a salon where intellectuals gathered, who helped other women even as she fought for her own survival, who loved and was never loved back, deserves to be remembered too. Not as a tragic, redemptive victim. But as what she really was: a woman who refused to be broken by a world determined to destroy her.


rajeshsharma1049@gmail.com






Marie Duplessis' Tomb.







Marie Duplessis with unknown courtier.

#GEOPOLITY

# When everyone loses: Sachs's brutal verdict on West Asia

...United States is backing a war 'it can't win' reflects a deeper skepticism about the strategic coherence of American foreign policy. From Iraq to Afghanistan, Sachs sees a pattern of overreach...

● Sukumar Sah

Top US economist Jeffrey Sachs's intervention on the West Asia conflict is striking not so much for its rhetoric, but for the breadth of its indictment, of geopolitics, of American power, and of the changing nature of state authority itself.

Calling the current crisis a 'war of losers worldwide,' Sachs is essentially arguing that there are no strategic victors in the unfolding confrontation, only varying degrees of long-term damage. His formulation pushes back against the conventional framing of regional conflicts as zero-sum contests. Instead, he sees a cascading set of consequences: economic disruption, energy insecurity, political instability, and the steady erosion of international norms. In his view, even countries not directly involved, India included, stand to lose through higher oil prices, disrupted trade routes, and heightened geopolitical uncertainty.

His warning to Gulf powers such as Saudi Arabia and the UAE is rooted in this broader assessment. For these states, which have spent the past decade repositioning themselves as hubs of stability, investment, and post-oil economic transformation, entry into a full-scale regional war would be profoundly self-destructive. Sachs's phrase 'rapid destruction' is less a prediction of immediate military defeat than a caution about systemic unraveling, financial markets fleeing, infrastructure becoming targets, and carefully cultivated global partnerships fraying overnight.

But Sachs goes further, turning his sharpest critique towards Washington. His claim that the United States is backing a war 'it can't win' reflects a deeper skepticism about the strategic coherence of American foreign policy. From Iraq to Afghanistan, Sachs sees a pattern of overreach, military engagements that expend enormous resources without delivering durable political outcomes. In West Asia, he suggests, the same logic is at play: escalation without a credible endgame.

The more controversial, and politically explosive, part of his remarks concerns the alleged presence of Elon Musk in a high-level diplomatic call involving Prime Minister Narendra Modi and former US President Donald Trump. While officially denied by India's Ministry of External Affairs, Sachs uses the episode, real or perceived, to make a larger point about the 'collapse of the constitutional order' in the United States.

Here, his critique shifts from foreign policy to political economy. Sachs argues that the growing influence of tech billionaires in matters of statecraft signals a blurring of lines between public authority and private power. When unelected individuals with vast economic clout appear, formally or informally, in diplomatic processes, it raises fundamental questions about accountability and democratic legitimacy. His phrase 'the government has been bought' is deliberately provocative, but it captures a widely debated concern: that concentrated wealth is increasingly shaping policy outcomes in ways that bypass institutional checks and balances.

Taken together, Sachs's comments reflect a worldview in which today's conflicts are not isolated events but symptoms of deeper structural crises, of governance, of global order, and of economic inequality. The West Asia conflict, in this reading, is less about territorial or ideological disputes and more about the failure of major powers to manage a rapidly changing world.

For observers in India, Sachs's remarks carry a dual resonance. On one hand, they reinforce the risks of entanglement in distant conflicts in an interconnected global economy. On the other, they highlight the shifting nature of power itself, where states, markets, and technology elites intersect in increasingly unpredictable ways.

Whether one agrees with his conclusions or not, Sachs is forcing an uncomfortable question onto the table: in a world where wars have no clear winners and governance itself appears contested, who, or what, actually holds power?













## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# हाईकोर्ट ने डीएसपी सहित चार पुलिसकर्मियों पर एफआईआर का आदेश रद्द किया

## हाईकोर्ट ने कहा कि बिना सुनवाई लोक सेवकों पर सीधे एफआईआर का आदेश गलत, पहले प्रारंभिक जांच जरूरी

■ **हाईकोर्ट ने श्रीगंगानगर की विशेष अदालत के उस आदेश को पूरी तरह रद्द कर दिया, जिसमें डीएसपी समेत चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए थे**

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने लोक सेवकों को दुर्भावनापूर्ण और बदले की भावना से दर्ज कराए जाने वाले मुकदमों से बचाने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत एक अहम कानूनी व्यवस्था दी है। जस्टिस फरजंद अली की एकल पीठ ने श्रीगंगानगर की विशेष अदालत के उस आदेश को पूरी तरह रद्द कर दिया, जिसमें डीएसपी समेत चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए थे। कोर्ट ने साफ कहा कि नए कानून बीएनएसएस की धारा 223 अब हर सरकारी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई से पहले दो जरूरी शर्तें लागू करती है, जिसमें अधिकारी को अपना पक्ष रखने का असली मौका देना और उसके वरिष्ठ अधिकारी से तथ्यात्मक रिपोर्ट लेना शामिल है।

गौरतलब है कि इस पूरे मामले की जड़ दो पक्षों के बीच चल रही कानूनी खींचतान से शुरू हुई। अनूपगढ़ थाने में अगस्त 2025 में एक पक्ष ने टेकचंद के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया। पुलिस ने जांच की और अक्टूबर में चार्जशीट दाखिल कर दी। टेकचंद ने जवाब में सितंबर में क्रॉस केस दर्ज कराया। पुलिस की जांच से नाराज होकर उसने डीजीपी विजिलेंस को शिकायत दी। जब वहां से भी मनमाफिक कार्रवाई नहीं हुई, तो उसने बिना अंतिम रिपोर्ट का इंतजार किए एक नवंबर 2025 को विशेष अदालत में उन्हीं चार पुलिसवालों डीएसपी प्रशांत कौशिक, एसआई सरदार सिंह, एसआई मनोहर सिंह और चालक किशन सिंह के खिलाफ परिवाद दायर कर दिया। इसमें 21 नवंबर को विशेष न्यायाधीश ने आदेश जारी करते हुए श्रीगंगानगर पुलिस अधीक्षक को इन चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दे दिया।

हाईकोर्ट ने इस निचली अदालत के आदेश पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे एक यांत्रिक आदेश करार दिया। हाईकोर्ट ने पाया कि विशेष न्यायाधीश ने आदेश पारित करते समय नए कानून की धारा 175(4) की जरूरी आवश्यकताओं का पूरी तरह उल्लंघन किया। कोर्ट ने कहा कि मजिस्ट्रेट ने न तो क्रॉस मुकदमों की पृष्ठभूमि देखी और न ही शिकायतकर्ता की प्रतिशोधात्मक मंशा पर विचार किया। जस्टिस फरजंद अली ने अपने रिपोर्टेबल फैसले में नए कानून की धारा 223 की विस्तृत व्याख्या की। कोर्ट ने इसे एक सुरक्षात्मक छलनी बताते हुए कहा कि यह कानून सुनिश्चित करता है कि लोक सेवकों को उनके आधिकारिक कार्यों के कारण झूठे मुकदमों में न घसीटा जाए। अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मजिस्ट्रेट सीधे एफआईआर का आदेश नहीं दे सकते। उन्हें पहले एक प्रारंभिक जांच करनी होगी।

# बीकानेर में महिला की हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

■ **मामले में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है**

**बीकानेर,** (निसं)। पुलिस ने महिला की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी विजयपाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम था। थाना प्रभारी विक्रम तिवाड़ी ने बताया कि 18 अप्रैल 2025 को परिवादी विक्रम तिवाड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17 अप्रैल 2025 की रात 7-8 लोग उनके घर पहुंचे और परिवार के साथ मारपीट की। इस दौरान उनकी मां गंभीर घायल हो गई थी, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में जयनारायण व्यास कॉलोनी थाने में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए स्पेशल टीमें बनाई गई थी। इसके बाद आरोपी विजयपाल जाट निवासी गाढ़वाला को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार इस मामले में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपी से घटना के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है और आगे की जांच जारी है। यह कार्रवाई बीकानेर आईजी, बीकानेर एसपी के निर्देश में की गई। इसमें एएसपी (शहर) और सहायक पुलिस अधीक्षक के सुपरविजन में जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को दबोचा।

# जोधपुर-रामदेवरा स्पेशल ट्रेन 19 अप्रैल को चलेगी

**जोधपुर,** (कासं)। गर्मी के मौसम में बढ़ती यात्री भीड़ को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए जोधपुर-रामदेवरा-भगत की कोठी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 19 अप्रैल को एक ट्रिप के लिए संचालित की जाएगी।

जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम हितेश यादव के अनुसार, ट्रेन संख्या 04867 जोधपुर-रामदेवरा स्पेशल 19 अप्रैल को सुबह 9.30 बजे जोधपुर से रवाना होकर दोपहर एक बजे रामदेवरा पहुंचेगी। वहीं वापसी में 04868 रामदेवरा-भगत की कोठी स्पेशल उसी दिन दोपहर दो बजे रामदेवरा से प्रस्थान कर शाम 5.30 बजे भगत की कोठी पहुंचेगी। ट्रेन में कुल दस कोच होंगे, जिनमें आठ सामान्य श्रेणी के अनारक्षित डिब्बे और दो एसएलआर कोच शामिल रहेंगे। ट्रेन रास्ते में राईका बाग, मंडोर, मारवाड़ मथानिया, तिंवरी, ओसियां, मारवाड़ लोहावट और फलोदी सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव करेगी, जिससे यात्रियों को रामदेवरा आवागमन में विशेष सुविधा मिलेगी।

# शराब पार्टी के दौरान हवाई फायरिंग, आरोपी गिरफ्तार

■ **बिना लाइसेंस दोस्त की बंदूक से हवाई फायर, आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज**

**बीकानेर,** (निसं)। शहर के मुक्ताप्रसाद नगर थाना क्षेत्र में बीती रात हर्ष फायरिंग का मामला सामने आया है, जिससे अमरनाथ कॉलोनी क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। शराब पार्टी के दौरान एक युवक ने खुशी में बंदूक से चार राउंड हवाई फायर कर दिए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हवाई फायरिंग की आवाज सुनकर कॉलोनी के निवासियों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने ऐसी घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

पुलिस के अनुसार सूचना मिलने पर टीम बीकाजी फैक्ट्री के पीछे मौके पर पहुंची। वहां एक युवक हाथ में बंदूक और हॉकी स्टिक लिए दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे दबोच लिया गया। मौके की जांच के दौरान जमीन से कारतूस के चार खाली खोल भी बरामद किए गए। गिरफ्तार युवक की पहचान अशोक कुमार (36) निवासी हम्मीरवास, जिला चूरू के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 12 बोर डबल बैरल बंदूक और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। प्राथमिक पूछताछ में आरोपी ने हवाई फायरिंग करने की बात स्वीकार की। जांच में यह भी सामने आया कि जब्त की गई बंदूक उसके दोस्त विनोद कुमार की है और इसका कोई वैध लाइसेंस नहीं है। पुलिस अब विनोद कुमार की भूमिका की भी जांच कर रही है। मुक्ताप्रसाद नगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी के पास अवैध हथियार कैसे पहुंचा और क्या इस घटना में अन्य लोग भी शामिल थे। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की हर्ष फायरिंग या अवैध हथियारों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अजमेर में दिनदहाड़े ज्वैलरी शॉप से लाखों के सोने-चांदी के जेवर चोरी

■ **स्कूटी सवार बदमाश ने शटर तोड़कर वारदात की**

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कायड़ रोड स्थित एक ज्वेलरी शॉप में दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। स्कूटी पर आए एक बदमाश ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर रखी तिजोरी से लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए और मौके से फरार हो गया।

पीड़ित पवन कुमार सोनी निवासी शुभम कॉलोनी कायड़ रोड ने बताया कि वह मूल रूप से डीडवाना-कुचामन जिले के रहने वाले हैं और वर्तमान में अजमेर में रह रहे हैं। उन्होंने करीब दो महीने पहले ही श्री बालाजी ज्वैलर्स के नाम से अपनी दुकान शुरू की थी। उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल को दोपहर करीब एक बजे वह खाना खाने के लिए घर चले गए थे और दुकान को ताला लगाकर गए थे। करीब डेढ़ घंटे बाद जब वह वापस लौटे तो दुकान का एक तरफ का शटर उठा हुआ मिला। दुकान के अंदर जाकर देखा तो तिजोरी का लॉक टूटा हुआ था और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। बदमाश करीब 10 तोला सोना और 700 ग्राम चांदी चोरी कर ले गया, जिसकी कुल कीमत लगभग पांच लाख रुपए बताई जा रही है। पीड़ित के अनुसार आरोपी अपनी कमर पर एक छोटा बैग बांधकर आया था, जिसमें वह चोरी किए गए जेवरात डालकर फरार हो गया। पूरी वारदात सुनियोजित तरीके से अंजाम दी गई प्रतीत हो रही है। घटना की सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# ट्रक ने कार को मारी टक्कर, सात लोग घायल

**अजमेर,** (कासं)। जिले के गेगल थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां टोल नाके पर खड़ी कार को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में कार में सवार पांच लोग और टोल नाके पर मौजूद दो कर्मचारी घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार कार चालक टोल टैक्स चुकाने के लिए वाहन को नाके पर धीमा कर रहा था और रुकने ही वाला था कि उसी दौरान पीछे से तेज गति में आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर कार से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर के बाद ट्रक भी आगे बढ़ते हुए टोल केबिन से जा भिड़ा, जिससे वहां खड़े दो टोलकर्मी भी चपेट में आकर घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही गेगल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को तुरंत किशनगढ़ के यज्ञनारायण अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पांच गंभीर घायलों को अजमेर के जेएलएन अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं टोलकर्मियों को भी सीधे जेएलएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दुर्घटना के चलते टोल नाके पर लंबा जाम लग गया।

# डूंगरपुर में नशे में ट्रक ड्राइवर ने आरटीओ इंस्पेक्टर के सामने हंगामा किया

■ **टैंकर ड्राइवर ने तलवार लहराई, पुलिस पर पथराव किया, मामला दर्ज**

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे 48 पर एक ट्रक ड्राइवर ने आरटीओ इंस्पेक्टर के सामने हंगामा कर दिया। शराब के नशे में टैंकर को हाइवे पर खड़ा कर तलवार लहराने लगा। मौके पर पहुंची बिछीवाड़ा थाना पुलिस पर भी पथराव किया। इससे आरटीओ इंस्पेक्टर की गाडी के कांच फूट गए। मौके से आरटीओ टीम और पुलिस को भागना पड़ा, लेकिन थोडी देर बाद वापस पहुंचे तो टैंकर लेकर रवाना हो गया था। जिसे पुलिस ने रतनपुर बॉर्डर से पहले पकड़ लिया।

आरटीओ इंस्पेक्टर सुरेंद्रसिंह ने बताया कि बुधवार को वे नेशनल हाइवे 48 पर गाड़ियों की जांच कर रहे थे। इस दौरान उदयपुर की ओर से एक टैंकर आया। शराब के नशे में ड्राइवर ने टैंकर को बीच सड़क पर ही खड़ा कर हंगामा करने लगा। वह तलवार लेकर नीचे उतरा। इससे हाइवे पर जाम लग गया। हंगामा देखते हुए बिछीवाड़ा थाने से पुलिस को मौके पर बुलाया गया, लेकिन इस दौरान ड्राइवर के साथ अन्य लोग भी पुलिस और आरटीओ इंस्पेक्टर की गाड़ी के पीछे भागते हुए पत्थर मारने लगे। इससे आरटीओ इंस्पेक्टर की गाड़ी के कांच भी फूट गए। बाद में बिछीवाड़ा थाने से अतिरिक्त पुलिस टीम के साथ वापस मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक टैंकर लेकर ड्राइवर चला गया था। जिसे पुलिस और आरटीओ टीम ने पीछा करते हुए रतनपुर बॉर्डर से पहले पकड़ लिया। इसके बाद बिछीवाड़ा थाने लेकर आए। आरटीओ इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह की ओर से बिछीवाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है, जिस पर पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।

# ठेकेदार द्वारा बिना सुरक्षा के जर्जर पानी की टंकी गिराने से लोगों में आक्रोश

■ **जलदाय विभाग के अधिकारियों ने पहले ही इस काम को लेकर ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए थे कि बिना उचित सुरक्षा के काम शुरू न किया जाए**

■ **बावजूद इसके ठेकेदार ने नियमों को ताक पर रखकर रातों-रात टंकी के पिलरों को नीचे से तोड़ना शुरू कर दिया**

**अलवर,** (निसं)। जिले के गोविंदगढ़ में जलदाय विभाग की अनदेखी और एक लापरवाह ठेकेदार के कारण हादसा होते-होते टल गया। मामला एक पुरानी और जर्जर पानी की टंकी को गिराने से जुड़ा है। इस कार्य के लिए विभाग ने ढाई लाख रुपए का टेंडर जारी किया था, लेकिन ठेकेदार ने सुरक्षा इंतजामों के बजाय शॉर्टकट अपनाकर टंकी के पिलरों को नीचे से तोड़ना शुरू कर दिया। हैरानी की बात यह है कि जलदाय विभाग के सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता ने पहले ही इस काम को लेकर ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए थे कि बिना उचित सुरक्षा के काम शुरू न किया जाए। बावजूद इसके ठेकेदार ने नियमों को ताक पर रखकर रातों-रात टंकी के पिलरों को नीचे से तोड़ना शुरू कर दिया।

ठेकेदार की मंशा शायद इसे असुरक्षित तरीके से ढहाने की थी, ताकि खर्चा बचाया जा सके। जैसे ही मोहल्ले के लोगों को पानी की टंकी के पिलर तोड़ने की भनक लगी और पता चला कि बिना किसी सुरक्षा घेरे के इतनी विशाल टंकी को गिराया जा रहा है, वहां हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी के बिल्कुल पास रिहायशी मकान बने हुए हैं। यदि टंकी किसी घर पर गिरती, तो कई परिवारों का नामोनिशान मिट सकता था। बढ़ते विरोध को देख स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर काम को रुकवाया। सूचना मिलने पर जलदाय विभाग के सहायक अभियंता जैकी शर्मा भी पहुंचे। उन्होंने ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए सवाल किया कि जब विभाग ने नोटिस जारी कर काम पर रोक लगा रखी थी, तो आखिर किसके आदेश पर पिलर तोड़े गए? फिलहाल पुलिस और विभाग ने काम रोक दिया है, लेकिन ग्रामीणों में अब भी दहशत का माहौल है।

# सात वी.डी.ओ. को चार्जशीट, चार को नोटिस

**जोधपुर,** (कासं)। जिले के बावड़ी पंचायत समिति में स्वच्छता अभियान की असंतोषजनक स्थिति पर कार्यवाही की गई है। विकास अधिकारी संपत गोदारा के निर्देश पर हुए औचक निरीक्षण में साफ-सफाई में गंभीर अनियमितताएं पाई गई। इस पर सात ग्राम विकास अधिकारियों को चार्जशीट जारी की गई है और चार अन्य को कारण बताओ नोटिस दिए गए हैं। निरीक्षण में कई अहम स्थानों पर साफ-सफाई की कमी और संवेदकों को भुगतान नहीं होने जैसी गंभीर अनियमितताएं सामने आई। इन अनियमितताओं के कारण ग्राम पंचायत गंगानी, बावड़ी, नेतड़ा, लवेरा कला, मेलाना, सोयला और भवाद के ग्राम विकास अधिकारियों को चार्जशीट जारी की गई। यह कार्रवाई राजस्थान पंचायती राज नियम 300 में सपठित राजस्थान सिविल सेवा नियम 158 के नियम 17 के तहत की गई है। विकास अधिकारी संपत गोदारा ने सभी ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई सुनिश्चित करें।

# सूने मकान से 35 तोला सोना व 20 लाख की नगदी चोरी

■ **वारदात के समय सामाजिक कार्यक्रम में बाहर गया हुआ था परिवार**

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर में एक सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाया। चोरी बुधवार रात आठ बजे हुई जब कॉलोनी में भी लोगों का मूवमेंट रहता है। इसके बावजूद चोर वारदात को अंजाम देने में कामयाब रहे। चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे।

जानकारी के अनुसार उदयपुर के घंटाघर थाना क्षेत्र के सिलावट वाडी स्थित बीच की मस्जिद के सामने घर में यह वारदात हुई। घटना के बाद पीड़ित इरशाद खान पिता शहीद खान ने घंटाघर थाना पुलिस को सूचना दी। पीड़ित के घर के तीसरी मंजिल पर अलमारी में रखा करीब 35 तोला सोना और लगभग 20 लाख रुपए चोर ले गए। पूरा परिवार किसी परिचित के सामाजिक कार्यक्रम में गया था। देर रात जब परिवार के लोग घर पहुंचे तो मुख्य गेट का ताला टूटा देख हैरान रह गए। परिवार ने देखा कि कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पीड़ित इरशाद ने पुलिस को बताया कि उनके चारों भाइयों के हक का सोना था। मेहनत से कमाए 20 लाख रुपए जमा पूंजी थी, जिसे चोर ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया और आसपास सीसीटीवी खंगालते हुए आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# चोरी के आरोपी गिरफ्तार, तीन बाइक बरामद

**भीलवाड़ा,** (निसं)। माण्डल थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की है।

जानकारी के अनुसार सात अप्रैल को प्रार्थी भवानी शंकर जंगलिया निवासी जिपीया ने माण्डल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, 25 मार्च को उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल कंचन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बाहर खड़ी की थी, जिसे तीन अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्धों को डिटेन किया। सघन पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर चोरी की गई बाइक सहित कुल तीन वाहन बरामद किए गए। टीम ने आरोपी समीर खां पठान, समीर अली, शोयल मोहम्मद उर्फ जाहिद को गिरफ्तार किया।

# हनुमानगढ़ में महिला से जेवर लूटने वाले बदमाश पकड़े

■ **दोनों आरोपी पंजाब के मुक्तसर जिले के तप्पाखेड़ा, लंबी के निवासी हैं, पहले भी कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं**

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले में संगरिया थाना पुलिस ने दिनदहाड़े महिला के कानों से सोने की बालियां झपटने के मामले का खुलासा करते हुए दो अंतरराज्यीय बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह घटना संगरिया बस स्टैंड पर 27 मार्च को हुई थी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 38 वर्षीय सुरेंद्र सिंह और 30 वर्षीय हरगोविंद सिंह उर्फ गविंदी के रूप में हुई है। ये दोनों पंजाब के मुक्तसर जिले के तप्पाखेड़ा, लंबी के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, ये आरोपी पहले भी कई ऐसी वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

यह मामला 1 अप्रैल को भाखरांवाली निवासी सुरेंद्र द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के बाद सामने आया था। रिपोर्ट में बताया गया था कि 27 मार्च को उसकी मां और एक रिश्तेदार संगरिया बस स्टैंड पर खड़े थे। तभी बाइक सवार 2 बदमाश आए और उसकी मां के कानों से सोने की बालियां झपटकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी अमर सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की।

जांच के दौरान एक आरोपी सुरेंद्र सिंह को सिरसा से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया। इसके बाद दूसरे आरोपी हरगोविंद सिंह उर्फ गविंदी को भी पुलिस ने पकड़ लिया। दोनों से वारदात के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ये आरोपी राजस्थान के अलावा हरियाणा और पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में भी झपटमारी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस को इनसे अन्य वारदातों के खुलासे और चोरी का सामान बरामद होने की संभावना है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के नेटवर्क की भी जांच की जा रही है और उनसे जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**चूनावढ़,** (निसं)। जिले के चूनावढ़ थाना क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। यह हादसा पदमपुर-श्रीगंगानगर राज्य मार्ग पर 9 ए टोल के पास, 6 जी गुरुद्वारा के नजदीक रात में हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक तेज रफ्तार इनोवा कार, जिसे 6 बी बी पदमपुर निवासी चालक चला रहा था, ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मृतक का एक पैर शरीर से अलग होकर दूर जा गिरा, जिससे दुर्घटना की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। मृतक की पहचान रामस्वरूप (32) पुत्र राधेराम, निवासी गांव सांवतसर, जिला श्रीगंगानगर के रूप में हुई है, जो ड्राइवर का कार्य करता था। मृतक के परिवार में तीन बेटियां व पत्नी है। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

# भीलवाड़ा : रहड़ पंचायत का फैसला, स्कूल को मिली सात बीघा जमीन की सौगात

■ **पंचायत प्रशासक सलीम खां कायमखानी का नवाचार बना जिले में मिसाल**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शाहपुरा तहसील के रहड़ ग्राम पंचायत में एक ऐसा निर्णय लिया गया है, जिसने बालिका शिक्षा के क्षेत्र में नई उम्मीद जगा दी है। पंचायत प्रशासक सलीम खां कायमखानी ने नवाचार करते हुए ग्राम पंचायत की ओर से राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के लिए सात बीघा भूमि दान कर दी। यह जमीन स्कूल भवन निर्माण और खेल मैदान के लिए दी गई है। क्षेत्र में इस तरह का यह पहला मामला माना जा रहा है, जिसकी हर ओर सराहना हो रही है। लंबे समय से भूमि अभाव और जर्जर भवन में पढ़ाई कर रही छात्राओं के लिए यह निर्णय राहत लेकर आया है। अब नए भवन और खेल मैदान के निर्माण से छात्राओं को बेहतर शैक्षिणक वातावरण मिलेगा। पंचायत ने यह प्रक्रिया विधिवत तरीके से पूरी की। पहले पंचायत बोर्ड में प्रस्ताव लिया गया, फिर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर जमीन स्कूल के नाम कर दी गई। इस पहल को लेकर गांव में खुशी का माहौल है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के फैसले गांव की दिशा बदल सकते हैं। खासकर बेटियों की शिक्षा को लेकर यह कदम भविष्य में बड़ा बदलाव लाएगा। इस उपलब्धि पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से की। इसके बाद प्रशासक सलीम खां कायमखानी और ग्राम विकास अधिकारी दीपक धाकड़ ने स्कूल प्रशासन को भूमि की रजिस्ट्री सौंप दी। समारोह में सलीम खां ने कहा कि शिक्षा और संस्कृति जीवन के दो अहम आधार हैं और बेटियों को इससे वंचित नहीं रखा जा सकता। उन्होंने कहा कि पंचायत का उद्देश्य है कि हर बालिका को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं मिले, ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके। विद्यालय की प्राचार्य ममता राजावत ने पंचायत का आभार जताते हुए कहा कि यह कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। उन्होंने कहा कि एक बालिका को शिक्षित करने से पूरा परिवार और समाज शिक्षित होता है, इसलिए यह पहल बेहद महत्वपूर्ण है।

सेवानिवृत्त सीडीईओ योगेश पारीक ने कहा कि शिक्षित बालिका ही मजबूत समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव होती है। उन्होंने पंचायत के इस निर्णय को सराहनीय बताते हुए कहा कि अन्य पंचायतों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। समारोह में सेवानिवृत्त एडीईओ नवनीत जोशी, पीईईओ हेमराज खटीक, ग्राम विकास अधिकारी दीपक धाकड़, पटवारी गोविंद सिंह, ईश्वर गुर्जर, रामस्वरूप रेगर, रामदेव बैरवा, गोविंद गुर्जर सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। रहड़ पंचायत का यह कदम अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग इसे शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर मान रहे हैं। साफ है कि सलीम खां कायमखानी का यह नवाचार न केवल बेटियों के सपनों को पंख देगा, बल्कि गांव के विकास की नई इबारत भी लिखेगा।

# भीलवाड़ा : स्कूलों में "कोर्ट वाली दीदी" शिकायत पेटी की शुरुआत हुई

■ **शिकायत पेटी में विद्यार्थी अब बिना डर के अपनी समस्याएं, शिकायतें और सवाल लिखकर डाल सकते हैं**

■ **इस योजना की खास बात यह है कि शिकायत करने वाले विद्यार्थियों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिला एवं सेशन न्यायाधीश अभय जैन ने गुरुवार को संगम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालय में विद्यार्थियों को सायबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने सायबर बुलिंग, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन फ्रॉड तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सोशल मीडिया का सोच-समझकर उपयोग करने, व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचने तथा किसी भी संदिग्ध लिंक या कॉल से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने सवाल पूछे, जिनका न्यायाधीश ने सरल भाषा में समाधान किया। अभय जैन ने इस अवसर पर विद्यालय में "कोर्ट वाली दीदी" शिकायत पेटी लगाकर शुरुआत की। इस पहल के तहत जिले के विभिन्न स्कूलों में विशेष शिकायत पेटी लगाई जाएगी, जिसमें छात्र-छात्राएं अपनी समस्याएं, शिकायतें और सवाल लिखकर डाल सकते हैं।

विशाल भार्गव सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाडा ने बताया की विद्यार्थियों को सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक नई पहल "कोर्ट वाली दीदी" शिकायत पेटी की शुरुआत की गई है। इस पहल के तहत विभिन्न स्कूलों में विशेष शिकायत पेटी लगाई जा रही है, जिसमें छात्र-छात्राएं अपनी समस्याएं, शिकायतें और सवाल लिखकर डाल सकते हैं। इस योजना की खास बात यह है कि शिकायत करने वाले विद्यार्थियों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। इससे बच्चों को बिना किसी डर या संकोच के अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा। विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम इन शिकायतों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। इस पहल से न केवल बच्चों की समस्याओं को सुनने का एक प्रभावी माध्यम मिलेगा, बल्कि उनके समाधान की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जा सकेंगे।

# अपहरण की वारदात का पर्दाफाश, अपहृत चार जनों को सकुशल छुड़ाया

## चार आरोपी गिरफ्तार, अपहरण में प्रयुक्त कैंपर गाड़ी व स्कॉर्पियो कार जब्त की

**निवाई, (निसं)।** बरोनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण की एक बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए अपहरण करने के मामले में अपहृत चार जनों को सकुशल छुड़ाया एवं अपहरण करने के 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनसे अपहरण में प्रयुक्त कैंपर व स्कॉर्पियो कार को भी जब्त किया है।

बरोनी थानाधिकारी कुसुम ने बताया कि सात अप्रैल की रात को सूचना मिली थी कि गांव बोरखण्डी खुर्द में स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास से बोलेरो कैंपर में सवार अज्ञात बदमाशों ने एक कार सहित चार जनों का अपहरण कर लिया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक राजेशकुमार मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव व डीवाईएसपी रामअवतार के निर्देशन में विशेष टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने तकनीकी सहायता व नाकाबन्दी के जरिए आरोपियों का पीछा किया। टीमों ने अजमेर जिले के



बरोनी पुलिस ने अपहरण करने के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

रूपनगढ़ थाने के पास आरोपियों को घेरकर उन्हें डिटेन किया। मौके से अपहृत राहुल योगी, ताराचंद बावरिया, कमल मीणा व रोहीताश बावरिया चारों अपहृत व्यक्तियों को सकुशल मुक्त किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अपहरण में प्रयुक्त कैंपर व स्कॉर्पियो कार को भी जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी भगवान सिंह, मानसिंह, विक्रम सिंह व तेजमल को गिरफ्तार किया है। आरोपी कछुआ उल्लू गैंग के सदस्य हैं। गैंग में शामिल ताराचंद बावरिया गैंग का मुख्य सरगना है, जिसके खिलाफ राजस्थान के विभिन्न जिलों में एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह गैंग कछुआ और उल्लू की तस्करी के

- **आरोपी कछुआ उल्लू गैंग के सदस्य हैं, गैंग में शामिल ताराचंद बावरिया गैंग का मुख्य सरगना है**

अलावा टीवी के लगने वाली मर्करी चिप को लाखों रुपये में बेचने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करती है। बरोनी पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। जिससे अन्य नेटवर्क का पता लगाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई में बरोनी थाना टीम के साथ डीएसटी टोंक, रूपनगढ व ब्यावर सदर पुलिस का विशेष सहयोग रहा। टीम में आरपीएस प्रो. कुसुम, डीएसटी प्रभारी ओमप्रकाश, शंकरलाल जाट, रामसहाय, शरीफ, राजेन्द्र, प्रधान, रामप्रसाद, भगवान सहाय, रमेश चन्द, खिंयाराम, गोरधन, जीतराम व बनवारीलाल शामिल रहे।

# पाली में दो बेटे और मां के शव बंद कमरे में मिले

## दो दिन से मकान बंद था, पड़ोसियों को बदबू आने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची

**पाली, (निसं)।** पाली के हाउसिंग बोर्ड के निकट आशापूर्णा टाउनशिप में गुरुवार को एक बंद मकान में दो बेटे और एक मां के शव मिले हैं। दो दिन से मकान बंद था। पड़ोसियों को बदबू आने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, गेट तोड़कर अंदर पहुंचे तो वहां पर तीन शव जमीन पर पड़े थे। घटना की जानकारी मिलते ही मकान के बाहर भीड़ लग गई और मौके पर एक सुसाइड नोट भी मिला है।

मामला औद्योगिक क्षेत्र खाने का है। मौके पर एफएसएल सीएमओबी टीम बुलाई गई। मृतकों को पहचान शांति देवी (65), नरपत सिंह (34) और रघुवीर सिंह (26) के रूप में हुई। मां-बेटों की मौत का अभी तक कोई खुलासा नहीं हुआ। मौत से पहले तीनों

- **मां-बेटों की मौत का अभी तक कोई खुलासा नहीं हुआ, पुलिस को मौके पर एक सुसाइड नोट भी मिला है**

ने अपनी रिश्तेदारों को आधार कार्ड पर फोटो भेजे थे। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है और आसपास पूछताछ कर रही है।

डीएसपी सिटी मदन सिंह ने बताया कि शाम पांच बजे सूचना मिली की रिश्तेदार फोन नहीं उठा रहे और मकान का गेट बंद है। पुलिस मौके पर पहुंची तो तीनों की बॉडी फर्श पर थी और सुसाइड नोट और मोबाइल मिले। तीनों के शव बांगड़ अस्पताल की मोर्चरी में रखे। भाई लक्ष्मण ने बताया कि मुझे 8 अप्रैल को सुबह 10:43 पर फोन आया था। अस्पताल ले जाने को कहा गया। रात में यहां किसी को भेजा तो गेट बंद था। दरवाजा भी बजाया। रात्रि में फिर फोन किया।

गुरुवार को सुबह 11 बजे तक फोन किया, किसी ने रिसीव नहीं किया। यहां पहुंचा तो घर के बाहर बाइक खड़ी थी। लक्ष्मण ने बताया कि मौसी शांति देवी की एक बेटी भी है जो ससुराल में रहती है और यहां अक्सर नहीं आती है। नरपत को कोई बीमारी थी। इसलिए उसने काम पर जाना बंद कर दिया था। दोनों भाइयों की शादी नहीं हुई थी, मौसी शांति देवी को अपने लड़कों की शादी की चिंता थी।

# श्रीगंगानगर में युवक व युवती के शव नहर में मिले

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के घमूड़वाली थाना क्षेत्र में जीवनदेसर के पास नहर में युवक-युवती के शव मिलने से सनसनी फैल गई। दोनों के शव एक दूसरे से बंधे हुए थे। प्रारंभिक जांच में दोनों के बीच चल रहे प्रेम प्रसंग को ही इस घटना का कारण बताया जा रहा है।

मृतकों की पहचान विक्रम (25) और निकिता (25) के रूप में हुई है। दोनों पंजाब के बारेकां (अबोहर) के रहने वाले हैं। दोनों शादीशुदा हैं और 29 मार्च को घर से लापता हो गए थे। बुधवार शाम को उनके शव जीवनदेसर के पास स्थित नहर में बहते हुए मिले। पुलिस के अनुसार बुधवार शाम को ग्रामीणों ने सूचना दी कि नहर में एक युवक और युवती का शव पानी के साथ बहकर आ रहा है। सूचना मिलते ही घमूड़वाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से दोनों शवों को नहर से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भिजवाया। शवों के पास से बरामद हुए मोबाइल की सिम से पहचान हुई। शवों की शिनाख्त होने के बाद परिजनों को सूचना दी गई। गुरुवार को विक्रम के

- **दोनों के शव एक दूसरे से बंधे हुए थे, प्रारंभिक जांच में दोनों में प्रेम प्रसंग को घटना का कारण बताया जा रहा है**

पिता पालाराम समेत दोनों परिवार के सदस्य घमूड़वाली थाना पहुंचे और शवों की पहचान की। परिवार वालों ने बताया कि दोनों 29 मार्च को घर से निकल गए थे, जिसके बाद से पूरे परिवार उनकी तलाश में जुटे हुए थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि निकिता और विक्रम के बीच प्रेम संबंध थे। परिवार की सहमति न मिलने के कारण दोनों घर छोड़कर चले गए और सुसाइड कर लिया। मोबाइल पानी में भीग जाने के बावजूद सिम से महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जिससे पहचान आसान हुई। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारण की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल पुलिस दोनों परिवारों से पूछताछ कर आगे की जांच कर रही है।

## बाइक सवार युवक से एमडी ड्रग जब्त

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के निकट शिकारगढ़ स्थित नाका नंबर 10 पर पुलिस ने संदिग्ध बाइक सवार को रूकवाया। उसके पास तलाशी लिए जाने पर पास में 20 ग्राम एमडी ड्रग मिली। इस पर उसे एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया। अब मामले में जांच रातानाडा थानाधिकारी दिनेश लखावत की तरफ से की जा रही है। मामला एयरपोर्ट थाना क्षेत्र का है।

थानाधिकारी संतोष चौधरी ने बताया कि पुलिस की तरफ से बुधवार को वाहनों की विशेष चैकिंग की जा रही थी। तब शिकारगढ़ नाका नंबर 10 पर एक संदिग्ध बाइक सवार को रूकवा कर उसकी तलाशी ली। युवक के पास में बीस ग्राम एमडी ड्रग मिली। पूछताछ में युवक ने अपना नाम पता गोदारों की ढाणियां जालेली फौजदारा निवासी रवि पुत्र बीरबलराम होना बताया। इस पर उसे एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया। वह ड्रग कब और कहां से लाया। इसका पता लगाया जा रहा है। जांच रातानाडा थानाधिकारी दिनेश लखावत की तरफ से की जा रही है।

## आवारा कुत्तों ने 25 बकरियों पर हमला किया, मौत

**बीकानेर, (निसं)।** गजनेर थाना स्थित सूरजड़ा रोही क्षेत्र में आवारा कुत्तों (श्वानों) के झुंड ने एक पशु बाड़े में घुसकर 20 से 25 बकरियों को मार दिया, जबकि करीब सात बकरियों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना से पशुपालकों में भय और आक्रोश का माहौल है।

जानकारी के अनुसार सूरजड़ा रोही निवासी लिखमाराम मेघवाल के पशु बाड़े में देर रात अचानक आवारा कुत्तों का झुंड घुस आया। कुत्तों ने बकरियों पर हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही बड़ी संख्या में बकरियों की मौत हो गई। सुबह जब पशुपालक बाड़े में पहुंचे तो मरे हुए पशुओं को देखकर उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन को दी गई। सूचना मिलते ही गजनेर थाना पुलिस और पशु चिकित्सक की टीम मौके के लिए रवाना हो गई। पशु चिकित्सकों ने घायल बकरियों का उपचार किया, जबकि पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक कार्रवाई की। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इस हमले से पशुपालक को लाखों रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ये कुत्ते न केवल पशुओं के लिए, बल्कि लोगों के लिए भी खतरा बनते जा रहे हैं। कई बार बच्चों और राहगीरों पर भी हमले की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन और नगर निगम से आवारा कुत्तों को पकड़ने तथा उनके स्थायी समाधान की मांग की है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री की बालोतरा यात्रा की तैयारी बैठक ली

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 अप्रैल को बालोतरा में देश के पहले इंटीग्रेटेड रिफाइनरी कम पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का शुभारंभ करेंगे

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 अप्रैल को बालोतरा में देश के पहले एचपीसीएल इंटीग्रेटेड रिफाइनरी कम पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का शुभारंभ करेंगे। सीएम ने कहा कि पचपदरा रिफाइनरी के माध्यम से राजस्थान देश की ऊर्जा सुरक्षा का मजबूत स्तंभ बनेगा और साथ ही इससे प्रदेश के आर्थिक विकास को नई गति भी मिलेगी। भजनलाल शर्मा ने आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रधानमंत्री की प्रस्तावित बालोतरा यात्रा की तैयारियों के संबंध में गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मौके पर प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही, वे रिफाइनरी से उत्पादित एलपीजी प्रोडक्ट्स के टेंकर्स को हरी झण्डी भी दिखाएंगे।

मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थल पर आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा, विद्युत आपूर्ति, पार्किंग, यातायात, सुरक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने ने कहा कि एचआरआरएल रिफाइनरी में पेट्रोल और डीजल के साथ-साथ



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पीएम मोदी के दौरे को लेकर बैठक ली और अधिकारियों को निर्देश दिये।

पॉलीप्रोपाइलीन, एलएलपीडीई , एचडीपीई, बेंजीन, टोल्यून और ब्यूटाडाइन का भी उत्पादन होगा।

पचपदरा स्थित एचपीसीएल रिफाइनरी देश-प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करने में कारगर होगी। इस परियोजना की संशोधित लागत 79 हजार 459 करोड़ रुपये है। इस इकाई की वार्षिक शोधन क्षमता 9 मिलियन मैट्रिक टन है। इसमें 1.5 से 2.5 मिलियन टन राजस्थान क्रूड और 6.5 से 7.5 मिलियन टन आयातित क्रूड का मिश्रण उपयोग किया जाएगा। यह रिफाइनरी लगभग 4 हजार 400 एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है। इस रिफाइनरी से एलपीजी का व्यावसायिक उत्पादन सफलतापूर्वक प्रारंभ हो चुका है। इस दौरान मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, एचपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला कलैक्टर ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**बालोतरा, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 अप्रैल को बहुप्रतीक्षित राजस्थान रिफाइनरी का शुभारंभ करेंगे। इसी क्रम में गुरुवार को जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में कलैक्टर सभागार में अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीराराम कलबी समेत बालोतरा एवं बाडमेर जिलों के उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदारों ने भाग लेकर कार्यक्रम से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की। वहीं संभागीय आयुक्त जोधपुर आलोक रंजन ने गुरुवार को पचपदरा, बालोतरा स्थित रिफाइनरी का निरीक्षण किया।

## सूने घर में चोरी

**जोधपुर, (कासं)।** कमिश्नरेट में सक्रिय नकबजनों ने चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित सेक्टर 15 में एक सूने मकान में सैंध लगाकर 70 हजार की नगदी के साथ सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। इस बारे में अब पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया है। चौहाबो पुलिस ने बताया कि सेक्टर 15/106 निवासी विक्रम कुमार पुत्र लक्ष्मण गहलोत ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि एक अप्रैल की रात को अज्ञात चोर उसके घर में घुसे और वहां अलमारी और बक्सों के ताले तोड़कर 60-70 हजार की नगदी के साथ सोने और चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया।

# युवक ने आत्महत्या की

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी थाना क्षेत्र के नानूवाली बावड़ी में गुरुवार को एक युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने आक्रोश पनप गया तथा थाने पर प्रदर्शन कर अपहरण के मामले में जेल में बंद मृतक के पिता व भाई को छुड़ाने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनको रिहा नहीं किया गया, तब तक मृतक का पोस्टमार्टम नहीं करवाया जाएगा।

थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि विकासनगर तन नानूवाली बावड़ी निवासी जीवणराम ने रिपोर्ट दी कि 8 अप्रैल को करीब तीन बजे कोर्ट परिसर में खरखड़ा निवासी सुरेश कुमार सैनी ने उसे व उसके पोते दीपेश कुमार सैनी पुत्र अशोक कुमार को धमकी दी कि तेरे परिवार के दो व्यक्तियों को जेल में डलवा दिया तथा आपको रात के समय जान से खत्म कर दिया जाएगा। इस दौरान उसने दीपेश की बहन को उठवाने की बात भी कही। इस दौरान भय से दीपेश कुमार पुत्र अशोक कुमार ने अपने कमरे में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। जब सुबह वह कमरे से बाहर नहीं निकाला तो परिजनों ने कमरा खोलने का प्रयास किया। इस दौरान दरवाजा तोड़कर देखा तो वह पंखे से फांसी लगाकर लटका हुआ था। घटना की सूचना पर खेतड़ी पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को राजकीय उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। दीपेश के सुसाइड करने की सूचना पर काफी संख्या में ग्रामीण थाने में एकत्रित हो गए।

इस दौरान उन्होंने अपहरण के मामले में जेल में बंद मृतक के पिता अशोक कुमार व भाई ओमवीर को छोड़ने की मांग की। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि जेल में बंद दोनों को नहीं छोड़ने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाया जाएगा। मृतक दीपेश तीन बहन भाइयों में सबसे छोटा था। वह वेटनरी का कोर्स कर रहा था। पिता अशोक कुमार व बड़ा भाई ओमवीर मजदूरी करते हैं। थानाधिकारी ने बताया कि युवक के सुसाइड करने को लेकर मृतक के दादा की ओर से रिपोर्ट दी गई है, जिसको दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम के लिए ग्रामीणों से समझाइश की जा रही है।

## चोरी के तीन आरोपियों को दो-दो साल की सजा सुनाई

**नोखा, (निसं)।** 12 साल पुराने चोरी के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल महेंद्रा ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने तीनों आरोपियों सुनील कुमार, मूलचंद और सुभाष को दोषी करार देते हुए दो-दो साल के कारावास और छह-छह हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर उन्हें एक-एक महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

यह मामला 30 जनवरी 2014 का है, जब परिवादी पुरुषोत्तम ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि रात में घर बंद कर रेलवे स्टेशन जाने के बाद जब वे करीब 12:15 बजे वापस लौटे, तो घर के ताले टूटे हुए थे। कमरे, अलमारी और संदूक के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवर, लगभग 10 हजार रुपए नकद, साडियां और अन्य सामान चोरी कर लिया गया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने तीनों आरोपियों सुनील कुमार, मूलचंद और सुभाष को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर चोरी का सामान डूडी स्टेडियम के पीछे एक गड्ढे में छिपाया हुआ बरामद किया गया। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि चोरी की घटना पूरी तरह से साबित होती है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के सामान की बरामदगी एक महत्वपूर्ण साक्ष्य है। भले ही घटना का कोई चश्मदीद गवाह नहीं था, लेकिन परिस्थितिजन्य साक्ष्य मजबूत थे। बरामदगी ऐसी जगह से हुई थीद्ध जिसकी जानकारी केवल आरोपियों को ही थी, जिससे उनका अपराध प्रमाणित होता है।

# अजमेर : बेटी की मौत के बाद न्याय नहीं मिलने से पिता ने आत्मदाह का प्रयास किया

## पिता ने अजमेर जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एसपी कार्यालय के बाहर आत्मदाह का प्रयास कर डाला

**अजमेर, (कासं)।** अपनी बेटी को खोने के दर्द और न्याय न मिलने की पीड़ा ने एक पिता को इस कदर तोड़ दिया कि उसने गुरुवार दोपहर जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय के बाहर आत्मदाह का प्रयास कर डाला। यह दृश्य इतना मार्मिक था कि मौके पर मौजूद हर शख्स सन्न रह गया। युवक ने अपने ऊपर डीजल छिड़क लिया और माचिस जलाने ही वाला था कि वहां मौजूद पुलिसकर्मियों और लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसके हाथ से माचिस छीन ली। कुछ ही पलों की देरी

- **युवक ने अपने ऊपर डीजल छिड़क लिया और माचिस जलाने ही वाला था कि वहां मौजूद पुलिसकर्मियों और लोगों ने उसके हाथ से माचिस छीन ली**

एक और बड़ी त्रासदी में बदल सकती थी, लेकिन लोगों की सजगता ने एक जिंदगी बचा ली।

जानकारी के अनुसार पीड़ित पिता पिछले कई महीनों से अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए दर-दर भटक रहा था। उसका आरोप है कि उसकी बेटी के साथ एक युवक लगातार गलत व्यवहार कर उसे प्रताड़ित करता रहा था। इस संबंध में उसने अजमेर के अलवरगेट थाने में शिकायत भी दर्ज करवाई, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिले। दर्दनाक मोड़ तब आया जब लगातार मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर उसकी बेटी ने नवंबर माह में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। बेटी की मौत के बाद पिता की उम्मीद थी कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वह अलवरगेट थाने से लेकर पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय तक चक्कर काटता रहा, लेकिन हर बार उसे निराशा ही हाथ लगी। इसी बेबसी और आक्रोश ने गुरुवार को उसे यह खौफनाक कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना प्रभारी शंभू सिंह पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को समझाइश कर थाने ले जाया गया। अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।


**कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)**

E-Mail : nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड, बारां Phone : 07453-230106

क्रमांक : नपबा / निर्माण / 2026 / 272-74 दिनांक : 07.04.2026

**ई-टेण्डर सूचना संख्या : निर्माण 07/2026-27**

नगर परिषद बारां द्वारा राजस्थान सरकार के अभियांत्रिकी विभागो में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको अथवा पीडब्ल्यूएफएआर रूल्स के अन्तर्गत पात्र संवेदको से संचालन, रखरखाव कार्य के लिये निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। संवेदक निविदा प्रपत्र व विवरण पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in, पर देखें। कार्य की लागत 40.00 लाख रूपये है तथा UBN No. DLB2627SLOB00717 है।

आयुक्त
नगर परिषद बारां

राज.संवाद / सी / 26 / 550



**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- जो.वि.प्रा./पश्चिम/2025-26/राजकाज 21461260 दिनांक :- 07/04/2026

**ई-बिड सूचना संख्या :- जोन पश्चिम/01/2026-27**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सिविल कार्यों हेतु मुहरबंद बिड आमंत्रित की जाती हैं। इन कार्यों की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, बिड शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in, www.joda.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code : JOD2627A0006

UBN No. : JOD2627WSOB00013, JOD2627WSOB00014

राज.संवाद/सी/26/560 अधिशाषी अभियंता (पश्चिम)



**RajCOMP Info Services Limited (RISL)**

C-Block, 1st Floor, Yojana Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur

RISL द्वारा निम्न ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| NIB No./ Date/ Unique bid no. | Particulars | Estimated Cost/EMD | Start of sale / Last date |
|---|---|---|---|
| RIS2627A0003 / 08.04.2026 RIS2627GLOB00003 | RFP for Upgradation (replacement / upgrade) and Procurement of Comprehensive Annual Maintenance Contract (CAMC) & FMS of WS&APS Phase 1 Project in State of Rajasthan for 5 Years based on Open Competitive Bidding through e-Procurement / e-Tender. | Rs. 46.38 Cr. | 08.04.2026 / 30.04.2026 |

विस्तृत जानकारी हेतु इन वेबसाईट पर सम्पर्क करें – http://risl.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, http://doitc.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in

राज.संवाद/सी/26/577 Additional Director


# फेसबुक पर सौदे के जाल में फंसा व्यापारी, 7.15 लाख की ठगी के बाद अपहरण

**चिड़ावा/झुंझुनूं, (निसं)।** सोशल मीडिया पर सस्ते सोने का झांसा देकर गुजरात के एक व्यापारी को जाल में फंसाने और फिर अपहरण कर लाखों की ठगी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। चिड़ावा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार घटना में सूरत निवासी सोना व्यापारी मेहुल से 7 लाख 15 हजार रुपए ठग लिए गए।

- **सीसीटीवी खंगालने पहुंची पुलिस की नजरों के सामने आए आरोपी, घेराबंदी कर पकड़ा**

आरोपियों ने पहले फेसबुक पर सोना बेचने का विज्ञापन डालकर भरोसा जीता, फिर सुनसान जगह पर ले जाकर उसे बंधक बना लिया और जान से मारने की धमकी देकर पैसे ट्रांसफर करवा लिए। पीड़ित मेहुल ने बताया कि फेसबुक पर 60 ग्राम सोना 7 लाख रुपए में बेचने का विज्ञापन देखकर उसने संपर्क किया। आरोपी रजनीश डारा ने खुद को किशोरपुरा निवासी बताते हुए भरोसा दिलाया कि सोना लोन कंपनी में गिरवी है। विश्वास में आकर मेहुल ने 7 अप्रैल को आरटीजीएस के जरिए 6 लाख 78 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। चेक देने के बहाने आरोपी मेहुल को किशोरपुरा रोड स्थित एक सुनसान खंडहर में ले गया, जहां पहले से मौजूद पांच हथियारबंद बदमाशों ने उसे घेर लिया। मोबाइल छीनकर जान से मारने की धमकी दी गई और फोन-पे के जरिए 37 हजार रुपए और ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद बदमाश उसे बिना नंबर की बोलेरो कैंपर में डालकर कच्चे रास्तों से ले गए और धीगाल गांव के पास टोल बूथ पर छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित किसी तरह चिड़ावा पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। गुरुवार को पुलिस जब एसबीआई बैंक के पास सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही थी, तभी आरोपी अचानक सामने आ गए। पीड़ित ने पहचान की तो आरोपी भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाश पहले एक मकान और फिर पास के अस्पताल में घुस गए, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को धर दबोचा।

थानाधिकारी कैलाश चंद्र ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और पूरे गिरोह की तलाश की जा रही है। शुरुआती जांच में संगठित ठगी गिरोह के संकेत मिले हैं, जो सोशल मीडिया के जरिए लोगों को निशाना बनाता है।

## मजदूरों से भरी कैंपर पलटी, नौ जने घायल

**जोधपुर, (कासं)।** मथानिया बाईपास की ओर जा रही मजदूरों से भरी कैंपर गुरुवार सुबह जोधपुर से आशापुरा धर्मकांटा के पास पलट गई। वाहन का टायर फटने से यह हादसा हुआ, जिसमें नौ मजदूर घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि कैंपर दो बार पलटी खा गई। इससे वाहन में सवार कई लोग गंभीर रूप से चोटिल हो गए। जानकारी के अनुसार कैंपर में क्षमता से अधिक सवारियां थी और वह तेज रफ्तार में थी। टायर फटने के बाद चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। सभी घायल मजदूरों को हॉस्पिटल ले जाया गया।

# जयपुर में यातायात के रीयल टाइम मैनेजमेंट के लिए नया इंटीग्रेटेड कमाण्ड सेंटर बनेगा

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जेडीए, परिवहन, ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम को दिए निर्देश

- प्रगतिरत आरओबी तथा एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य को गति देने, प्रमुख मार्गों पर डबल यू-टर्न और फ्री लेफ्ट टर्न लागू करने के आदेश
- शहर में अनियमित मीडियन ओपनिंग को जल्द बंद करने तथा पार्किंग स्थलों का व्यवस्थित व नियमानुसार संचालन सुनिश्चित करें : मुख्यमंत्री
- निर्माण कार्यों में लापरवाही करने वालों पर ठोस कार्यवाही करें, जेएलएन मार्ग पर यातायात प्रबंधन का प्रभावी प्लान बनाएं : भजनलाल शर्मा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर शहर की यातायात व्यवस्था के रीयल टाइम मैनेजमेंट के लिए नया इंटीग्रेटेड कमाण्ड सेंटर स्थापित करने की कार्ययोजना बनाने के लिए जेडीए, परिवहन, ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम को आपसी समन्वय से काम करने के विशेष दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा की दृष्टि से इस सेंटर को मॉडल सेंटर भी बनाया जाए। शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जयपुर शहर के यातायात सुधार के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि, जयपुर शहर में यातायात प्रबंधन एवं सुधार के लिए प्रगतिरत विभिन्न जेडीए प्रोजेक्ट्स को समय-सीमा में पूरा करें। इस काम में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारी तथा निर्माणकर्ता के विरूद्ध परफॉर्मेंस एवं लिक्विडिटी पैनल्टी की कार्यवाही की जाए। यातायात को सुगम एवं सुरक्षित बनाने की कार्ययोजना को जेडीए एवं यातायात पुलिस संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र लागू करें।

उन्होंने जेडीए को सीबीआई फाटक, सालिग्रामपुरा फाटक एवं सिविल लाइन फाटक आरओबी, गोपालपुरा एलिवेटेड रोड, सांगानेर एलिवेटेड रोड के काम को गति प्रदान करने एवं पूर्ण गुणवत्ता से पूरा करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही, उन्होंने जेएलएन मार्ग पर यातायात प्रबंधन का प्रभावी प्लान बनाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित अरण्य भवन-जगतपुरा एलिवेटेड रोड की डीपीआर को शीघ्र तैयार करने, अजमेर रोड पर पुरानी चुंगी अंडरपास तथा राम मंदिर-रेलवे यार्ड-रेलवे सर्किल के बीच वैकल्पिक मार्ग के लिए प्रस्तावित आरओबी की ट्रैफिक दबाव का आकलन कर पुनः फिजिबिलिटी रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि द्रव्यवती एलिवेटेड कॉरिडोर की डीपीआर भी शीघ्र तैयार की जाए। शर्मा ने कहा कि महल रोड, सीकर रोड और न्यू सांगानेर रोड को सिग्नल फ्री बनाने एवं बेहतर ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए डबल यू-टर्न बनाने की कार्ययोजना पर शीघ्र काम प्रारंभ किया जाए। साथ ही, उन्होंने कहा कि आमजन को जाम से राहत दिलाने के लिए रामबाग चौराहे पर बनाई गई फ्री-लेफ्ट टर्न व्यवस्था को शहर के महत्वपूर्ण व्यस्ततम मार्गों एवं प्रमुख चौराहों पर भी लागू किया जाए।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को जयपुर शहर के यातायात सुधार के लिए अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक ली।

मुख्यमंत्री ने जेडीए को ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को संतुलित करने के लिए चिन्हित चौराहों पर लेन निर्धारण एवं गोलचक्कर निर्माण सहित आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जेडीए एवं यातायात पुलिस को शहर के प्रमुख मार्गों पर अनियमित मीडियन ओपनिंग को जल्द बंद करने तथा यू-टर्न स्थानों को चिन्हित कर कार्यशील बनाने के लिए भी निर्देशित किया।

शर्मा ने प्रमुख चौराहों और बाजारों में पैदल यात्रियों को सुरक्षित रूप से सड़क पार करने के लिए नियंत्रित क्रॉसिंग व्यवस्था को विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय क्षेत्र को सुरक्षित बनाने के लिए स्पष्ट संकेत बोर्ड, गति नियंत्रण एवं जेबरा क्रॉसिंग की व्यवस्था की सुनिश्चितता के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि महल रोड, डिग्गी रोड और कालवाड़ रोड पर स्कीमों की सेक्टर रोड की कार्यवाही को गति प्रदान की जाए। वहीं, जेडीए, नगर निगम और यातायात पुलिस को जयपुर शहर में पार्किंग से संबंधित सभी स्थानों के सुव्यवस्थित एवं नियमानुसार संचालन के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने यातायात पुलिस को स्वयंसेवी संस्थाओं का साथ लेकर आमजन को नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने एफएम के माध्यम से भी यातायात नियमों के प्रति जागरूकता संदेश प्रसारित करने एवं चालान के साथ संबंधित व्यक्ति को संक्षिप्त नियमावली भी प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री को यातायात पुलिस ने वीओसी मोबाइल एप से की जा रही प्रभावी कार्रवाई, आईटीएमएस, यातायात संचालन में ड्रोन तकनीक से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित मुख्यमंत्री कार्यालय, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, वित्त, परिवहन, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर जिला कलक्टर, जयपुर पुलिस कमिश्नर सहित यातायात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक मुकेश भाकर और मनीष यादव समेत 9 लोग बरी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-9 ने 12 साल पहले छात्र जीवन में राजस्थान विश्वविद्यालय के बाहर रास्ता रोककर उपद्रव करने के आरोप से लाडनूं विधायक मुकेश भाकर और शाहपुरा विधायक मनीष यादव सहित कुल 9 लोगों को मिली सजा को रद्द करते हुए उन्हें बरी कर दिया है। एसीजेएम कोर्ट ने गत वर्ष 17 जून को इन्हें एक-एक साल की सजा सुनाते हुए प्रत्येक पर 3200 रुपए का जुर्माना लगाया था। हालांकि अदालत ने सजा सुनाने के बाद अपील पेश करने के लिए समय देते हुए दोनों विधायकों सहित द्रोण यादव, भानू प्रताप सिंह, अभिषेक चौधरी, राजेश मीणा, रवि किराड, वसीम खान, और विद्याधर मील को जमानत पर रिहा कर दिया था।

इस आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि निचली अदालत ने पत्रावली पर मौजूद तथ्यों के बाहर जाकर उन्हें दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। इसके अलावा मामला पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है। ऐसे में निचली अदालत के आदेश को रद्द कर उन्हें बरी किया जाए। मामले के अनुसार 13 अगस्त, 2014 को एसआई ओमप्रकाश ने गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि विवि के कुलपति की ओर से बिना नंबर की जीप को पकड़ने की सूचना पर वह विवि गया था। वहां छात्र नेता राजेश मीणा और द्रोण यादव सहित अन्य ज्ञापन देने आए थे। करीब दो बजे आरोपियों के नेतृत्व में एनएसयूआई के करीब दो सौ छात्र विवि के बाहर नारेबाजी कर सीसेट का विरोध कर रहे थे।


**आम-सूचना**

सभी खासो-आम को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता श्री रामबाबू भारद्वाज पुत्र श्री किशनलाल ने अपने स्वामित्व व कब्जे की मांडरी मोहल्ला, थानागाजी, अलवर में स्थित एक आवासीय सम्पत्ति को बिना मेरी सहमति एवं जानकारी के, बेचान कर दिया है । उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व व विक्रय आदि के सम्बन्ध में किसी वाद-विवाद की समस्त जिम्मेदारी श्री रामबाबू भारद्वाज की उनकी वैयक्तिक हैसियत में होगी मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है।

चेतन कुमार भारद्वाज

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या रामा देवी, निवसिया-136, रावण का चौराहा, व्यास कॉलोनी, शास्त्री नगर, जयपुर का पुत्र राजेश वर्मा उनके कहने में नहीं है व आये दिन उनसे गाली गलौच अभद्र व्यवहार करता है, इसलिए मेरी अभिभाष्या ने अपने पुत्र राजेश वर्मा से अपने सभी संबंध खत्म करके उसे अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पतियों से बेदखल कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति / संस्थान ने राजेश वर्मा से किसी भी प्रकार का संव्यवहार किया तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरी अभिभाष्या का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं होगा। सूचित रहे।

जयपुर (सन्दीप सैनी) एडवोकेट
दिनांक-01.04.2026 मोबाईल नंबर-9829173844

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम**
**राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर**

क्रमांक :- 114 दिनांक :- 08/04/26

**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना मे आवास / फ्लैट संख्या 65/43 (MIG-B) का आवंटन श्री नरेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री भंवर लाल जैन को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1298 दिनांक 11-12-1991 को जारी किया गया था। तत्पश्चात श्री नरेन्द्र कुमार जैन की मृत्यु दिनांक 23.07.1998 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती कुसुम जैन पत्नी स्व. श्री नरेन्द्र कुमार जैन द्वारा आवासन मण्डल में रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 8364 दिनांक 01.03.2002 के द्वारा मण्डल रिकॉर्ड में इनका नाम दर्ज किया गया। उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 143/734 दिनांक 09-05-2007 के द्वारा श्रीमती उषा माथुर पत्नी श्री जुगल किशोर माथुर के पक्ष में किया गया। इनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 05.06.2007 को कर दिया गया। श्रीमती उषा माथुर की मृत्यु दिनांक 17.05.2025 को हो जाने के कारण उनके पति एवं पुत्र श्री जुगल किशोर माथुर पुत्र स्व. श्री संपत लाल माथुर एवं श्री प्रतीक माथुर पुत्र श्री जुगल किशोर माथुर द्वारा आवासन मण्डल मे आवास पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री जुगल किशोर माथुर पुत्र स्व. श्री संपत लाल माथुर एवं श्री प्रतीक माथुर पुत्र श्री जुगल किशोर माथुर का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

**खोया पाया**

मेरे मकान नम्बर- 171/27 प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर की सभी ओरिजिनल जमा रसीद कहीं खो गई है मिलने पर सूचित करें चित्रा अग्रवाल- 9612186980

हमारे प्लॉट नम्बर 04, स्कीम शिव कॉलोनी, खातीपुरा रोड़, झोटवाड़ा, जयपुर, जिसका क्षेत्रफल 266.66 वर्गगज है के असल दस्तावेजों मे पंजीकृत मूल वसीयत दिनांक 11.08.2008 कहीं गुम हो गयी। मिलने पर सूचित करे। प्रशांत लक्षकार - 9950510420, विनोद लक्षकार- 8107035775

**NAME CHANGE**

I Beena Kumari Sharma, daughter of Shri Kishan Lal Sharma, resident of A-14, Sanjay Colony, RPA Road, Panipech, Jaipur, hereby declare that my name has been incorrectly entered as "Beena Kumari Sharma" in my educational documents, whereas my correct name is "BEENA SHARMA." Henceforth, I shall be known and called as BEENA SHARMA for all purposes.

I army no 2895634M Ex Hav Daryiao singh resident of A-5 T C nagar panchyawala Jaipur 302034 that i want to change name of my spouse from UMARAO DEVI to UMARAO KUMARI vide affidavit dated 6 apr 2026 before sub divisional magistrate Jaipur city north.

मेरे पेंशन प्रमाण पत्र में मेरा नाम प्रेम देवी पत्नी नैहनाराम अंकित है। जिसे संशोधित कर प्रेम लता करवा लिया है। भविष्य में मुझे प्रेम लता के नाम से जाने जावे। निवास-40, सैनी कॉलोनी प्रथम, करतारपुरा जयपुर

**नम्बर मिलाइए 9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## होटल, ईंट भट्टा व घरों में बिजली चोरी के 7 मामले पकड़े

**जयपुर, (कासं)।** जयपुर डिस्कॉम की सतर्कता शाखा ने गुरूवार को जगतपुरा एवं कानोता क्षेत्र में विद्युत चोरी के 7 मामले पकड़े। इनमें 12 लाख 87 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि कानोता क्षेत्र में दो होटल बिजली चोरी से संचालित पाये गये। जिस पर 3 लाख 37 हजार 335 रूपए एवं 87 हजार 950 रूपए का जुर्माना निर्धारित किया गया। इसके उपरान्त ग्राम हिंगोनिया रिंग रोड पर एक ईंट भट्टे में बिजली चोरी पायी गयी, जिस पर 3 लाख 53 हजार 827 रूपए का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त 2 घरेलू परिसरों की भी वीसीआर भरी गयी, जिनमें 1 लाख 70 हजार 57 रूपए तथा 1 लाख 54 हजार 698 रूपए का जुर्माना निर्धारित किया गया है।

# जल जीवन मिशन घोटाले में रिटायर्ड आई.ए.एस. सुबोध अग्रवाल गिरफ्तार

## एसीबी टीम उन्हें दिल्ली से हिरासत में लेकर जयपुर लाई

- अग्रवाल के खिलाफ जेजेएम घोटाले में गिरफ्तारी वारंट जारी था

**जयपुर (कासं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जल जीवन मिशन से जुड़े बहुचर्चित घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सुबोध अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। उन्हें दिल्ली से हिरासत में लेकर जयपुर लाया गया। पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल के खिलाफ जेजेएम घोटाले में गिरफ्तारी वारंट जारी था।

एसीबी के महानिदेशक (डीजी) गोविंद गुप्ता ने बताया कि जल जीवन मिशन से जुड़े बहुचर्चित घोटाले में कार्रवाई करते हुए पूर्व आईएएस अधिकारी सुबोध अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। वहीं साल 2024 में शुरू हुई जांच में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि 3 आरोपी फरार है।

गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी मे मामला दर्ज होने के बाद सामने आया कि फर्जी दस्तावेजों के जरिए टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताएं कर करीब 960 करोड़ रुपए के कार्य प्राप्त किए गए। मामले में विभिन्न फर्मों और उच्च स्तर के अधिकारियों की मिलीभगत से व्यापक भ्रष्टाचार किया जाना सामने आया है।

जांच में यह भी सामने आया कि बड़े प्रोजेक्ट्स (50 करोड़ रुपए से अधिक) की निविदाओं में नियमों के विपरीत शर्तें जोड़कर टेंडर प्रक्रिया को प्रभावित किया गया, जिसमें 30 से 40 प्रतिशत तक अधिक प्रीमियम पर टेंडर स्वीकृत किए गए। इन टेंडरों की कुल राशि करीब 20 हजार करोड़ रुपए बताई जा रही है।

एसीबी ने बताया कि इस मामले में अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि तीन अन्य फरार आरोपियों के खिलाफ स्थायी वारंट जारी किए गए हैं और उन्हें घोषित अपराधी घोषित करने की प्रक्रिया चल रही है।

गौरतलब है कि एसीबी ने जेजेएम घोटाले को लेकर 17 फरवरी को बड़ी कार्रवाई की थी। इस दौरान जयपुर, बाड़मेर, जालोर, सीकर, बिहार, झारखंड और दिल्ली सहित कुल 15 जगहों पर छापेमारी की गई थी।

जांच में फर्जी बिल, वित्तीय गड़बड़ियों और टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता सामने आई थी। 17 फरवरी को ही सुबोध अग्रवाल के घर पर भी छापेमारी की गई थी। इसी दिन जलदाय विभाग के 9 अफसरों को पकड़ा गया था। 18 फरवरी को सुबोध अग्रवाल के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी हुआ था।

प्रकरण में विस्तृत जांच जारी है और तकनीकी व दस्तावेजी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार इस घोटाले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है तथा आगे और गिरफ्तारियां संभव हैं।

# "ट्री हाऊस हाई स्कूल" में तीसरे दिन भी नहीं हुई बच्चों की पढ़ाई

## स्कूल बंद करने के निर्णय के विरोध में अभिभावक लगातार दूसरे दिन भी परेशान हुए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राजधानी जयपुर के श्याम नगर इलाके में "ट्री हाऊस हाई स्कूल" तीसरे दिन गुरूवार को भी बंद रहा। बच्चे और अभिभावक स्कूल तो पहुंचे, लेकिन अध्यापन कार्य नहीं हुआ। ऐसे में दिनभर अभिभावकों ने स्कूल सुचारू करने को लेकर प्रिंसिपल से माथापच्ची की, लेकिन प्रिंसिपल ने साफ मना कर दिया कि फिलहाल स्कूल संचालित नहीं हो पायेगा।

जिन अभिभावकों ने स्कूल फीस, किताबों व अन्य सामग्री के लिए भुगतान कर दिया है, उन्हें हम रिफंड कर देंगे। कुछ अभिभावकों को स्कूल की ओर से चैक दिए जाने की बातें भी सामने आ रही है, लेकिन उन्हें भुगतान कब होगा और कितना होगा, इसके बार अभी कुछ स्पष्ट नहीं है। जबकि कुछ लोगों से फीस रिफंड व टी.सी. प्राप्त के लिए फॉर्म भरवाए गए, लेकिन यह नहीं बताया कि उन्हें पैसा कब लौटाया जाएगा। परंतु अभिभावकों को स्कूल संचालकों पर बिलकुल भी भरोसा नहीं है कि, वह पैसा लौटाएगा। क्योंकि जो स्कूल पिछले 4 साल से बिल्डिंग का किराया नहीं चुका रहा, वह अभिभावकों के साथ खरा उतरेगा, इसकी क्या गारंटी है। इस विवाद के बीच बच्चों की पढ़ाई को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उधर शिक्षा विभाग ने भी अभी तक स्कूल संचालकों पर कोई एक्शन नहीं लिया है। सबसे ज्यादा परेशानी उन अभिभावकों को है, जिनके बच्चों का एडमिशन आर.टी.ई. के जरिए हुआ था, लेकिन अब अगर स्कूल बंद होता है तो इन बच्चों को अन्य स्कूलों में भी दाखिला कैसे मिलेगा, क्योंकि हर स्कूल का निर्धारित कोटा होता है।

ज्ञात रहे कि, स्कूल संचालक विद्या भारती समिति ने यह बिल्डिंग और जगह अरिहंत एंटरप्राइजेज़ के मालिक विनय चौरडिया से 10.67 लाख रु. प्रतिमाह किराये पर ली गई थी। परंतु पिछले 4 वर्षों से स्कूल संचालक राजेश भाटिया किराया नहीं चुका पा रहे, जिस पर दोनों पक्षों के बीच बकाया 4.21 करोड़ रुपए को लेकर भारी विवाद है। इसी बीच राजेश भाटिया गत मंगलवार को अभिभावकों को सूचना दिए बिना ही स्कूल की इमारत का कब्जा विनय चौरडिया को सौंपकर मुंबई चले गए। अब स्कूल में एडमिशन लेकर शैक्षणिक सत्र 2026-27 की फीस दे चुके बच्चों तथा अभिभावकों की परेशानी सुनने वाला कोई नहीं है। बच्चों के भविष्य और पढ़ाई का आगे क्या होगा, इस पर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। दरअसल गत मंगलवार से "ट्री हाऊस हाई स्कूल" में बच्चों की पढ़ाई नहीं हो रही है। स्कूल में फिलहाल 180 से ज्यादा विद्यार्थी है। स्कूल प्रशासन ने मंगलवार को पेयजल संकट बताते हुए छुट्टी कर दी थी। बुधवार को जब स्कूल में 50-60 अभिभावक पहुंचे तो पूरा मामला खुलकर सामने आ गया। इस पर अभिभावकों की स्कूल प्रिंसिपल से तनातनी हो गयी थी। जिसके कारण गुरूवार सुबह 11 बजे जब प्रिंसिपल स्कूल में पहुंची तो उनके साथ पुलिस सुरक्षा भी थी। परंतु अभिभावकों की नाराजगी पूर्ववत थी। नाराज अभिभावकों ने पिछले 3 दिनों से स्कूल में बच्चों की पढ़ाई नहीं करवाने को लेकर कड़ी आपत्ति जताई। लगभग सभी विद्यार्थी गुरूवार को भी स्कूल पहुंचे थे। इसके पीछे कारण यह था कि बुधवार को सिविल लाइंस विधायक जब मौके पर पहुंचे थे तो उन्होंने दावा किया था कि वे स्कूल में पढ़ाई बाधित नहीं होने देंगे। परंतु विधायक के वादे को धत्त बताते हुए स्कूल गुरूवार को भी बंद रखा गया।



राजधानी जयपुर के श्याम नगर इलाके में "ट्री हाऊस हाई स्कूल" तीसरे दिन गुरूवार को भी बंद रहा, जिसे लेकर अभिभावकों ने कड़ी नाराजगी जताई।

- प्रिंसिपल ने कुछ अभिभावकों को चैक से फीस रिफंड करने का वादा किया, लेकिन अभिभावक उनकी बातों पर भरोसा नहीं करना चाहते
- अभिभावकों ने साफ कहा है कि जो स्कूल पिछले 4 साल से किराया नहीं चुका रहा, वह अभिभावकों की फीस लौटाएगा, इसकी क्या गारंटी है?
- सबसे ज्यादा परेशानी उन अभिभावकों को है, जिनके बच्चों का एडमिशन आरटीई में हुआ, अगर स्कूल बंद होता है तो इन बच्चों को अन्य स्कूलों में दाखिला कैसे मिलेगा, क्योंकि हर स्कूल का निर्धारित कोटा होता है।
- स्कूल संचालकों की मनमानी और 3 दिन से पढ़ाई नहीं करवाने की शिकायतें शुक्रवार को शिक्षा विभाग से करेंगे अभिभावक

अभिभावकों का कहना है कि, राजेश भाटिया और विनय चौरडिया ने आपस में क्या समझौता किया, इससे हमें कोई लेना-देना नहीं है। इन दोनों ने आपसी राजीनामे से अपना-अपना हित तो साध लिया, लेकिन किसी ने भी विद्यार्थियों और अभिभावकों की परेशानी समझनी ही नहीं चाही। इन दोनों ने ना तो किसी अभिभावक से इस बारे में बात की और ना ही किसी विद्यार्थी को स्कूल बंद करने की कोई जानकारी दी। ऐसे में सभी अभिभावक अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे है। अगर यह मामला कोर्ट के आदेश पर निपटाया गया होता तो अदालत बच्चों और अभिभावकों के हितों का ध्यान रखती।

उधर अभिभावक जहां एक ओर "ट्री हाऊस हाई स्कूल" में जमा करवा चुके फीस को लेकर चिंतित है, वहीं दूसरा बड़ा चिंता का विषय यह भी है कि अन्य स्कूलो में अब उनके बच्चों को दाखिल मिल भी पाएगा या नहीं। क्योंकि वर्ष 2026-27 का नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए 9 दिन का समय बीत चुका है, ऐसे में लगभग सभी स्कूलों में सीटें भर गयी है। गुरूवार को भी स्कूल में जब अभिभावकों के विरोध और नाराजगी से हंगामे की स्थिति बनी तो विधायक गोपाल शर्मा स्कूल में पहुंचे। उन्होंने शुक्रवार को इस मामले को लेकर कमेटी बनाने, शिक्षा विभाग के अधिकारियों से बात करने तथा बच्चों की पढ़ाई नियमित रखने जैसे वादे पुनः किए। परंतु अभिभावकों ने साफ कह दिया कि, शुक्रवार को हम स्वयं शिक्षा विभाग जाकर स्कूल बंद करने की शिकायत दर्ज करवाएंगे।


**उद्घोषणा (इश्तेहार) बैजरिये न्यायालय**

न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम संख्या.01, सांभर लेक, जिला-जयपुर, राज.

प्रार्थना पत्र संख्या 06/2026

मोहनलाल कुमावत
बनाम
हर खास व आम

विषयः- संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 के तहत चिरंजीलाल पुत्र स्व0 हनुमान प्रसाद की संरक्षकता का प्रमाण पत्र लेने हेतु प्रार्थना पत्र।
अंतर्गत धारा 10 वाइर्स एण्ड गार्जियनशिप एक्ट 1890

प्रार्थी का नाम मोहनलाल पुत्र स्व0 हनुमान प्रसाद कुमावत, जाति-कुमावत, उम्र 58 वर्ष, निवासी बड़ की ढ़ाणी पोस्ट-काचरोदा, फुलेरा तहसील-फुलेरा, जिला-जयपुर राजस्थान मो.नं.-9799395574
ता0 पेशी दिनांक 29-04-2026 08 AM

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी नें इस न्यायालय के समक्ष प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया है कि उसके छोटे भाई चिरंजीलाल पुत्र स्व0 हनुमान प्रसाद कुमावत जो कि अप्राप्तवय अनसाउंड ऑफ माइन्ड है, इसलिये उनकी देखभाल इत्यादि के लिये उनका प्रार्थना पत्र स्वीकार कर उसके पक्ष में संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम सन 1890 के तहत मोहनलाल कुमावत को उसके भाई चिरंजीलाल कुमावत की संरक्षकता प्रदान की जावे।

अतः उक्त प्रार्थना पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 29 माह अप्रैल सन 2026 को उपस्थित होकर आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करे। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 06 माह 04 सन 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत
आज्ञा से-रीडर ग्रेड प्रथम
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
क्रम-01, सांभर लेक जिला जयपुर

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) 01/2026

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी का नाम हृदयांशी वर्मा पुत्री विजय वर्मा जाति बलाई निवासी पत्थर मंडी, मिण्डा मार्ग, रेनवाल तह.कि. रेनवाल जिला जयपुर (राज.) मृतक सोना वर्मा की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक- 21/04/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक सोना वर्मा का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 21 माह 04 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 09 माह 04 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत
आज्ञा से-रीडर
अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश
क्रम 01 सांभर लेक जिला जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1729
चूंकि प्रार्थी श्री शिव शंकर मंघनानी, 51/137, पुताप नगर, सेक्टर-5 के पीछे, प्रताप प्लाजा, सांगानेर, जयपुर 302033 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री अघोरधाम चैरिटेबल ट्रस्ट, F-17, RAJPUTANA TOWER B, KHATIPURA, JASWANT NAGAR, NEAR MARUDHAR HOSPITAL, JAIPUR-302012 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 04.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 13.05.2026

मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1898
चूंकि प्रार्थी श्री PRATIBHA BHATNAGAR, 14/135, KAVERI PATH, MANSAROVAR, JAIPUR, RAJASTHAN ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास सपोर्ट फाउंडेशन फॉर ऑटिज्म एंड डेवलपमेंटल डिसेबिलिटीज 14/135, KAVERI PATH, MANSAROVAR, JAIPUR, RAJASTHAN के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 16.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 28.05.2026

मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**कार्यालय ग्राम पंचायत टुमलीबास पं.स. चाकसू, जिला जयपुर (राज.)**

क्रमांकः- ग्रापंचं / 2026-27/127 दिनांक :- 03/04/2026

**ई-निविदा सूचना 01/2026-27**

पंचायत समिति चाकसू के अधीनस्थ ग्राम पंचायत टमलीका बाम में वित्तिय वर्ष 2026-27 के लिये समस्त गावों में घर-घर (आवासीय एवं व्यवसायिक) से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, सड़क एवं नाली सफाई, तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जीएसटी में पंजिकृत निविदादाताओं / फर्मों से "दर संविदा" के लिये ऑनलाइन निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। ई निविदा ग्राम पंचायत टूमलीका वाम प.स. चाकसू के नाम प्रस्तुत करनी होगी। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।

सरदार सिंह राजपुत, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत टुमलीबास, पंचायत समिति चाकसू, जयपुर
NIB No - PFD2627A0008
UBN No - PFD2627WSO B00010
कन्हैयालाल शर्मा, प्रशासक, ग्राम पंचायत टुमलीबास, पंचायत समिति चाकसू, जयपुर

**कार्यालय नगर निगम जयपुर**

(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लाल कोठी, टोंक रोड़, जयपुर-15)

क्रमांक :- जसअ / 2026 / 16 दिनांक: 07.04.2026

**-: : ई-निविदा सूचना संख्या 01 /2026-27 : :-**

नगर निगम जयपुर की ओर से विद्युत कार्य हेतु नगर निगम जयपुर में व अन्य विभागों में नये नियमों के अनुसार श्रेणीवार EWSD श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in पर निम्न UBN No. JMC2627WSOB00004 पर देखा जा सकता हैं। इच्छुक संवेदकों को ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक हैं।

अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत)
नगर निगम जयपुर

राज.संवाद / सी / 26 / 587

**राम नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर** रजि.नं. 2877/एल

**खण्डन आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राम नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड, जयपुर रजि. नं. 2877/एल द्वारा दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रदूत के पेज नम्बर-5 पर एक आम सूचना जरिये मंत्री प्रकाशित करवाई गयी थी, जिसमें राजेन्द्र नगर आगरा रोड़, कानोता, जयपुर में सोसायटी की कोई योजना विकसित या सृजित नहीं करने व समिति द्वारा योजना आवंटन पत्र भी जारी नहीं करने की आम सूचना प्रकाशित करवाई गयी थी तथा यह भी अंकित किया गया था कि यदि कोई भी व्यक्ति इस फर्जी योजना राजेन्द्र नगर, आगरा रोड़ जयपुर के भूखण्ड या आवंटन-पत्र प्राप्त करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

किन्तु अब सोसायटी को जरिये संयोजक राजेन्द्र प्रसाद मित्तल द्वारा सोसायटी को अवगत करवाया गया है कि राजेन्द्र नगर आगरा रोड़ कानोता जयपुर आवासीय योजना पूर्व पदाधिकारी ग्यारसी लाल बैरवा अध्यक्ष व मोती लाल मंत्री द्वारा सृजित की गयी थी, जिसका रिकॉर्ड भी सहकारी समिति विभाग में जमा करवा दिया था। इसलिए सोसायटी द्वारा प्रकाशित करवाई गयी आम सूचना दिनांक 08.05.2022 को सोसायटी खण्डन करते हुये निरस्त करती है। राजेन्द्र नगर योजना उपरजिस्ट्रार सहकारिता विभाग में जमा रिकार्ड से मालूम चला कि यह योजना फर्जी नहीं है और न हीं इसके आवंटन पत्र और यह योजना राम नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड की योजना है। समस्त सूचित रहे।

मंत्री,
राम नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर



इम्पैक्ट प्लेयर नियम से युवाओं को फायदा मिलेगा। जहां कई सीनियर प्लेयर्स इस नियम को खराब बता चुके हैं, वहीं 25 साल के प्रभसिमरन इसे युवाओं के लिए एक बडे मौके के रूप में देखते हैं। – प्रभसिमरन सिंह

पंजाब किंग्स के बल्लेबाज, इम्पैक्ट प्लेयर नियम का समर्थन करते हुए।




आज का खिलाड़ी

## वैभव सूर्यवंशी



**वैभव सूर्यवंशी** ने जब पहली बार दुनिया के सबसे खतरनाक गेंदबाजों में शुमार जसप्रीत बुमराह का सामना किया तब वह थोड़े नर्वस थे। लेकिन 15 साल के इस लड़के ने तो गजब ही कर डाला। वैभव ने बुमराह की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा। उसी ओवर में दूसरा छक्का भी जड़ दिया। ऐसा कम ही होता है कि जसप्रीत बुमराह के सामने पावरप्ले में कोई बल्लेबाज ऐसी हिमाकत करे। वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि, यही ट्राई कर रहा था कि बोलर को न देखूं, बस बॉल को खेलने की कोशिश करूं। थोड़ा सा नर्वस था कि इतना बड़ा बोलर सामने है लेकिन मैं ट्राई कर रहा था कि मेरा जो गेम है, उसके बैक करूं।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत का 100 मीटर दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्डअनिमेष कुजूरके नाम है, जिन्होंने जुलाई 2025 में ग्रीस में 10.18 सेकंडका समय लेकर नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने गुरिंदरवीर सिंह के 10.20 सेकंड के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा था।

# मुकुल चौधरी के आगे कोलकाता ने घुटने टेके

## ईडन गार्डन्स में लखनऊ को दिलाई धमाकेदार जीत




कोलकाता, 9 अप्रेल। लखनऊ सुपर जायंट्स ने गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल 2026 के 15वें मुकाबले में तीन विकेट से हराया। लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल 2026 में लगातार दूसरी जीत हासिल की है। टीम को आखिरी 18 बॉल पर 43 रन चाहिए थे और 7 विकेट गिर चुके थे। ऐसे में मुकुल चौधरी ने 27 बॉल पर नाबाद 54 रन की पारी खेलकर टीम को हारा हुआ मैच जिता दिया। कोलकाता ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 181 रन बनाए। इसके जवाब में लखनऊ ने 128 के स्कोर तक सात विकेट गंवा दिए थे लेकिन मुकुल चौधरी ने अंतिम 5 ओवर में तूफानी पारी खेलते हुए लखनऊ को मैच में बनाए रखा और अंतिम गेंद तक चले रोमांचक मुकाबले में लखनऊ को तीन विकेट से जीत दिलाई। लखनऊ ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 182 रन बनाए।

लखनऊ सुपर जायंट्स ने 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की। एडन मार्करम 15 गेंद में 22 और मिचेल मार्श 11 गेंद में 15 रन बनाकर आउट हुए। ऋषभ पंत 9 गेंद में 10 और पूरन 15 गेंद में 13 रन बनाकर आउट हुए। अब्दुल समद 4 गेंद में दो रन ही बना सके। आयुष बडोनी ने 34 गेंद में 54 रन बनाए। मुकुल और शमी क्रीज पर मौजूद हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम अच्छी शुरुआत के बावजूद लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 181 रन ही बना सकी। कोलकाता की ओर से रघुवंशी ने सबसे ज्यादा रन (45) बनाए। लखनऊ के लिए चार अलग-अलग गेंदबाजों ने विकेट चटकाए।

कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत खराब रही। टीम ने दूसरे ओवर में फिन एलन का विकेट गंवाया है। एलन ने 8 गेंद में 9 रन बनाए। प्रिंस यादव को पहली सफलता मिली। कप्तान अजिंक्य रहाणे 24 गेंद में 41 रन बनाकर दिग्वेश का शिकार बने। विकेटकीपर बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी ने 33 गेंद में 5 चौके और दो छक्के की मदद से 45 रन बनाए। रिंकू सिंह 4 रन ही बना सके। कैमरन ग्रीन (32) और पॉवेल (39) रन बनाकर नाबाद लौटे। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। लखनऊ बिना बदलाव के उतरा है। कोलकाता की टीम में सुनील नरेन की वापसी हुई है।

## विराट कोहली से जुड़े सवाल पर आग बबूला हो गए बाबर



नई दिल्ली, 9 अप्रेल। पाकिस्तान के स्टार खिलाड़ी बाबर आजम के फैंस उनकी तुलना अक्सर विराट कोहली के साथ करते हैं। हालांकि, रिकॉर्ड्स के मामले में दोनों के बीच बहुत बड़ा फर्क है। जहां विराट कोहली मौजूदा समय में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं वहीं बाबर आजम अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। इसी कड़ी में पीएसएल मैच के बाद जब बाबर आजम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे तो उस दौरान एक पत्रकार ने उनसे कोहली से तुलना पर सवाल पूछ लिया जो पाकिस्तानी खिलाड़ी को पसंद नहीं आया।बाबर आजम की प्रेस कॉन्फ्रेंस की वो क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। पत्रकार ने उनसे पूछा कि, इसी कारण से आपकी तुलना विराट कोहली से भी होती है। लेकिन जिस तरह विराट कोहली मैचों को फिनिश करते हैं आप अंजाम तक क्यों नहीं पहुंचा पाते?

## गिल पर 12 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली, 9 अप्रेल। शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस को आईपीएल 2026 में अपनी पहली जीत तो नसीब हो गई लेकिन इसके साथ ही कप्तान पर भारी भरकम जुर्माना भी लग गया। दरअसल, बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 1 रन से जीत मिली। इस जीत के बावजूद कप्तान शुभमन गिल के लिए बुरी खबर भी आई है। दरअसल, बीसीसीआई ने गुजरात के कप्तान गिल पर 12 लाख का जुर्माना ठोका है। ये जुर्माना दिल्ली के खिलाफ स्लो ओवर रेट के कारण लगाया गया है।आईपीएल की रिलीज के अनुसार, गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के मैच नंबर 14 के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है।

## आईपीएल 2026 में ऑरेंज और पर्पल कैप होल्डर, किसके नाम सबसे ज्यादा रन और विकेट ?



नई दिल्ली, 9 अप्रेल। आईपीएल 2026 का 15वां मुकाबला केकेआर और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच खेला जाना है। वहीं अभी तक खेले गए सभी मुकाबले रोमांच से भरपूर थे। बल्लेबाजों के बीच ऑरेंज और गेंदबाजों के बीच पर्पल कैप की रेस शुरू हो चुकी है। वहीं हमारी इस रिपोर्ट में देखें अभी तक किस गेंदबाज का स्पेल सबसे बेहतरीन रहा तो किसी बल्लेबाज के नाम सर्वोच्च रन हैं। बता दें कि, आईपीएल में ऑरेंज कैप उस खिलाड़ी के पास होती है जिसके नाम सीजन में सबसे ज्यादा रन होते हैं। मैचों के साथ ऑरेंज कैप होल्डर भी बदलते रहते हैं, अंत में जिसके पास ये कैप रहती है उसे अवॉर्ड और प्राइज मनी मिलती है। ऐसे ही सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के लिए पर्पल कैप होती है।

### ऑरेंज कैप किसके पास है?

अभी ऑरेंज कैप यशस्वी जायसवाल के पास है, जो आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स का अहम हिस्सा हैं। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में 77 रनों की विस्फोटक पारी खेली थी। जायसवाल ने 3 मैचों में 170 की स्ट्राइक रेट से कुल 170 रन बनाए हैं। दूसरे नंबर पर समीर रिजवी हैं जो अपने पिछले मैच में खाता नहीं खोल पाए। उन्होंने 3 मैचों में 160 रन बनाए हैं।

**ऑरेंज कैप की रेस में टॉप 5 खिलाड़ी:** यशस्वी जायसवाल- 170, समीर रिजवी- 160, हेनरिक क्लासेन- 145, वैभव सूर्यवंशी- 122, रोहित शर्मा- 118

**पर्पल कैप होल्डर:** अभी पर्पल कैप रवि विश्नोई के पास है। राजस्थान रॉयल्स के इस गेंदबाज ने 3 मैचों में 7 विकेट लिए हैं। उनसे पीछे प्रसिद्ध कृष्णा हैं, जिन्होंने 3 मैचों में 6 विकेट लिए। राशिद खान, लुंगी एनगिडी, नंद्रे बर्गर, वैशाख विजय कुमार, जैकब डफी, अंशुल कंबोज के 5-5 विकेट हैं।



## बीसीबी के नए प्रेसिडेंट तमीम इकबाल ने खिलाड़ियों की सैलरी बढ़ाई, पहले मिलते थे 754 रुपये मैच फीस

नई दिल्ली, 9 अप्रेल। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीबी की एड-हॉक कमेटी का प्रेसिडेंट पूर्व क्रिकेटर तमीम इकबाल को बनाया है। इस पद पर आने के बाद उन्होंने देश के घरेलू महिला और पुरुष क्रिकेटरों के लिए एक बड़ा ऐलान किया है। ऐसा इसलिए क्योंकि वे घरेलू क्रिकेटरों की मैच फीस को जानकार हैरान थे। तमीम इकबाल ने महिला और पुरुष क्रिकेटरों की सैलरी में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। तमीम को हाल ही में 11 सदस्यों वाली कमेटी का हेड बनाया गया था, जिसे बीसीबी की रेप्युटेशन वापस लाने का काम सौंपा गया था। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के मुताबिक, तमीम इकबाल ने ये जानकार हैरानी जताई कि पहले एक महिला क्रिकेटर को एक दिवसीय मैच के लिए महज 1000 बांग्लादेशी टका यानी लगभग 8 अमेरिकी डॉल (754 रुपये) मिलते थे। ये मैच फीस भी कुछ साल पहले ही बढ़ाई गई थी तो आपको अंदाजा लग गया होगा कि पिछली सैलरी क्या होगी। इसी रिपोर्ट में आगे बताया गया कि अब महिला क्रिकेटरों को एक दिवसीय घरेलू मैचों के लिए लगभग 120 अमेरिकी डॉलर, प्रथम श्रेणी मैचों के लिए लगभग 160 यूएस डॉलर और टी20 के लिए लगभग 80 यूएस डॉलर मिलेंगे। वहीं टॉप 36 महिला घरेलू क्रिकेटरों की महीने की सैलरी लगभग 240 यूएस डॉलर से बढ़ाकर लगभग 320 यूएस डॉलर कर दी गई है।

## एशियन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में भारतीय महिला टीम का जलवा, एक साथ जमाया 4 गोल्ड मेडल पर कब्जा

नई दिल्ली, 9 अप्रेल। भारतीय महिला टीम ने एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। टूर्नामेंट में टीम इंडिया ने मेडल तालिका में टॉप किया है। भारत ने कुल 10 मेडल अपने नाम किए जिसमें से 4 गोल्ड हैं। भारत की खिलाड़ियों ने अलग-अलग कैटेगरी में ये कमाल किया है।भारत की महिला टीम ने कोच सैंटियागो नीवा के मार्गदर्शन में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस दौरान भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह भी मौजूद रहे। जहां मीनाक्षी ने 48 किग्रा की कैटेगरी में गोल्ड जीतकर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने मंगोलिया की नोमुंडारी एन्ख अमलगान र 5-0 से जीत हासिल की।

## बैडमिंटन एशिया में बड़ी तकनीकी चूक, बिना हॉकआई के खेलने पर एच.एस. प्रणय ने उठाए गंभीर सवाल

नई दिल्ली, 9 अप्रेल। बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के दौरान भारत के खिलाड़ियों के लिए दिन कुछ खास नहीं रहा और इसके साथ ही तकनीकी सुविधाओं को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। चीन के निंगबो में चल रहे इस टूर्नामेंट में भारतीय शटलर एच एस प्रणय ने कोर्ट नंबर दो पर हॉकआई तकनीक की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई है। बता दें कि प्रणय को दूसरे दौर में चीन के खिलाड़ी वेंग होंग यांग के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। मौजूद जानकारी के अनुसार, उन्होंने मुकाबले में वापसी की कोशिश जरूर की, लेकिन निर्णायक क्षणों में तकनीकी सहायता न होने को लेकर सवाल खड़े किए।

गौरतलब है कि इसी कोर्ट पर दिनभर हॉकआई उपलब्ध नहीं था, जिससे अन्य खिलाड़ी भी प्रभावित हुए। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु भी अपने मुकाबले के दौरान इस स्थिति से असहज नजर आईं। सिंधु को भी चीन की वांग झी यी के खिलाफ सीधे गेम में हार झेलनी पड़ी। मौजूद जानकारी के अनुसार, हॉकआई तकनीक का इस्तेमाल बैडमिंटन में 2014 से किया जा रहा है, जो शटल के गिरने की सटीक जगह को दिखाने में मदद करता है। ऐसे में बड़े टूर्नामेंट में इसका न होना खिलाड़ियों के लिए असंतोष का कारण बन रहा है। प्रणय ने सोशल मीडिया पर भी इसे लेकर प्रतिक्रिया दी और कहा कि इतने बड़े स्तर के टूर्नामेंट में ऐसी कमी हैरान करने वाली है।

## हरभजन सिंह ने सूर्यवंशी को किया सेल्यूट

नई दिल्ली, 9 अप्रेल। आईपीएल में मुंबई के खिलाफ मैच में राजस्थान के वैभव सूर्यवंशी ने दुनिया के शीर्ष गेंदबाजों में शुमार जसप्रीत बुमराह की पहली गेंद पर छक्का जड़ा था। इसपर अब उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया दी है। वैभव ने कहा कि मैं बस यही कोशिश कर रहा था कि बॉलर को न देखकर बॉल को खेलने का ट्राई करूं। इतने बड़े बॉलर सामने थे तो मैं नर्वस जरूर था, लेकिन मैं खेलने का ट्राई कर रहा था। इसलिए मैंने बुमराह को न देखकर बॉल को देखा।मेरे लिए यह यादगार पल रहेगा कि बुमराह की पहली बॉल पर छक्का मारा था। मुझे यशस्वी जायसवाल ने बोला था कि मारते रहो। वहीं, उनके इस प्रदर्शन पर हरभजन सिंह ने उन्हें सेल्यूट किया। वैभव सूर्यवंशी ने जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर और ट्रेंट बोल्ट की पहली गेंद पर छक्का जड़ा था।

## जयपुर के युवा मार्शल आर्ट खिलाड़ियों ने रचा इतिहास

### इंडिया और एशिया रिकॉर्ड के लिए सफल आधिकारिक प्रयास



जयपुर, 9 अप्रैल। शिवा क्लब मार्शल आर्ट्स अकादमी के युवा खिलाड़ियों ने आधिकारिक एडजुडिकेटर राजा मूकिम की मौजूदगी में इंडिया और एशिया रिकॉर्ड के लिए अपना आधिकारिक प्रयास सफलतापूर्वक पूरा किया। आयोजन ने शहर में मार्शल आर्ट्स के बढ़ते स्तर और युवा प्रतिभाओं की क्षमता को एक बार फिर राष्ट्रीय मंच पर स्थापित किया। 11 वर्षीय विहान जैन ने अपनी शानदार गति और तकनीक का प्रदर्शन करते हुए 1 मिनट में 134 फ्रंट स्लैप किक्स लगाए। पहले से ही इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान बना चुके विहान ने इस प्रदर्शन के साथ एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नया रिकॉर्ड दर्ज कराने की दिशा में मजबूत दावा पेश किया। नेशनल मेडलिस्ट और ब्लैक बेल्ट 2 डैन रक्षत धनोपिया ने 2 किलोग्राम अतिरिक्त वजन के साथ 1 मिनट में 242 एल्बो अटैक कर शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर सुरभि शर्मा ने खिलाड़ियों के समर्पण और मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम में राजेश कुमार (सहायक लेखा अधिकारी प्रथम, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग) भी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं। साथ ही दो बार के पैरा ओलंपियन कृष्णा नागर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## कोटा की बॉक्सर बेटी अरुंधति ने जीता स्वर्ण

कोटा, 9 अप्रैल। मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में 28 मार्च से बॉक्सिंग की एशियन चैंपियनशिप शुरू हुई थी। इसमें भारतीय बॉक्सिंग टीम में कोटा की बॉक्सर अरुंधति चौधरी भी शामिल है जिसने गुरुवार को गोल्डन पंच मारा। अरुंधति ने फाइनल मुकाबला खेलते हुए 4-1 से अपने प्रतिद्वंद्वी कजाकिस्तान की टॉप बॉक्सर बकित सेइडिश को हराया। अरुंधति के शुरुआती कोच कोटा महाबली स्पोर्ट्स एकेडमी कोटा के अशोक गौतम ने बताया कि पूरी तरह से तीन राउंड में एक तरफा मुकाबले जैसा ही रहा है और पूरे मुकाबले में प्रतिद्वंदी बॉक्सर बकित सेइडिश पर भारी रही है। अरुंधति ने सीनियर वर्ग में 70 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता है। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया से लेकर कई लोगों ने उसे बधाई दी है। कोटा की बॉक्सर अरुंधति के पिता और जिला मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष सुरेश चौधरी ने कहा कि उन्हें बेटी पर गर्व है। वह लगातार भारत का नाम ऊंचा कर रही है। आने वाले दिनों में वह ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम में भी भारत का प्रतिनिधित्व करेगी और भारत को यहां भी गोल्ड मेडल दिलाएगी। उनकी मां सुनीता चौधरी ने भी खुशी जताई है। अपनी बेटी के बारे में कहा है कि वह हमारा ही नहीं कोटा और राजस्थान का नाम ऊंचा कर रही है।

## भदौरिया एकेडमी व डीएस एकेडमी जीती



जयपुर, 9 अप्रैल। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय यूथ कप अंडर 17 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गए मैचों में भदौरिया एकेडमी ने आर डी क्रिकेट एकेडमी को 5 विकेट से हराया तथा आर डी एकेडमी ने एमी एकेडमी को 6 विकेट से हराया।

भदौरिया ग्राउंड पर आर डी एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अमन तिरुपानी ने 10 रन, आशीष के 24 रन, आयुष सिंह के 15 रन व विजय प्रजापत के 17 रनो से 32.1 ओवर में 95 रन बनाकर आउट हो गई। भदौरिया एकेडमी के लिए निहाल टांक ने 32 पर 3, आदित्य शर्मा ने एक पर 3, यशवर्धन सिंह ने 19 पर 2 विकेट लिए। जवाबी पारी में भदौरिया एकेडमी ने अनमोल शर्मा के 18 रन, वैभव के 24 रन, निहाल टांक के 27 रनो से 14.2 ओवर में 5 विकेट पर 96 रन बनाकर मैच जीत लिया। आर डी एकेडमी के लिए अमन तिरुपानी ने 23 पर 2, अथर्व सिंह, जतिन व मोहित शर्मा ने एक - एक विकेट लिया। दूसरे मैच में आर जे 14 ग्राउंड पर एमी क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यश शर्मा के 16 रन, मोहम्मद इकराम के 28 रन व एकलव्य के 16 रनो से 33.3 ओवर में 98 रन बनाकर आउट हो गई। डी एस एकेडमी के लिए अक्षय वैष्णव ने 20 पर 3, कुशाग्र ने 16 पर 2, लक्ष्य परासर ने 6 पर 2, तनवीर अहमद व गौरव दहिया ने एक एक विकेट लिया। जवाबी पारी में नरपत चौधरी के 29 रन नाबाद, तनवीर अहमद के 25 रन व कौशलेंद्र सिंह के 12 रन नाबाद से 15.4 ओवर में 4 विकेट पर 99 रन बनाकर मैच जीत लिया। एमी एकेडमी के लिए जय ने 37 पर 2, एकलव्य व मोहम्मद शादाब ने एक - एक विकेट लिया।

## पीएस एकेडमी की जीत में आदित्य, कुणाल, अक्षत चमके



जयपुर, 9 अप्रेल। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वी नवीन नफ़ीस स्मृति प्रतियोगिता के अंतर्गत आज खेले गए मैच में आदित्य चौधरी 76 रन की शानदार अर्ध शतकीय पारी और अक्षत बघेल 13/3 विकेट, कुणाल शर्मा15/3 विकेट की शानदार गेंदबाज़ी की बदौलत नीरजा मोदी अकेडमी को 7 विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नीरजा मोदी अकेडमी ने गौरव साल्वि 63 रन (33 गेंद , 4 चोक्के,6 छक्के) ,चिराग शर्मा 36 रन ने मिलकर 4.5 ओवर मे ही 72 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत की लेकिन अक्षत बघेल13/3 विकेट, कुणाल शर्मा 15/3, की कसी हुई शानदार गेंदबाजी के समक्ष निर्धारित 20 ओवर 9 विकेट खोकर 152 रन ही बना सके। जवाबी पारी में पी एस अकेडमी ने आदित्य चौधरी 76 रन, दीपक चौधरी 37 रन की बदौलत विजय लक्षय 154 रन 3 विकेट खोकर 19 ओवर मे बना आसानी से 7 विकेट से जीत



## राजस्थान बैटरन्स टीम इंदौर रवाना

जयपुर, 9 अप्रैल। मध्य क्षेत्र वेटरन क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु राजस्थान बैटरन्स टीम आज जयपुर से रवाना हुई। टीम अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूरी तरह तैयार है। राजस्थान टीम का पहला मुकाबला 10 अप्रैल को विदर्भ टीम के साथ खेला जाएगा, जबकि दूसरा लीग मैच 11 अप्रैल को मध्य प्रदेश के विरुद्ध होगा। लीग चरण में शीर्ष दो स्थान प्राप्त करने वाली टीमें 11 अप्रैल को ही दोपहर में फाइनल मुकाबला खेलेंगी। टीम का नेतृत्व कप्तान प्रमोद यादव कर रहे हैं, जबकि अभिषेक शर्मा उप-कप्तान की भूमिका में हैं। टीम के खिलाड़ी सह प्रबंधक सनीम खान हैं। राजस्थान वेटरन्स टीम: कप्तान प्रमोद यादव, उप-कप्तान: अभिषेक शर्मा, सह प्रबंधक: सलीम खान, विकेट कीपर दीपक शर्मा। **टीम सदस्य:** प्रमोद यादव, अभिषेक शर्मा, अभिषेक शर्मा, सतीश कुमार, रफीक ओया, बनवारी जाटोलिया, मोहम्मद अशरफ, हनुमत सिंह भाटी, रियाज खान, रोहित सोनी, दिनेश आर्य, सलीम खान, देवेंद्र सिंह, सावन पांचाल, विजेंद्र शेखावत, दीपक शर्मा। राजस्थान वेटरन्स क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. बी. आर. सोनी एवं सचिव मोहम्मद असलम दद्वारा टीम की टी-शर्ट का कल दिनाक 8 अप्रैल को विमोचन किया गया। इस अवसर पर सलीम खान, दीपक शर्मा, रफीक जोया एवं बृजेन्द्र शेखावत (ड्रेस स्पोंसर) भी उपस्थित रहे।

# खेल परिषद में कोचों की स्थाई नियुक्ति की जाए : कृष्णा पूनिया


## अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की पेंशन का शीघ्र निपटारा किया जाये

### एसीएस प्रवीण गुप्ता से मिली



जयपुर, 9 अप्रैल। ओलंपियन और राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की पूर्व अध्यक्ष डॉ. कृष्णा पूनिया ने अतिरिक्त मुख्य सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग से गुरुवार मुलाकात की ओर अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की पेंशन प्रणाली में सुधार करने सहित कई मामलों पर चर्चा की। इस मौके पर पूनिया ने एसीएस प्रवीण गुप्ता को बताया कि वर्तमान नीति में मौजूद कुछ त्रुटियों के कारण प्रदेश के केवल तीन खिलाड़ियों को ही पेंशन का लाभ मिल पा रहा है, जबकि राज्य के लगभग 70 से 80 खिलाड़ी इस श्रेणी के अंतर्गत आते हैं। पूनिया ने आग्रह किया है कि पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की तर्ज पर राजस्थान में भी एक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध प्रक्रिया स्थापित कर खिलाड़ियों के लंबित पेंशन भुगतानों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। पेंशन के साथ-साथ डॉ. पूनिया ने खेल सुविधाओं के विस्तार और प्रशासन पर भी जोर दिया है। उन्होंने राजगढ़ (चूरू) में नवनिर्मित एथलेटिक्स एकेडमी का भवन बनकर तैयार उसमें कमेगी के को तुरंत सुचारू रूप से चालू करने का निवेदन किया है।जिसके ट्रायल भी हो चुके है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद में वर्ष 2023 से लंबित कोचों के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया को भी जल्द पूरा करने की मांग उठाई है, ताकि खेल विभाग की कार्यक्षमता में सुधार हो सके और युवाओं को प्रेरणा मिले।

## दौसा में क्रिकेट का महाकुंभ : डीपीएल सीजन-2 का भव्य आगाज 10 मई से



दौसा, 9 अप्रैल। दौसा जिला क्रिकेट संघ के सचिव श्री बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि जिले में क्रिकेट खिलाड़ियों /प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। दौसा प्रीमियर लीग (डीपीएल) सीजन-2 का भव्य आयोजन 10 मई से होने जा रहा है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जिला क्रिकेट संघ दौसा के तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा, इस टूर्नामेंट को प्रभावशाली और विश्वसनीय बनाने हेतु जिला क्रिकेट संघ के ही खिलाड़ियों को अवसर प्रदान किया जाएगा। डीसीए के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि ऐसे आयोजनों से जिले में क्रिकेट प्रतिभाओं को बड़ा मंच मिलता है और युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर और उनको प्रोत्साहन मिलता है। इस बार डीपीएलसीजन-2 में कुल 16 टीमें भाग लेंगी, जिनमें कुल 240 खिलाड़ियों को ही पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) की अनुमति दी जाएगी। खास बात यह है कि टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों की आयु सीमा 16 वर्ष या उससे अधिक निर्धारित की गई है। आयोजन समिति के अनुसार, यह टूर्नामेंट पूरी तरह प्रोफेशनल तरीके से आयोजित किया जाएगा, जिसमें खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय सुविधाएं और प्रतिस्पर्धा का माहौल मिलेगा। डीपीएलका उद्देश्य जिले में क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना और स्थानीय खिलाड़ियों को पहचान दिलाना है। इस टूर्नामेंट के सभी मैच सायंकालीन (रात) को होंगे । टूर्नामेंट के सफल संचालन के लिए जिले के प्रतिष्ठित लोगों की एक आयोजन समिति बनायी जाएगी साथ ही एक मीडिया सलाहकार समिति होगी जो इस टूर्नामेंट को और भव्यता और प्रचारित करने का काम करेगी। इस टूर्नामेंट की तैयारी हेतु जिले के सभी फॉर्मेट के खिलाड़ियों की ट्रायल मैच 15 अप्रेल से 30 अप्रेल तक टीम बनाकर मैच कराये जायेंगे जिससे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का और अवसर मिल सके । इस अवसर पर डीसीए के वेंकटेश्वर शर्मा , प्रेमसिंह , भावेश शर्मा , हिमांशु तंवर और अन्य लोग टूर्नामेंट को सफल बनाने हेतु प्रमुख भूमिका अदा कर रहे है ।

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR**

No.NIT/2026-27/363-72 **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 009/2026-27** Date:08.04.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रू.) |
|---|---|
| Renewal & Strengthening of BOT Road Bari-Baseri-Bayana-Weir-Bhusawar-Chhokarwara-Kherli Mod-Kherli Road. **UBN: RRC2627WLOB00020** | **4188.78 Lakh** |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

**महाप्रबंधक**

राजस्थान सरकार

**कार्यालय भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी नोखा (जिला बीकानेर)**

क्रमांक-374 दिनांक-07.04.2026

**(अन्तर्गत भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013, धारा 5 एवं राजस्थान-भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम, 2016 नियम 7)**

**सूचना**

संख्या एफ 7(3)/सानि/एएस/2017/डी-17- राजस्थान के राज्यपाल द्वारा राजस्थान-भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम, 2016 के प्रावधानुसार एवं राजस्थान सरकार के राजस्व (ग्रुप-6) विभाग के परिपत्र क्रमांक-प.2016/02 दिनांक 27/01/2017 के निर्देशानुसार नवली गेट नोखा स्थित रेलवे समपार संख्या एलसी 27 पर प्रगतिरत आर ओ बी के निर्माण के लिए भूमि अवाप्ति किये जाने के प्रयोजन से तहसील नोखा जिला बीकानेर के निम्नानुसार प्रभावित गांवों में भूमि अर्जन हेतु जनसुनवाई बैठक का आयोजन किया जाना है :-

| क्र.सं. | गांव का नाम | तहसील | दिनांक | स्थान | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नोखा | नोखा | 29/04/2026 | अधिकारी कार्यालय नोखा उपखण्ड | प्रातः 11:30 बजे |

इस जनसुनवाई बैठक में समस्त प्रभावित व्यक्तियों एवं जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं (उपखण्ड अधिकारी) नोखा**

**DIPR/C/6667/2026**

# भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार मेट्रो विस्तार की योजना बनाये- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने जयपुर मेट्रो की प्रगति बैठक में सभी प्रमुख मार्गों को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ने के निर्देश दिये

जयपुर, 9 अप्रेल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जयपुर मेट्रो फेज-2 जयपुर शहर के समग्र विकास का ग्रोथ इंजन सिद्ध होगा। उन्होंने केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा इस फेज की मंजूरी दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे शहर के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र सीतापुरा एवं वीकेआई को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और आमजन को सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।

शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जयपुर मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति एवं विस्तार को लेकर बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने प्रहलादपुरा से टोडी मार्ग तक विकसित होने वाले इस फेज को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के आधार पर चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित करने तथा इसके पहले पैकेज (प्रहलादपुरा से पिंजरापोल गौशाला तक) के वर्क ऑर्डर शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने फेज-2 के अन्तर्गत, डिपो निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने तथा पार्किंग सुविधाओं के समुचित विकास के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेट्रो परियोजनाओं का निर्धारित समय-सीमा एवं नियंत्रित लागत के साथ विकास आवश्यक है। उन्होंने फेज-1सी (बड़ी चौपड़-ट्रांसपोर्ट नगर) एवं फेज-1डी (मानसरोवर-अजमेर रोड चौराहा) की परियोजनाओं को गति देने के भी निर्देश दिए।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जयपुर मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति को लेकर अधिकारियों की बैठक ली।*

- **मेट्रो विस्तार से पहले पैकेज में प्रहलादपुरा से पिंजरापोल गौशाला तक के वर्क ऑर्डर शीघ्र जारी होंगे।**
- **मुख्यमंत्री ने आमेर, जगतपुरा, आगरा रोड़ व हीरापुरा तक मेट्रो विस्तार के मास्टर प्लान पर प्रस्तुतिकरण देखा।**

मुख्यमंत्री शर्मा ने जनसंख्या घनत्व एवं ट्रैफिक के दबाव को ध्यान में रखते हुए भविष्य में दिल्ली रोड एवं सीकर रोड सहित, अन्य मार्गों की दिशा में मेट्रो विस्तार की योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि जयपुर के प्रमुख मार्गों को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ा जाए।

बैठक में बजट वर्ष 2025-26 की अनुपालना एवं मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार, आमेर, जगतपुरा, बगराना (आगरा रोड) एवं हीरापुरा तक मेट्रो विस्तार के मास्टर प्लान का प्रस्तुतीकरण दिया गया। मुख्यमंत्री ने जेडीए एवं जयपुर मेट्रो को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए बहुद्देशीय एलिवेटेड रोड परियोजना के संबंध में निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित, मुख्यमंत्री कार्यालय, नगरीय विकास विभाग, जयपुर मेट्रो कॉर्पोरेशन तथा जेडीए के शीर्ष अधिकारी एवं जयपुर जिला कलक्टर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# युद्ध में अपनी बिचौलिए ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

करेगा। सीज़फायर पाकिस्तान द्वारा "मध्यस्थता" के तहत हुआ है और पाकिस्तान ने दोनों पक्षों के बीच मुद्दों को सुलझाने के लिए परामर्श की पेशकश की। हालांकि, कमज़ोर सीजफायर अब और भी कमजोर दिखने लगा है।

- **ये तो स्थायी शांति होने के आसार नहीं हैं।**

सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है होर्मुज़ स्ट्रेट को तुरंत खोलने का, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग अभी भी अव्यवस्थित है। ईरान ने चेतावनी दी है कि केवल वे जहाज, जिनकी मंजूरी ईरानी अधिकारियों ने दी है, सुरक्षित रूप से होर्मुज़ पार कर सकते हैं। यूके ने यहां मुक्त पारगमन की मांग की है, जबकि ईरान पहले ही इसके लिए कुछ शुल्क की बात कर रहा है। सीज़फायर को बनाए रखने में एक और बड़ी बाधा यह है कि क्या यह लेबनान और हिज़्बुल्लाह के ऑपरेशनों को कवर करता है या ये वर्तमान सीजफायर के दायरे से बाहर हैं।

पाकिस्तान ने पहले ही अपने दायरे से बाहर जाकर यह कहा कि लेबनान सीज़फायर समझौते का हिस्सा है, जबकि ट्रंप ने इज़रायल के लेबनान ऑपरेशन को सीज़फायर समझौते के बाहर रखा। एक और बड़ी समस्या यह है कि क्या ईरान अपने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम को जारी रख सकता है। अमेरिका और इज़रायल इस बात पर जोर दे रहे हैं कि ईरान का अपना यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम छोड़ना इस पूरी प्रक्रिया का मूल है।

ईरान इस दावे को पूरी तरह खारिज करता है। अमेरिकी राष्ट्रपति का कहना है कि ईरान द्वारा परमाणु कार्यक्रम को छोड़े बिना और संवर्धित यूरेनियम को सौंपे बिना किसी समझौते पर नहीं पहुंचा जा सकता।

अमेरिका का दावा है कि ईरान के पास लगभग 800 पाउंड संवर्धित यूरेनियम है, जो हथियार बनाने योग्य है। ईरान का कहना है कि उसका संवर्धन कार्यक्रम केवल नागरिक उद्देश्यों जैसे परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए है। हालांकि, ऊर्जा संयंत्रों को केवल 3.45 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम चाहिए, जबकि ईरान का स्टॉक 65 प्रतिशत या उससे अधिक संवर्धित है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जोर देकर कहते हैं कि ईरान के वर्तमान 10-बिंदु मांग चार्टर पर कोई बातचीत नहीं हो सकती। ईरान कहता है कि 10-बिंदु कार्यक्रम को स्वीकार किए बिना कोई बातचीत नहीं हो सकती। इस प्रकार, दोनों पक्ष उम्मीद कर रहे हैं कि यह कमजोर शांति मजबूत शांति में बदल जाए और जंग बंद हो। लेकिन इज़रायल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में इतना भारी बमबारी की कि मृतकों की संख्या असाधारण रूप से बढ़ गई। ईरान ने भी अपने क्षेत्रीय पड़ोसियों पर कुछ मिसाइलें और ड्रोन दागे, सीज़फायर समझौते की परवाह किए बिना।

# 'ट्रंप ने दबाव डाला था ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जिसने पूरे संघर्ष के दौरान अपनी तटस्थता पर जोर दिया हो।

मंगलवार को ट्रम्प की समयसीमा नजदीक आने पर, पाकिस्तान के फील्ड मार्शल ने ट्रम्प, उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ़ सहित, शीर्ष अमेरिकी अधिकारियों को कई कॉल किये। इसके बाद उन्होंने ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची से दो सप्ताह के प्रस्ताव के बारे में बात की, जिसे जल्दी ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ द्वारा सार्वजनिक कर दिया गया। लेकिन परदे के पीछे, "न्यूयॉर्क टाइम्स" की रिपोर्ट के अनुसार, वाइट हाउस ने इस बयान को पहले ही देख लिया था और शहबाज़ शरीफ द्वारा इसे पोस्ट करने से पहले मंज़ूरी दे दी थी।

लेकिन शरीफ, जिन्होंने इस सौदे को पाकिस्तान की पहल के रूप में पेश किया, अपने पोस्ट के शीर्ष पर लिया विषय (सब्जैक्ट) "ड्राफ्ट - पाकिस्तान के पीएम का संदेश एक्स" हटाना भूल गए। कुछ समय बाद, जब ट्रम्प ने होर्मुज़ जलसंधि खोलने के लिए अपना पहला अल्टीमेटम दे दिया, इस बीच मुनीर और अन्य वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारी, ईरानी राजनीतिक और सैन्य नेताओं और वाइट हाउस के बीच संदेश पहुँचाने में व्यस्त थे। रिपोर्टों के अनुसार, उन्होंने इस्लामाबाद को शांति शिखर सम्मेलन के स्थल के रूप में प्रस्तुत किया, अमेरिका द्वारा ड्राफ्ट किए गए प्रस्ताव के 15-बिंदु साझा किए और 45 दिन से लेकर दो सप्ताह तक के युद्धविराम के विकल्प पेश किए। ईरान ने इसके जवाब में अपने पांच और दस-बिंदु वाला प्रस्ताव भेजा।

दोनों पक्षों की मांगों में काफी दूरी थी लेकिन समय के साथ ईरान कथित रूप से, अपने यूरेनियम के भंडार पर सीमाएं स्वीकार करने और उन्हें कम करने के विचार के प्रति सहमत हो गया।

वार्ता से परिचित लोगों के अनुसार, अराघची और तेहरान के अन्य राजनीतिक नेताओं ने कई दिन पहले ही अस्थायी होर्मुज़ युद्धविराम पर सैद्धांतिक सहमति दे दी थी। लेकिन उन्हें इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आई आर जी सी), जो ईरान की प्रमुख सैन्य और राजनीतिक शक्ति है, से अंतिम मंजूरी लेने में कठिनाई हो रही थी। सप्ताहों की भारी अमेरिकी और इज़राइली बमबारी के बाद, युद्ध विराम को लेकर आई आर जी सी विभाजित था। सूत्रों ने कहा कि ईरानी बलों के कुछ तत्व युद्ध समाप्त करने, होर्मुज़ पर नियंत्रण ढीला करने और अमेरिकियों के साथ वार्ता फिर से शुरू करने के विरोध में थे। इसके बाद मंगलवार को एक ईरानी ड्रोन हमले ने सऊदी पेट्रोकेमिकल केन्द्र जुबैल को निशाना बनाया, जिसे एक पाकिस्तानी अधिकारी ने "वार्ता को विफल करने का आख़िरी प्रयास बताया।" इस्लामाबाद, जिसका सऊदी अरब के साथ एक पारस्परिक रक्षा समझौता है, ने इस पर आक्रोशपूर्व प्रतिक्रिया दी, और तेहरान को संकेत दिया कि ये हमले शांति प्रयासों को नष्ट कर सकते हैं और ईरान को अलग-थलग कर सकते हैं।

अब तक, पाकिस्तान, जिस पर ईरान ने हमला नहीं किया है, ने संघर्ष के दौरान तटस्थ रहने की कोशिश की, जबकि सऊदी अरब पर कई बार मिसाइल और ड्रोन हमले हुए।

इसके बाद, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन ने बुधवार दोपहर को शरीफ के साथ हुए फोन-कॉल में, वार्ता के लिए प्रतिनिधि इस्लामाबाद भेजने पर सहमति दी।

# शुक्रवार को नीतीश ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

संभावना है। शाम को भाजपा ने बिहार से सम्बन्धित एक विशेष बैठक निर्धारित की है, जिसमें नए मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम निर्णय होने की संभावना है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और राज्य मंत्री नित्यानंद राय को शीर्ष उम्मीदवार माना जा रहा है।

11 फरवरी को नीतीश पटना लौटेंगे और आगे दो दिनों तक वे मुख्यमंत्री बने रहेंगे। इसका कारण यह है कि हिन्दू 'खरमास' 13 अप्रैल को समाप्त हो रहा है। भाजपा नेता चाहते हैं कि नये मुख्यमंत्री 14 अप्रैल को शपथ लें। संभावना है कि कुमार 13 अप्रैल को एनडीए विधायक दल की बैठक के बाद अपने पद से इस्तीफा देंगे। यह एक विडंबना ही है कि कुमार को खरमास अवधि के दौरान ही राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेनी पड़ रही है।

कुमार, जो कद्दावर समाजवादी नेताओं में अंतिम नेता हैं, ने अपने राजनीतिक जीवन के अंतिम चरण का अन्त अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण तरीके से किया है। उन्होंने भी अपने पूर्ववर्तियों का उदाहरण अपनाया और सत्ता को भाजपा के साथ चलाया और अन्त में उसी को सौंप दिया।

जॉर्ज फर्नांडीस ने अपनी समता पार्टी का भाजपा के साथ तालमेल रखा और वाजपेयी सरकार में रक्षा मंत्री बने। राम विलास पासवान, शरद यादव और खुद कुमार भी भाजपा सरकार में केन्द्रीय मंत्री रहे। हाल ही में, उपेन्द्र कुशवाहा जैसे लोग भी भाजपा के साथ तालमेल बैठा चुके हैं।

# कांग्रेस ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

करीब आयोजित किया जा रहा है।

कांग्रेस ने भाजपा द्वारा मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन किये जाने का मुद्दा भी उठाया है, क्योंकि इस प्रकार से भाजपा चुनाव में महिला मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है, भले ही विधेयक पास न हो।

लेकिन भाजपा अपने नाटकीय प्रदर्शन और ड्रामेबाज़ी के लिए जानी जाती है और विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस, ममता बनर्जी और तमिलनाडु में स्टालिन पर हमले का कोई अवसर नहीं चूकती।भाजपा के लिए सब कुछ चुनाव केन्द्रित है और यह देखना होगा कि वे चुनाव जीतने के लिए कितनी दूर तक जा सकते हैं।

# क्या राघव चड्ढा ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

साथ ही, राजनीतिक हलकों में वैकल्पिक परिदृश्यों पर चर्चा हो रही है, जैसे जिनमें पार्टी में पुनः मेलजोल से लेकर अन्य राजनीतिक मंच पर जाने जैसी चर्चाएं शामिल हैं। फिलहाल, ये सभी केवल अटकलें हैं।

स्पष्ट यह है कि चड्ढा की राजनीतिक यात्रा एक मोड़ पर है। उनके हाल के संकेत-सूक्ष्म लेकिन जानबूझकर दिए गए हैं, ने यह सुनिश्चित किया है कि वे चर्चाओं का हिस्सा बने रहें, भले ही पार्टी में उनका औपचारिक पद कमजोर दिख रहा हो। यह पल एक बड़े राजनीतिक कदम में बदलता है या आप के भीतर पुनर्संयोजन तक सीमित रहता है, यह आने वाले महीनों में पार्टी के भीतरी समीकरणों पर निर्भर करेगा। तब तक, चड्ढा का दिलचस्प विचार राजनीतिक पर्यवेक्षकों की जिज्ञासा बनाए रखेगा।

# 'होर्मुज़ ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा है कि सरकार देश में एलपीजी संकट से लड़ने की कोशिशें कर रही है। फिलहाल तो देश में एलपीजी गैस सिलेंडर्स की आपूर्ति सुचारू रूप से बनी हुई है। मंत्रालय ने जानकारी दी कि देश में हर दिन 58 लाख से ज्यादा घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर्स की उपलब्धता को भी बढ़ा दिया गया है, जो अब करीब 70 फीसदी तक पहुंच गई है।

# बारामती ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

फडणवीस के एक फोन के बाद ही यह फैसला लिया गया और प्रैस कॉन्फ्रेंस कर बारामती उपचुनाव से कांग्रेस का उम्मीदवार वापस लेने की घोषणा कर दी।









राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908